श्रावण मास, कृष्ण पक्ष, 22 वर्ष, अंक 159, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | शनिवार 8 जुलाई 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## गीताप्रेस की स्थापना ने गुलामी के समय में समाज को जगाया, लुप्तप्राय ज्ञान और विरासत को बचाने को प्रेरित किया: पीएम

# विकास और विरासत की धरोहर है गीता प्रेस : पीएम



**गोरखपुर। प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को गीताप्रेस के शताब्दी वर्ष समापन समारोह में कहा कि गीताप्रेस विकास और विरासत की धरोहर है। गीताप्रेस एक जीवंत आस्था है। इनके नाम और काम दोनों में गीता है। जहां गीता है वहां कृष्ण हैं। जहां कृष्ण हैं, वहां करुणा है। जहां वासुदेव हैं वहीं सबकुछ है। गीताप्रेस की आध्यात्मिक ज्योति से मानव जाति का उत्थान हो रहा है। उन्होंने कहा कि इस ऐतिहासिक अवसर पर गीताप्रेस को गांधी शांति पुरस्कार दिया गया है। गांधी जी का इससे बहुत लगाव था। उन्होंने ही यह सुझाव दिया था कि कल्याण पत्रिका में विज्ञापन न छापा जाय। इसका आज भी ध्यान रखा जा रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि करोड़ों में छपने वाली यहां की पुस्तकें न सिर्फ लागत से आधे मूल्य में मिलती हैं बल्कि घर पहुंचाई जा रहीं हैं। उन्होंने कहा कि गीताप्रेस भारत को जोड़ती है। देश के हर कोने तक इसकी पहुंच है। यह भारतीय विचारों के मूल भावना को जन-जन तक पहुंचाने वाली संस्था है। गीताप्रेस, एक भारत श्रेष्ठ भारत की प्रेरणा देती है। इस प्रकार का योग केवल संयोग नहीं है। उन्होंने कहा कि गीताप्रेस की स्थापना ने गुलामी के समय में समाज को जगाया। लुप्तप्राय ज्ञान और विरासत को बचाने को प्रेरित किया। मूल्यों और आदर्शों के सूखते स्त्रोतों को बचाया। गीता का श्लोक "यदा यदा हि धर्मस्य" को पढ़कर उसके मायने बताये। प्रधानमंत्री ने कहा कि गीताप्रेस ने अपने प्रयासों से युवाओं को भारतीय मूल्यों को समझाया और बताया है। गीताप्रेस ने सामाजिक मूल्यों को हमेशा स्थापित किया है। लोगों को कर्मपथ का रास्ता दिखाया है। भारतीय जीवन शैली से परिचित कराने की दिशा में भी गीताप्रेस ने महती भूमिका निभाई है। यह हमें बताता है कि अब गुलामी के प्रतीकों को भुलाने का समय है। इस दौरान प्रधानमंत्री ने आधुनिक और सांस्कृतिक भारत की चर्चा की। उन्होंने कहा कि भारत

### गीता प्रेस से भावनात्मक रूप से जुड़े हुए थे महात्मा गांधी: मोदी

**गोरखपुर/नई दिल्ली: प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को गोरखपुर में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गीता प्रेस को करोड़ों लोगों के लिए एक मंदिर की संज्ञा देते हुए कहा कि यह संस्था एक जीवित आस्था है जिससे महात्मा गांधी भी भावनात्मक रूप से जुड़े हुए थे।

प्रधानमंत्री शुक्रवार को यहां गांधी शांति पुरस्कार 2021 से सम्मानित प्रकाशक गीता प्रेस के शताब्दी समारोह के समापन समारोह में शामिल हुए। समारोह के दौरान प्रधानमंत्री ने गीता प्रेस की दो पुस्तकों का भी विमोचन किया। प्रधानमंत्री ने कहा, 1923 में गीता प्रेस के रूप में जो आध्यात्मिक प्रकाश यहां प्रकाशित हुआ, आज उसकी रोशनी पूरी मानवता का मार्गदर्शन कर रही है। 100 साल पहले औपनिवेशिक ताकतों ने भारत का शोषण किया। हमारे गुरुकुल नष्ट कर दिए गए। जब हमारा प्रिंटिंग प्रेस सक्षम नहीं था अपनी उच्च लागत के कारण प्रत्येक नागरिक तक पहुंचने के लिए गीता प्रेस मार्गदर्शक शक्ति बन गई। हम सभी इस संगठन के शताब्दी समारोह के साक्षी बनने के लिए भाग्यशाली हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, गीता प्रेस के 100 वर्ष पूरे होने के अवसर पर, हमारी सरकार ने गीता प्रेस को गांधी शांति पुरस्कार से सम्मानित किया है।

### पीएम ने वंदेभारत ट्रेन को दिखाई हरी झंडी

**गोरखपुर। गीताप्रेस** शताब्दी वर्ष समारोह के समापन कार्यक्रम के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गोरखपुर रेलवे स्टेशन पहुंचे। प्रधानमंत्री ने गोरखपुर से अयोध्या होकर लखनऊ तक जाने वाली अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त वंदेभारत एक्सप्रेस ट्रेन को झंडी दिखाकर रवाना किया। इसके बाद उन्होंने गोरखपुर रेलवे स्टेशन के रिमॉडलिंग प्रोजेक्ट का शिलान्यास किया। इस पर 693 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत आएगी। इस प्रोजेक्ट में गोरखनाथ मंदिर, गीताप्रेस का अक्स दिखेगा। स्टेशन शॉपिंग मॉल जैसी सुविधाओं से युक्त होगा।

पीएम का गोरखपुर दौरा : भारत-नेपाल सीमा पर रही चौकसी

महराजगंज। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गोरखपुर आगमन के मद्देनजर भारत-नेपाल सीमा पर निगहबानी तेज रही। गुरुवार की शाम से शुरू हुई चौकसी शनिवार की शाम तक प्रधानमंत्री मोदी के जाने तक चुस्त बनी रही। दरअसल, महराजगंज जनपद की 84 किलोमीटर लम्बी सीमा नेपाल से लगती है। यहां से घुसपैठियों और अराजकतत्वों की आवाजाही बनी रहती है। एसएसबी जवान इन्हें आये दिन अंकुश में करते रहते हैं। इसको देखते हुए सुरक्षा एजेंसियों ने भारत नेपाल सीमा पर चौकसी बरतने की सलाह दी थी। इसके बाद एसएसबी ने इस क्षेत्र में अपनी गश्त बढ़ा दी थी। सरहद पर डॉग स्क्वायड व मेटल डिटेक्टर की मदद से नेपाल से आने वालों और उनके सामानों की जांच होती रही।

## राहुल गांधी को गुजरात हाई कोर्ट से बड़ा झटका



कांग्रेस नेता राहुल गांधी को मिली मानहानि की सजा बरकरार रहेगी

अहमदाबाद। मोदी सरनेम मामले में कांग्रेस नेता राहुल गांधी को मिली मानहानि की सजा बरकरार रहेगी। गुजरात हाई कोर्ट ने शुक्रवार को अपने फैसले में निचली अदालत के दो साल की सजा के फैसले को बरकरार रखा। हाई कोर्ट ने राहुल की पुनर्विचार याचिका कर दी। सूरत सेशन कोर्ट ने 23 मार्च 2023 को राहुल गांधी को दोषी करार देते हुए दो साल की सजा सुनाई थी। इसके बाद राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता रद्द कर दी गई थी। इस फैसले के खिलाफ 25 अप्रैल, 2023 को राहुल गांधी ने गुजरात हाई कोर्ट में पुनर्विचार याचिका दायर की थी। दो मई को गुजरात हाई कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया था।

आज के फैसले पर कांग्रेस ने कहा है कि वह सुप्रीम कोर्ट में अपील करेगी।

### भारत नहीं चला रहा संकीर्ण आर्थिक गतिविधियां: डॉ. एस.

**डोडोमा। भारतीय** विदेश मंत्री एस जयशंकर तंजानिया दौरे पर पहुंचे हैं। वहां उन्होंने कहा है कि कुछ अन्य देशों के विपरीत भारत एक अधिग्रहीत अर्थव्यवस्था नहीं है और संसाधन संपन्न अफ्रीकी महाद्वीप में संकीर्ण आर्थिक गतिविधियां नहीं चला रहा है। भारतीय विदेश मंत्री ने मिशन आईटी (इंडिया और तंजानिया) के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि यह मिशन इस देश की कुछ सबसे महत्वपूर्ण प्राथमिकताओं को संबोधित करता है। भारत यहां अन्य देशों की तरह संकीर्ण आर्थिक उद्देश्यों के लिए मौजूद नहीं है।

## पटना हाई कोर्ट में जातीय गणना पर सुनवाई पूरी, फैसला सुरक्षित



**पटना। पटना** हाई कोर्ट में पांच दिनों तक चली जातीय गणना की सुनवाई शुक्रवार को पूरी हो गई। कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया है। इस मामले में दायर याचिकाओं पर चीफ जस्टिस केवी चंद्रन की खंडपीठ में सुनवाई पूरी हुई। राज्य सरकार की ओर से महाधिवक्ता पीके शाही ने कोर्ट में पक्ष रखा। महाधिवक्ता ने कहा कि ये सर्वे है, जिसका उद्देश्य आम नागरिकों के सम्बन्ध में आंकड़ा एकत्रित करना, जिसका उपयोग उनके कल्याण और हितों के किया जाना है। उन्होंने कोर्ट को बताया कि जाति सम्बन्धी सूचना शिक्षण संस्थाओं में प्रवेश या नौकरियों लेने के समय भी दी जाती है। शाही ने कहा कि जातियां समाज का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि हर धर्म में अलग अलग जातियां होती है। उन्होंने कोर्ट को बताया कि इस सर्वेक्षण के दौरान किसी भी तरह की कोई अनिवार्य रूप से जानकारी देने के लिए किसी को बाध्य नहीं किया जा रहा है। जातीय सर्वेक्षण का कार्य लगभग 80 फीसदी पूरा हो गया है। ऐसा सर्वेक्षण राज्य सरकार के अधिकार क्षेत्र में है। उन्होंने कोर्ट को बताया कि इस सर्वेक्षण से किसी की निजता का उल्लंघन नहीं हो रहा है। महाधिवक्ता ने कहा कि बहुत सी सूचनाएं पहले से ही सार्वजनिक होती हैं।

इससे पहले हाई कोर्ट ने अंतरिम आदेश देते हुए राज्य सरकार की जातीय व आर्थिक सर्वेक्षण पर रोक लगा दिया था। कोर्ट ने ये जानना चाहा था कि जातियों के आधार पर गणना व आर्थिक सर्वेक्षण कराना क्या कानूनी बाध्यता है। कोर्ट ने ये भी पूछा था कि ये अधिकार राज्य सरकार के क्षेत्राधिकार में है या नहीं। साथ ही ये भी जानना कि इससे निजता का उल्लंघन होगा क्या।

# कांग्रेस भ्रष्टाचार की गारंटी, तो मोदी भ्रष्टाचार पर कार्रवाई की गारंटी है : मोदी




**रायपुर/नई दिल्ली: प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने कांग्रेस को भ्रष्टाचार का पर्याय बताते हुए कहा कि वो अगर भ्रष्टाचार की गारंटी है तो मोदी भ्रष्टाचार पर कार्रवाई की गारंटी हैं। उन्होंने कहा कि जनता ने छत्तीसगढ़ में भ्रष्ट कांग्रेस सरकार को उखाड़ फेंकने का फैसला कर लिया है। प्रधानमंत्री मोदी शुक्रवार को छत्तीसगढ़ के रायपुर में भाजपा की विजय संकल्प रैली को संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के लिए छत्तीसगढ़ एक एटीएम की तरह है। उन्होंने कहा कि घोटालों के आरोप सिर्फ शराब के क्षेत्र तक ही सीमित नहीं हैं, राज्य में कोयला माफिया, रेत माफिया और भू-माफिया भी पनप रहे हैं। यहां सूबे के मुखिया से लेकर तमाम मंत्रियों और अधिकारियों तक पर घोटाले के गंभीर से गंभीर आरोप लगते रहे हैं। आज छत्तीसगढ़ सरकार, कांग्रेस के करप्शन और कुशासन का मॉडल बन चुकी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के कोर-कोर में करप्शन है। करप्शन के बिना कांग्रेस सांस भी नहीं ले सकती है। करप्शन, कांग्रेस की सबसे बड़ी विचारधारा है। विपक्षी एकता पर निशाना साधते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि जिनके दामन दागदार हैं, वे आज एक साथ आने की कोशिश कर रहे हैं। जो एक-दूसरे को पानी पी-पीकर कोसते थे, वे आज साथ आने के बहाने खोजने लगे हैं। उन्होंने कहा, देश के हर भ्रष्टाचारी को एक बात कान खोलकर सुन लेनी चाहिए। वो अगर भ्रष्टाचार की गारंटी है, तो मोदी भ्रष्टाचार पर कार्रवाई की गारंटी हैं। प्रधानमंत्री ने आगे कहा कि ये लोग मेरे पीछे पड़ेंगे, मेरी कब्र खोदने की धमकी देंगे, मेरे खिलाफ साजिशें रचेंगे लेकिन उन्हें पता नहीं है, जो डर जाए वह मोदी नहीं हो सकता है। उन्होंने कहा कि अपने कुशासन और भ्रष्टाचार के दाग को कांग्रेस अब झूठी गारंटियों से छिपाने की कोशिश कर रही है।

### कोरबा : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एलपीजी बॉटलिंग प्लांट और फोरलेन सड़क का किया लोकार्पण

**कोरबा: प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने प्रदेश की राजधानी रायपुर से शुक्रवार को कोरबा जिले के गोपालपुर में स्थापित इंडियन ऑयल कारपोरेशन की 136 करोड़ रुपयों की लागत से निर्मित एलपीजी बॉटलिंग प्लांट और नेशनल हाइवे अर्थॉरिटी के बिलासपुर-कोरबा-पतरापाली तक 1261 करोड़ की लागत से निर्मित 53 किलोमीटर लंबी कोरबा जिले की पहली फोरलेन सड़क का वर्चुअली लोकार्पण किया। यह कार्यक्रम रायपुर में सम्पन्न हुआ। नेशनल हाइवे अर्थॉरिटी के बिलासपुर-अंबिकापुर एनएच-130 के अंतर्गत बिलासपुर से पतरापाली तक बने फोरलेन की लंबाई 53 किमी और निर्माण लागत 1261 करोड़ रुपये है। जिले की यह पहली फोरलेन है। पहले जहां कटघोरा से बिलासपुर तक पीडब्ल्यूडी की सड़क थी, तब राहगीर उक्त दूरी 2 घंटे में तय करते थे। एनएच का फोरलेन बनने के बाद अब करीब 1 घंटे में ही वाहन कटघोरा से बिलासपुर पहुंच रहे हैं। शुक्रवार से फोरलेन की शुरूआत हो गयी, जिसके लिये मोहनपुर और बगदेवा में टोल टैक्स देना होगा।

## जम्मू-कश्मीर में सरकारी धन नहीं होता अब दुरुपयोग: एलजी



**श्रीनगर: जम्मू-कश्मी**र के उप राज्यपाल मनोज सिन्हा ने बेघरों को घर देने के हालिया फैसले का विरोध करने वाले क्षेत्रीय दलों पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि वे दिन गए जब कुछ लोग सरकारी निधि और संपत्ति का जमकर दुरुपयोग करते थे। सिन्हा ने शुक्रवार को श्रीनगर के एसकेआईसीसी में राष्ट्रीय जनजातीय महोत्सव को संबोधित करते हुए यह बात कही। उप राज्यपाल ने कहा कि 2711 भूमिहीन परिवारों को जमीन और बेघर लोगों को घर देने की हालिया घोषणा ने कुछ लोगों को परेशान कर दिया है। इस कदम का लोगों ने विरोध करना भी शुरू कर दिया है। उप राज्यपाल ने कहा, मैं उन्हें बताना चाहता हूं कि वे दिन गए जब वे खुद को सरकारी संपत्ति एवं धन का मालिक मानते थे। वे दिन गए जब वे ऐसे फैसले ले रहे थे जो उनके राजनीतिक हितों के अनुकूल थे। उन्होंने राज्य की जमीन हड़प ली और अपने लिए बड़े-बड़े घर बना लिए तथा गरीबों को कष्ट सहने के लिए छोड़ दिया। वही लोग अब आम लोगों को गुमराह कर रहे हैं। बकौल सिन्हा, बेघरों को घर देने के राज्य प्रशासन के फैसले का नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला, पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती और अन्य क्षेत्रीय दलों के नेताओं के विरोध किया था। उप राज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना जम्मू-कश्मीर को छोड़कर पूरे देश में लागू थी। अब जब यह योजना जम्मू-कश्मीर में भी लागू की जा रही है ।

### भाजपा ने किया चार राज्यों के चुनाव प्रभारियों का ऐलान

**नई दिल्ली: आगामी** लोक सभा और विधान सभा चुनावों के मद्देनजर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने राजस्थान, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और तेलंगाना के चुनाव प्रभारी बनाए हैं।

भाजपा के राष्ट्रीय सचिव अरुण सिंह द्वारा जारी आदेश के अनुसार प्रह्लाद जोशी को राजस्थान का प्रदेश चुनाव प्रभारी और नितिन पटेल और कुलदीप विश्नोई को सह- चुनाव प्रभारी नियुक्त किया गया है। ओम प्रकाश माथुर को छत्तीसगढ़ का प्रदेश प्रभारी और डॉ. मनसुख मांडविया को सह-चुनाव प्रभारी बनाया गया है।

## सत्य की राह कठिन, हम सब राहुल के साथ: कमलनाथ



**भोपाल: गुजरात** हाईकोर्ट ने शुक्रवार को मानहानि केस में राहुल गांधी की सजा को बरकरार रखा है। उनकी याचिका को खारिज कर दिया गया है और इस फैसले के बाद उनके 2024 के चुनाव लड़ने पर भी रोक लग गई है। गुजरात हाईकोर्ट के इस फैसले के बाद मध्य प्रदेश कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने राहुल गांधी को महात्मा गांधी से जोड़ दिया है। उन्होंने कहा कि बापू ने कहा था कि सत्य की रक्षा के लिए सब कुछ दांव पर लगाना है। राहुल गांधी भी सत्य की कठिन राह पर चल रहे हैं। हम सब उनके साथ है। कमलनाथ ने ट्वीट कर गुजरात हाईकोर्ट के फैसले के बाद प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि मानहानि केस में श्री राहुल गांधी के विषय में गुजरात हाईकोर्ट के फैसले के बाद मुझे महात्मा गांधी का कथन याद आता है। बापू ने कहा था कि सत्य का मतलब सत्य बोलना मात्र नहीं है। सत्य का अर्थ है, सत्य की रक्षा के लिए सब कुछ दांव पर लगा देना और बड़ी से बड़ी कुबार्नी देकर भी सत्य से विचलित नहीं होना। श्री राहुल गांधी ने सत्य की ऐसी ही कठिन राह पकड़ी है। हम सब उनके साथ हैं।

### 'यूपी में का बा' वाली नेहा ने ट्वीट किया विवादित पोस्ट, शिकायत दर्ज

**इंदौर। मध्य** प्रदेश के सीधी जिले में आदिवासी युवक के साथ हुए अमानवीय व्यवहार को लेकर 'यूपी में का बा' गाने से सुर्खियां बटोरने वाली लोक गायिका नेहा सिंह राठौर ने ट्वीट किया है। भाजपा ने इसे विवादित बताते हुए उनके खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराई है। नेहा सिंह ने मप्र के सीधी में आदिवासी पर हुए अमानवीय व्यवहार (पेशाब कांड) को इंगित करते हुए एक फोटो ट्वीट किया है, जिसमें एक व्यक्ति सामने बैठे युवक पर लघुशंका करते हुए दिखाया गया है। ट्वीटर पोस्ट में नेहा राठौर ने काली टोपी और खाकी नेकर भी दिखाई है।

## अभिव्यक्ति की आजादी पर नियंत्रण चाहती है सरकार : सिंघवी



**नई दिल्ली: कांग्रेस** नेता अभिषेक मनु सिंघवी ने आज आरोप लगाया कि मोदी सरकार अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर नियंत्रण चाहती है। वह नहीं चाहती कि लोग उनके खिलाफ कुछ बोलें। कांग्रेस नेता अभिषेक मनु सिंघवी ने शुक्रवार को यहां संवाददाता सम्मेलन के दौरान कहा कि गुजरात हाई कोर्ट ने राहुल गांधी के "मोदी सरनेम" मुद्दे पर जो जजमेंट दिया है, वह चौंकाने वाला जरूर है लेकिन अप्रत्याशित नहीं है। सरकार जानबूझकर राहुल गांधी को रोकना चाहती है लेकिन वह एक निडर व्यक्ति हैं। लड़ाई जारी रखेंगे। सिंघवी ने कहा कि यह मामला सिर्फ राहुल गांधी या किसी व्यक्ति विशेष का नहीं है, क्योंकि यह स्वतंत्र बोलचाल और अभिव्यक्ति की बात है। इस सरकार (मोदी सरकार) का उद्देश्य है कि अभिव्यक्ति की आजादी पर नियंत्रण किया जाए। इसीलिए मानहानि के कानून का दुरुपयोग किया गया है। सिंघवी ने कहा कि राहुल सत्य की राह के निडर यात्री हैं। वह भाजपा के झूठ का पदार्फाश करते रहेंगे। उल्लेखनीय है कि राहुल गांधी ने बीते वर्ष एक जनसभा में कहा था कि कैसे सभी चोरों का उपनाम मोदी है? इस मामले को लेकर भाजपा विधायक और गुजरात के पूर्व मंत्री पूर्णेश मोदी ने राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि का मामला दर्ज कराया था। मामले में गुजरात की एक जिला अदालत ने राहुल गांधी को दोषी करार दिया था। इसके कारण राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता चली गई थी। बाद में कांग्रेस मामले को लेकर गुजरात हाई कोर्ट गई थी। इस मुद्दे पर गुजरात हाई कोर्ट ने आज सुनवाई कर "मोदी उपनाम" टिप्पणी के खिलाफ मानहानि मामले में राहुल गांधी की सजा पर रोक लगाने से इनकार कर दिया और सत्र न्यायालय के आदेश को बरकरार रखा। कांग्रेस कार्यकताओं ने गुजरात हाई कोर्ट के इस फैसले का विरोध कर कांग्रेस मुख्यालय के बाहर आज प्रदर्शन भी किया।

## महिला पहलवानों के मामले में बृजभूषण 18 जुलाई को कोर्ट में तलब



**नई दिल्ली। दिल्ली** के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने महिला पहलवानों के यौन शोषण के आरोपों के संबंध में भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष और भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह समेत दो आरोपितों के खिलाफ दाखिल चार्जशीट पर संज्ञान ले लिया है। एडिशनल चीफ मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट हरजीत सिंह जसपाल ने बृजभूषण शरण सिंह और भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व असिस्टेंट सेक्रेटरी विनोद तोमर को 18 जुलाई को कोर्ट में पेश होने का आदेश दिया है।

दिल्ली पुलिस ने 15 जून को राऊज एवेन्यू कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की थी। चार्जशीट में भारतीय दंड संहिता की धारा 354, 354डी, 354ए और 506 (1) के तहत आरोप लगाए गए हैं। दिल्ली पुलिस ने राऊज एवेन्यू कोर्ट में बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ छह बालिग महिला पहलवानों के यौन उत्पीड़न के मामले में चार्जशीट दाखिल की है।

## खबर संक्षेप

### श्रीनाथ तिवारी इं.कालेज में सम्मान समारोह 9 को

**मेजा।** उरूवा विकास के खानपुर गांव स्थिति श्रीनाथ तिवारी इन्टर कालेज में आगामी 9 जुलाई को सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है जिसमे मुख्य अतिथि हरे कृष्ण शुक्ला अंतरराष्ट्रीय जोतिषाचार्य एव वरिष्ठ समाजसेवी विशिष्ठ अतिथि विभव नाथ भारतीय जिला अध्यक्ष भाजपा होगे उक्त आशय की जानकारी विद्यालय के प्रवंधक विजय कुमार तिवारी ने देते हुए बताया कि सम्मान समारोह में इलाके के मशहूर भजन गायक एव सनातन धर्म प्रचारक मिश्र बंधु के द्वारा भजन संध्या का आयोजन भी किया गया है उन्होने उक्त अवसर पर क्षेत्र के अधिक से अधिक लोगो से सम्मान समारोह कार्यक्रम में पहुंचने के लिए अपील किया है श्री तिवारी ने बताया कि कार्यक्रम में आयोजक पंकज तिवारी तथा अध्यक्षता ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि मेजा गंगा प्रसाद मिश्र करेगे।

# अट्ठारह ज़िलहिज्जा जुमा को ईद ए गदीर पर चहुंओर रहा जश्न का माहौल

**अखंड भारत संदेश**

### कहीं सजी महफिल तो जगहा जगहा लगे शर्बत मिठाई छोला चावल व कोल्डड्रिंक आईसक्रीम के स्टाल

**प्रयागराज।** ईद ए गदीर के मौके पर मदरसा अनवारूल उलूम नूर उल्ला रोड ,मस्जिद काजी साहब बख्शी बाजार मस्जिद गदा हुसैन दरियाबाद में जश्न की महफिल में जहां शायरों ने एक से बढ़ कर एक कलाम सुना कर दाद बटोरी वहीं शहर के विभिन्न इलाकों में आम लोगों के लिए स्टाल लगाकर शर्बत ,मिठाई ,समोसा ,छोला चावल , आईसक्रीम , कोल्डड्रिंक ,बिस्किट बच्चों के लिए टॉफी व चॉकलेट आदि बांटे गए।करैली के अस्करी मार्केट के पास करैली के युवाओं ने शीयाने अली के बैनर तले तरहां तरहां की चीजें बांटी तो कोतवाली के पास मोमनीन रानीमंडी की ओर से छोला चावल और मिठाई का वितरण किया गया।वहीं दरियाबाद में मौलाना आमिरुर रिजवी की ओर से शायराना महफिल आयोजित की गई।जिसमें शायरों ने अपने अशआरों से वाह वाही बटोरी बाद महफिल दस्तरख्वान सजा कर लोगों को दावत दी गई।इस मौके पर हुज्जतुल इस्लाम वल मुस्लेमीन मौलाना जव्वाद हैदर रिजवी ने अपनी तकरीर में बताया की इस्लामिक




माह ज़िलहिज्जा की अट्ठारह को गदीर ए खुम के मैदान में पैगम्बरे इस्लाम हजरत मोहम्मद ए मुस्तफा (स०अ०व०)ने अल्लाह के हुक्म से हजरत अली इब्ने अबितालिब को हजारों के मजमे में एक ऊंट पर खड़े हो कर यह ऐलान किया की मन कुंतो मौला फा हाजा अलीयुन मौला यानि जिसका मैं मौला उसके अली मौला।आज से अली मेरे जानशीन होंगे यह अल्लाह का हुक्म है इसकी नाफरमानी करने वाला मेरी नाफरमानी के बराबर होगा।वहीं दायरा शाह अजमल,बख्शी बाजार , दरियाबाद, रानीमंडी,शाहगंज ,चक जीरो रोड,करैली ,करैलाबाग आदि मोहल्लों में दिन भर जश्न का माहौल रहा।कहीं पुरुषों की ओर से तो कहीं महिलाओं की ओर से जश्न की महफिल सजाई गई।नजरों नियाज के साथ मीठे पकवान बने और दस्तरख्वान सजा कर लोगों को दावत भी दी गई।मौलाना जवादुल हैदर व खुशनूद रिजवी की ओर से सभी को बन्द लिफाफे में ईदी भी दी गई।इस मौके पर मौलाना जवादुल हैदर रिजवी , मौलाना सैय्यद रजी हैदर , मौलाना अम्मार जैदी,मौलाना मोहम्मद अब्बास ,मौलाना शहरयार रिजवी , मौलाना आबिद रजा , मौलाना मोहम्मद ताहिर , मौलाना मोहम्मद जावेद ,मौलाना मीर कल्बे अब्बास , मौलाना आमिरुर रिजवी ,खुशनूद रिजवी ,शाहिद अब्बास रिजवी , सैय्यद मोहम्मद अस्करी ,मकसूद रिजवी ,जावेद रिजवी करारवी ,कमाल हैदर वकार रिजवी ,राशिद रिजवी , शाहरुख काजी ,शबीह अब्बास जाफरी ,हुसैन अख्तर ,सूफी हसन ,शीराज रिजवी , निराले भाई आदि शामिल रहे।

## न्यूज झरोखा

### आवास की चाभी पाकर लाभार्थियों के खिले चेहरे




**मेजा।** मेजा के पीएम और सीएम आवास योजना के लाभार्थियों के लिए शुक्रवार का दिन खुशियों से भरा रहा। चयनित जरूरतमंदों को नवनिर्मित घर में प्रवेश करने के लिए अफसरों के साथ जन प्रतिनिधियों ने ताला-चाबी दिया। इससे उनके चेहरे खिल उठे। लाभार्थियों को पीएम के वर्चुअल संवाद का सीधा प्रसारण दिखाया गया।मेजा ब्लॉक के सभागार में पीएम एवं सीएम आवास योजना ग्रामीण लाभार्थियों के लिए वर्चुअल गृह प्रवेश कार्यक्रम को आयोजन किया गया। ब्लॉक प्रमुख मेजा श्रीमती गायत्री मिश्रा,प्रमुख प्रतिनिधि गंगा प्रसाद मिश्र और बीडीओ मेजा ओमप्रकाश ने संयुक्त रूप से प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण वर्ष 2022-23 के लिए रीता देवी पत्नी लवकुश, धीरज कुमार पुत्र शिवशंकर,सियाराम, त्रिभुवन राजबल, बरमदीन लालती देवी पत्नी राजेन्द्र, अखिलेश पुत्र भगौती,सुनीता देवी पत्नी करन कुमार, संदीप कुमार पुत्र बबलू,आशा देवी पत्नी सुशील कुमार,सावित्री देवी पत्नी अजय कुमार को चाभी दी गई।वहीं मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण वर्ष 2022-23 के लिए सोना देवी पत्नी राजेन्द्र, प्रतीमा देवी पत्नी राजकुमार,राधा देवी पत्नी रविशंकर,सुनीता देवी पत्नी फिरी लाल और रोहनी पत्नी रंजीत कुमार को मकान की चाबी दी।

### आवास के 15 लाभार्थियों को सौंपी गई चाबी




**सहसों।** विकास खण्ड सहसों के सभी 45 ग्राम पंचायतों से पात्र 519 लाभार्थियों में से शुक्रवार को 15 लाभार्थियों को प्रतीकात्मक चाबी ब्लॉक प्रमुख गीता सिंह ने सौंपा। 519 पात्र लाभार्थियों में से 314 पूर्ण आवास में से 15 आवास के लाभार्थियों को विकास खण्ड मुख्यालय सहसों के प्रांगण में ब्लॉक प्रमुख गीता सिंह ,भाजपा नेता राकेश बहादुर सिंह सहित अन्य अधिकारियों ने पात्र लाभार्थियों को चाबी सौंपा। इस अवसर पर ब्लाक प्रमुख ने कहा सरकार आवास विहीन लोगों को छत उपलब्ध कराने के लिए कृत संकल्प है। कार्यक्रम के पूर्व वाराणसी में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा हाउसिंग फॉर ऑल कार्यक्रम के तहत आयोजित कार्यक्रम का सीधा प्रसारण उपस्थित लोगों ने ब्लॉक मुख्यालय पर देखा एवं सुना। इस अवसर पर एडीओ पंचायत नरेंद्र दुबे ,एडीओ आईएसबी संजय सिंह, अरुण त्रिपाठी, विजय बहादुर, प्रमुख प्रतिनिधि शिवनारायण सिंह गप्पू , प्रदीप कुमार यादव, मोहम्मद कामरान, अंजनी, जितेन्द्र, ललिता यादव, आसमा सिंह, अविनाश सिंह, राजेश कुमार सिंह, मोहम्मद असलम आदि उपस्थित रहे।

### डॉ. लालजी यादव बने आरपी रस्तोगी इं.का. के प्रधानाचार्य



**प्रयागराज।** आरपी रस्तोगी इंटरमीडिएट कॉलेज फाफामऊ में शुक्रवार को डा. लालजी यादव ने प्रधानाचार्य का पदभार ग्रहण किया। इसके पूर्व डा. लालजी यादव क र्ना ला गा ज इंटरमीडिएट कॉलेज प्रयागराज में प्रवक्ता के रूप में तथा परमहंस श्री रणछोड़ दास इंटरमीडिएट कॉलेज खपटिहा बांदा में प्रधानाचार्य के रूप में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। प्रयागराज में डॉ. लालजी यादव की पहचान एक कुशल विज्ञान शिक्षक तथा विज्ञान संचारक की रही है। प्रबंधक आरपी रस्तोगी ने उन्हें विधिवत कार्यभार ग्रहण कराया तथा यह आशा व्यक्त की कि उनके नेतृत्व में विद्यालय नए गौरव को प्राप्त करेगा। इस अवसर पर हरिश्चंद्र, दूधनाथ पटेल सूचना अधिकारी, जेएन यादव, प्रोफेसर ज्ञान प्रकाश, प्रधानाचार्य अजय कुमार सहित विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाएं तथा कर्मचारी उपस्थित रहे।

### आकाशीय बिजली गिरने से दो भैंस की हुई मौत



**रत्योरा।** कोरांव थाना क्षेत्र के जादीपुर गांव में शुक्रवार को दोपहर बाद दो बजे के आसपास हुई झमाझम बारिश के दौरान आकाशीय बिजली गिरने से चपेट में आकर दो भैंस की मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक विजय बहादुर पाल की तकरीबन एक दर्जन भैंस खेत में चर रही थी। अचानक मौसम का मिजाज बिगड़ा और तेज बारिश होने लगी। इसी बीच आसमान से तेज गड़गड़ाहट के साथ आकाशीय बिजली गिरी और दो भैंस बिजली की चपेट में आ गई और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। जबकि दो भैंस आंशिक रूप से झुलस गईं। हादसे की सूचना पर हल्का लेखपाल रामकुमार वर्मा ने गांव में पहुंचकर घटना का स्थलीय निरीक्षण किया और पशुपालक को यथोचित मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया।

# जंघई रेलवे स्टेशन के निर्माण कार्यों का जीएम ने किया निरीक्षण

**अखंड भारत संदेश**



**जंघई।** महाप्रबंधक उत्तर रेलवे बड़ौदा हाऊस दिल्ली शोभन चौधरी ने जंघई में रेलवे स्टेशन के विकास कार्यों का शुक्रवार को निरीक्षण करके आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। वे रेलवे सैलून से पौने बारह बजे दिन जंघई उतरकर ओवरब्रिज, आरक्षण केंद्र,नव निर्मित भवनों का निरीक्षण करने के पश्चात खुशी जाहिर किया।चार पहिया वाहनों के स्टैंड व स्टेशन परिसर में कराए गए अन्य कार्यों पर दिशा-निर्देश दिया। उपरगामी ओवर ब्रिज, जंघई रेलवे स्टेशन के मेन गेट के जल जमाव, चार पहिया वाहनों के अवैध वसूली से सम्बंधित प्रश्नों पर उन्होंने कहा कि इस स्टेशन की व्यवस्था को देखते हुए उपरगामी ओवर ब्रिज को बनाए जाने का निर्देश दिया गया है तथा मेन गेट पर जल जमाव के संबंध में गांव सभा या रेल विभाग द्वारा पाईप डालने का निर्देश दिया गया है। चार पहिया वाहनों से अधिक पैसा लेने की शिकायत पर मंडल रेल प्रबंधक उत्तर रेलवे लखनऊ सुरेश सपरा एवं सीनियर डीसीएम रेखा शर्मा ने बताया कि साइकिल, मोटर साइकिल स्टैंड के पूर्व स्टैंड संचालक को निरस्त करते हुए नया टैंडर करवा दिया गया है। जल्द ही चार पहिया वाहन के ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।इस अवसर एडीआरएम लखनऊ अश्वनी कुमार, एडीएसटीई रायबरेली भोलानाथ त्रिपाठी, पीआरओ विक्रम शंभू, स्टेशन अधीक्षक वकील सिंह, सीएमई धनंजय सिंह, आईडब्ल्यू रामजी गुप्ता, आरपीएफ इंस्पेक्टर अशोक कुमार, दिनेश पांडेय, पीडब्लूआई ज्ञानेंद्र मिश्रा आदि लोग मौजूद रहे।

## पुलिस की गिरफ्त में आया फरारी काट रहा वांछित, दो वारंटी भी धराए

**शंकरगढ़।** शंकरगढ़ पुलिस ने शुक्रवार को तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है।इसमें एक आरोपी दुष्कर्म के मामले में फरारी काट रहा था। एसओ मनोज कुमार सिंह ने बताया कि धारा 376, 328, 506 के मामले में वांछित चल रहे अभियुक्त श्रीचंद्र यादव को एसआई संतोष कुमार यादव ने अपनी टीम के साथ धर दबोचा।धरा गया अभियुक्त श्रीचंद्र यादव शंकरगढ़ थाना क्षेत्र के सुरबल चंदेल का निवासी है। यह गिरफ्तारी आरोपी के गांव से ही की गई है। दूसरी तरफ शंकरगढ़ पुलिस ने दो वारंटियों को गिरफ्तार किया है।एसआई ऋतुराज सिंह ने कांस्टेबल सुखवीर सिंह व दीप कुमार के साथ धारा 323, 504, 506 से संबंधित वारंटी लोकनाथ पुत्र केशन (निवासी वार्ड संख्या सात, मोदीनगर, कस्बा शंकरगढ़) और हिम्मत पुत्र लोकनाथ (वार्ड सात, मोदीनगर, शंकरगढ़) को शुक्रवार को गिरफ्तार किया गया। दोनों के खिलाफ एसीजेएम 18 के न्यायालय से वारंट जारी किया गया था।

## उरूवा बीडीओ के अशिष्ट व्यवहार से पत्रकारों में रोष

**उरुवा।** शुक्रवार को प्रधान संगठन की बैठक के दौरान खंड विकास अधिकारी उरूवा दिनेश सिंह ने अपने अपरिपक्वता का परिचय देते हुए पत्रकारों से फोटो खींचने व वीडियो ने बनाने की बात कहते हुए कहा कि फोटो खींचने से पहले मुझसे अनुमति लेना चाहिए। शुक्रवार को उरूवा ब्लाक के सभागार में प्रधान संगठन का कार्यक्रम चल रहा था जिसमें प्रधान संघ के पदाधिकारियों के साथ ही बीडीओ भी मंचाशीन थे उसी समय एक अखबार के संवाददाता ने फोटो लेते हुए वीडियो बनाने लगा। ऐसे में तमतमाए बीडीओ ने पत्रकार से कहा कि बिना अनुमति के आप फोटो कैसे ले रहे हैं यह गलत बात है, दूसरे यह कि आपको किसने बुलाया है आप अंदर कैसे आ गये। कार्यक्रम में उपस्थित लोग बीडीओ की बात सुनकर हतप्रभ रह गये। फिलहाल उपस्थित लोगों ने हस्तक्षेप कर मामले को शांत कराया। बताया जाता है कि इससे पहले भी एक बार प्रधान संघ की बैठक के दौरान बीडीओ ने उक्त पत्रकार से बदतमीजी से बात की थी। विभागीय कर्मियों की मानें तो आये दिन बीडीओ ग्राम प्रधानों सहित कर्मचारियों से भी बदतमीजी पेश आते हैं।

# आरएसएस का गुरु दक्षिणा कार्यक्रम आयोजित

**अखंड भारत संदेश**

**मेजा।** शुक्रवार को क्षेत्र के मेजारोड स्थित डीजीएस मैरेज हाल में आरएसएस का गुरु दक्षिणा कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें आरएसएस पदाधिकारी,स्?वयं सेवक व भाजपा पदाधिकारी मौजूद रहे। मौके पर अतिथियों द्वारा भारत-माता की चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित एवं पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में स्वयं सेवकों ने भगवा ध्वज को प्रणाम कर अपना समर्पण समर्पित किया।इस दौरान मुख्य वक्ता प्रांत कार्यवाहक रामबिहारी ने कहा कि आज राष्ट्र जिन परिस्थितियों से गुजर रहा है, उसका समाधान आरएसएस की शाखा ही है, क्योंकि प्रजातंत्र की सफलता प्रबुद्ध नागरिक के कंधों पर होती है। इस देश के नागरिकों को प्रबुद्ध बनाने का काम राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अपने स्थापना काल 1925 से ही करता आ रहा है। संघ अपनी शाखा के माध्यम से अपने स्वयंसेवकों के जिन गुणों को उतारना चाहती है, उसमें यह धरती हमारी मां है, इस पर बसने वाले जितने भी लोग हैं सभी हमारे बंधु बांधव हैं। इस दौरान जिलाध्यक्ष विभव नाथ भारतीय, भाजपा नेता योगेश शुक्ल,वरिष्ठ समाजसेवी नित्यानंद उपाध्याय,मुन्नन शुक्ला,




वरिष्ठ भाजपा नेता जय शंकर पाण्डेय,रईश चंद्र शुक्ला,शिवदत्त पटेल,स्वामी प्रभाकर,प्रमुख प्रतिनिधि मेजा गंगा प्रसाद मिश्रा, पप्पू गौतम , डॉक्टर संगम लाल मिश्रा, जिला कार्यवाहक महेंद्र जी, नाथू गुप्ता,कामेश्वर पटेल, राजू मणि नाथ तिवारी, हरिकांत पाण्डेय, हरिमोहन पाण्डेय और विनय शुक्ला सहित सैकड़ों स्वयं सेवक संघ के पदाधिकारी व सदस्यगण मौजूद रहे।

### दो दिवसीय ओम नमः शिवाय का जाप एवं रुद्राभिषेक कार्यक्रम संपन्न

**नैनी।** नैनी विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी संकट मोचन मंदिर त्रिवेणी नगर (मुक्ता विहार पार्क) में दो दिवसीय 6 एवं 7 जुलाई को ओम नमः शिवाय का जाप एवं रुद्राभिषेक कार्यक्रम विधि-विधान पूर्वक संपन्न हुआ। यह जानकारी देते हुए मंदिर के पुजारी पंडित राजेश मिश्रा, गिरिराज शर्मा व रेनू शर्मा ने देते हुए बताया, कि इस मंदिर में विगत 24 वर्षों से जन सहयोग लेकर कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। गुरुवार से 24 घंटे का ओम नमः शिवाय का जाप एवं रुद्राभिषेक कार्यक्रम किया गया। इस दौरान मंदिर में श्रद्धालुओं के द्वारा भजन, कीर्तन, हवन एवं पूजन -अर्चन किया गया। शुक्रवार को प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। मंदिर में ओम नमः शिवाय का जाप एवं घंटा शंख की आवाज से समूचा क्षेत्र गुंजायमान रहा। इस मौके पर मोहल्ले के तमाम महिलाएं, पुरुष एवं बच्चे शामिल रहे।




## वृक्ष मनुष्य को प्राण वायु अक्सीजन है देता : गंगा प्रसाद मिश्र

**मेजा।** वन जीवन है। इसांन को यदि इस धरती पर जीवित रहना है तो उसे सांस लेने की जरुरत है यदि सांस लेने में ऑक्सीजन नहीं होगी तो हम जीवित भी नहीं होंगे।उक्त बातें प्रमुख मेजा प्रतिनिधि गंगा प्रसाद मिश्र ने वन महोत्सव के तहत मेजा रेंज में वृहद वृक्षारोपण कार्य हुए बतौर मुख्य अतिथि कही।उन्होंने कहा कि जिस तरह से रहना, खाना, पीना, सोना जरुरी है वैसे ही सांस लेना भी अति आवश्यक है। सांस लेने का एकमात्र जरिया है वृक्ष। यदि वृक्ष नहीं होगें तो हम ताजा सांस नहीं ले सकते, हमें जरुरी तत्वों की प्राप्ति नहीं होगी। देखा जाए तो जिंदगी का पर्याय ही वृक्ष हैं। वन क्षेत्राधिकारी मेजा अजय सिंह ने कहा कि इन्हीं वृक्षों को बचाए रखने के लिए भारत में प्रतिवर्ष जुलाई माह के पहले सप्ताह को वन महोत्सव के रुप में मनाया जाता है। पूरे 1 सप्ताह तक चलने वाले इस महोत्सव का उद्देश्य मनुष्यों को वृक्षों के प्रति जागरुक करना है, उनकी महत्वता बताना है।उन्होंने बताया कि 35 करोड़ वृक्षारोपण जन आंदोलन पार्ट -2 के तहत वृक्षारोपण किया जा रहा है। जिसमें आज 51 वृक्ष लगाए गए।उन्होंने बताया कि एक सप्ताह में कुल लगभग 500 वृक्ष विभिन्न स्थानों पर लगाए गए। इस मौके पर पूर्व प्रमुख मेजा जंगीलाल गुप्ता सहित वनकर्मी मौजूद रहे।

# कौड़िहार शिक्षक संकुल गोष्ठी संपन्न

**अखंड भारत संदेश**

### निपुण ब्लॉक बनाने के स्वरूप पर हुई चर्चा, चाय पर चर्चा के दौरान दिखा शिक्षकों के साथ आत्मीय संबंध

**प्रयागराज।** विकासखंड कौड़िहार में बीआरसी पर आज शिक्षक संकुल गोष्ठी का आयोजन किया गया था जिसमें शिक्षक संकुल, अध्यापक प्रतिनिधियों वं एकेडमिक रिसोर्स पर्सन की गोष्ठी खंड शिक्षा अधिकारी ओमप्रकाश मिश्र के नेतृत्व में संपन्न हुई। गोष्ठी के प्रारंभ में सर्वप्रथम जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रयागराज द्वारा प्रसारित गूगल मीटिंग को प्रोजेक्टर पर प्रदर्शित किया गया। इसके बाद खंड शिक्षा अधिकारी ने निर्धारित 16 बिंदुओं के एजेंडे पर अध्यापकों से बात करते हुए निपुण विद्यालय एवं निपुण विकासखंड बनाने की संकल्पना को स्पष्ट किया उन्होंने कहा कि सितंबर 2023 तक प्रत्येक दशा में विकासखंड कौड़िहार को निपुण बना लिया जाएगा। अभी तक के मूल्यांकन में निपुण लक्ष्य प्राप्ति को लेकर प्रदेश में विकासखंड कौड़िहार की प्रथम स्थिति बनी हुई है । इस ऊंचाई को बनाए रखते हुए शतप्रतिशत निपुण लक्ष्य प्राप्त करना हमारा उद्देश्य होगा।




इस दौरान ए आर पी जयसिंह ने निपुण लक्ष्य प्रत्येक बच्चे का मूल्यांकन एवं पिछड़ रहे बच्चे की कमजोरियों पर कार्य करने की बात कही। विष्णु कुमार मिश्र ने 5 टूल किट एवं दीक्षा एप के प्रयोग पर चर्चा की जबकि प्रभाशंकर शर्मा ने ऑनलाइन प्रशिक्षण एवं क्विज में विकासखंड को अग्रणी रखने एवं प्रत्येक अध्यापक से इसे करने हेतु अपील की। अजमल अमीन अंसारी ने संदर्शिकाओं के प्रयोग एवं उस पर आधारित गतिविधियों पर बल दिया। गोष्ठी के उपरांत खंड शिक्षा अधिकारी ने एक खुले सत्र का आयोजन बीआरसी परिसर में किया जिसके तहत चाय पर चर्चा के दौरान अध्यापकों से उनकी समस्याएं एवं शिक्षण के दौरान आने वाली कठिनाइयों पर चर्चा की जिससे अध्यापकों एवं खंड शिक्षा अधिकारी का आत्मीय संबंध प्रदर्शित हुआ। इस कार्यक्रम के उपरांत बीआरसी परिसर में स्थित नवीन वाटिका में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आज ही शुभारंभ हुआ जिसमें खंड शिक्षा अधिकारी एवं अध्यापकों के समूह ने वाटिका में वृक्षारोपण किया। कार्यक्रम के दौरान राधे कृष्ण, बालेंद्र पांडेय, राजेश शुक्ला, मदन मोहन शुक्ला, रामलाल प्रजापति, अविनाश कुमार, सौरभ श्रीवास्तव, अमरावती, पूनम चौधरी, सुधीर कुमार निषाद ,उदय नारायण मिश्र व धीरेंद्र श्रीवास्तव के साथ लगभग 58 शिक्षक संकुल उपस्थित रहे।

# मऊआइमा में अनगिनत हुई चोरियों का आज तक नहीं हुआ खुलासा

**अखंड भारत संदेश**

### अनगिनत बाइकें, पशुओं की चोरी से ग्रामीण खौफजदा

**मऊआइमा।** मऊआइमा क्षेत्र में अनगिनत चोरी की घटनाओं में से किसी भी घटनाओं का आज तक खुलासा नहीं हुआ है। अनगिनत बाइक चोरियां में कोई गिरफ्तारी नहीं हुई। पशु पालकों के मवेशियां चोरी होनी शुरू हो गई है। मऊआइमा क्षेत्र चोरों का चरागाह बन गया है ।महरौंडा में उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में एक पूर्व हजारों की चोरी, ग्राम सुलतानपुर खास पावरहाउस के निकट निवासी रंजीत कुमार कोशल पुत्र अशोक कुमार कौशल की बाइक घर के सामने से चोर उडा ले गए। ग्राम पिलखुआं निवासी विनोद कुमार पुत्र राम कृपाल कंचनपुर चौराहे पर जनसेवा केन्द्र खोले हैं। चोरों ने जनसेवा केन्द्र का ताला तोड़कर लैपटॉप, कम्प्यूटर प्रिंटर नगदी सहित लाखों की चोरी करने में सफल रहे। पुलिस अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया है। इसी प्रकार ग्राम सुलतानपुर खास निवासी दिलीप कुमार पुत्र गंगाप्रसाद केसरवानी के परचून की दुकान में सेंधमारी करके चोरों ने लाखों के माल पर हाथ साफ कर दिए। चार माह पूर्व भी इसी दुकान में लाखों की चोरी हुई थी। ग्राम बसदेहया में शादी समारोह में धर्मवीर पुत्र पारसनाथ की बाइक चोरी। इसी प्रकार ग्राम सरायजीतराय उर्फ पूरे भावा जयसिंहपुर निवासनीय आशा दूबे पत्नी राम शिरोमणि के यहाँ सेंधमारी करके चोरों ने जेवरात, नगदी आदि लगभग आठ लाख की चोर चोरी कर ले गए। ग्राम जाजापुर में शिवकैलाश पुत्र शंकर लाल के घर में चोरों ने जेवरात, नगदी सहित लाखों की चोर चोरी कर ले गए। इसी प्रकार किशन वैश्य पुत्र चन्द्र भूषण ग्राम जाजापुर निवासी के घर में घुस कर जेवरात ,नगदी सहित लाखों की चोरी । बताते हैं कि अनगिनत बाइकें चोरी हो चुकी है। ग्राम घीनपुर के मोहन का पूरा निवासी हकीम उद्दीन पुत्र कुर्बान अली के घर के सामने बंधी एक लाख रुपये मूल्य की कीमती भैंस चोर चोरी कर ले गए। भुक्तभोगी थाने का चक्कर लगा रहा है परन्तु अभी तक मुकदमा नहीं दर्ज किया गया। इसी प्रकार अनेकों लोगों से चोरी की तहरीर पुलिस लेकर मुकदमा नहीं दर्ज करती है। अभी हाल में बकरीद पर दर्जनों बकरों बकरियों, भैंसों की चोरी हो चुकी है।

खबर संक्षेप

## श्रृंगवेरपुर में कल होगी श्रीराम कथा

**श्रृंगवेरपुर धाम।** श्रृंगी ऋषि की तपस्थली व निषादराज की नगरी एवं भगवान श्रीराम-केवट मिलन स्थल श्रृंगवेरपुर धाम स्थित मां भगवती गंगा के तट पर विगत माह की भांति श्रावण मास कृष्ण पक्ष अष्टमी 9 जुलाई रविवार को सायं 3 बजे से श्रीराम कथा का आयोजन किया गया है। आयांजन समिति के पदाधिकारियों ने कथा में भाग लेने की अपील किया है। रामायण मेला आयोजन समिति के महामंत्री उमेशचन्द्र द्विवेदी ने बताया कि पर्यटक सुविधा केंद्र प्रांगण में श्रीराम कथा का भव्य आयोजन रामायण मेला आयोजन समिति श्रृंगवेरपुर धाम द्वारा संचालित श्री राम कथा शोध संस्थान के माध्यम से आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि श्रीराम कथा व्यास गद्दी को बाल व्यास सनातन संस्कृति जनकल्याण समिति व श्रीराम कथा शोध संस्थान के अध्यक्ष अतुल जी महाराज सुशोभित करेंगे। इस अवसर पर संत महात्माओं, समाजसेवी कार्यकताओं, प्रशासनिक कर्मचारियों, अधिकारियों के साथ ही क्षेत्रीय जनमानस का आगमन होगा। कथा के पश्चात सायंकाल मां भगवती गंगा की विशेष आरती का भी आयोजन श्री महाराज जी की उपस्थिति में होगा।

# उ.प्र. विधान परिषद की विशेषाधिकार समिति की बैठक सम्पन्न

### जनप्रतिनिधियों के पत्रों पर अधिकारीगण शीर्ष प्राथमिकता पर करें कार्रवाई

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** विधान परिषद सदस्य विजय बहादुर पाठक की अध्यक्षता में जनपद प्रयागराज एवं फतेहपुर के अधिकारियों के साथ उत्तर प्रदेश विधान परिषद की विशेषाधिकार समिति की बैठक शुक्रवार को सर्किट हाउस, प्रयागराज के सभागार में सम्पन्न हुई, जिसमें विशेषाधिकार समिति के सदस्य पवन सिंह, अशोक अग्रवाल, कुंवर महाराज सिंह, सत्यपाल सैनी, के0पी0 श्रीवास्तव उपस्थित रहे। बैठक में विशेषाधिकार समिति की अध्यक्षता कर रहे विधान परिषद सदस्य श्री विजय बहादुर पाठक ने जनप्रतिनिधियों के साथ हर महीने किसी भी दिन बैठक कराये जाने के लिए कहा है, जिससे जनता की समस्याओं का निस्तारण हो और उसका लाभ समय से मिल पाता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनप्रतिनिधियों के मोबाइल नम्बर समस्त जिलास्तरीय अधिकारियों अपने-अपने मोबाइल में फीड कर लें जिससे कि कोई दूसरा व्यक्ति उसका दुरूपयोग न कर सके साथ ही जनप्रतिनिधियों का फोन अवश्य उठाये, यदि किसी कारणवश फोन न उठा पाये तो कॉलबैक कर जनप्रतिनधियों से बात कर लें, इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता एवं लापरवाही न बरती जाये। अध्यक्ष महोदय व सदस्यों ने जिलास्तरीय अधिकारियों से कहा है संसद/ विधानसभा/परिषद के सदस्यों तथा प्रशासन के बीच सम्बन्ध, सदस्यों के प्रति शिष्टाचार प्रदर्शन आदि विषयों पर विभिन्न विभागों द्वारा जारी किये गये आदेशों की प्रतियॉ, जनपद के समस्त विभागाध्यक्षों के पास उपलब्ध है तो जिलाधिकारी ने बताया कि समस्त विभागाध्यक्षों के पास उपलब्ध है। मुख्य विकास अधिकारी ने शासनादेश के सम्बन्ध में विस्तारपूर्वक जानकारी उपलब्ध करायी। मा0 समिति ने अधिकारियों से पूछा कि प्रशासनिक/जनप्रतिनिधियों के समन्वय की क्या स्थिति है जिस पर अधिकारियों द्वारा बताया गया कि जनप्रतिनिधियों से विभाग द्वारा नियमित समन्वय स्थापित किया जाता है। उन्होने कहा कि क्या जनपदीय अधिकारियों द्वारा शासन द्वारा जारी शासनादेशों के अनुरूप सदस्यों को समुचित सुविधायें/जानकारियं जनपद में उपलब्ध करायी जाती है तो बताया गया कि शासनादेश के अनुरूप सदस्यों को सुविधायें एवं जानकारियॉ समय= पर उपलब्ध करायी जाती है। समिति ने पूछा कि क्या जनपद में समस्त विभागाध्यक्षों के पास जन प्रतिनिधियों द्वारा समय= पर दिये गये पत्रों को अंकित करने हेतु रजिस्टर/कम्प्यूटर आदि की व्यवस्था है तो मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि जनप्रतिनिधियों द्वारा जो शिकायतें/पत्र प्राप्त होते है उनका सम्बन्धित विभागों को भेजकर रजिस्टर में अंकन किया जाता है और शिकायतों के निस्तारण से जनप्रतिनिधियों को अवगत भी कराया जाता है।

विशेषाधिकार समिति ने जानकारी ली कि क्या विधान मण्डल के सदस्यों द्वारा जनपदीय अधिकारियों/कर्मचारियों के विरूद्ध किसी कार्यवाही की संस्तुति वर्ष 2022-23 में की गयी थी तो उस पर कृत कार्यवाही से सम्बन्धित माननीय सदस्य को अवगत कराया गया जिस पर बताया गया कि वर्ष 2022-23 में विधान मण्डल के सदस्यों द्वारा कोई शिकायत प्राप्त नहीं है। पूछा गया कि जिले के प्रशासनिक एवं विभागीय अधिकारियों तथा जन प्रतिनिधियों से सम्पर्क व उनकी दृष्टि में विधान मण्डल के सदस्यों की स्थिति क्या है तो बताया गया कि अतिसम्मानीय है। समिति ने पूछा कि सदन अथवा उसकी समितियों को जिला स्तर से प्राप्त उत्तर की स्थिति क्या है तो बताया गया कि प्राप्त पत्रों पर नियमानुसार कार्यवाही की जाती है। बैठक में पूछा गया कि क्या विधान मण्डल सदस्यों के प्रति समान रूप से समुचित शिष्टाचार एवं सम्मान प्रदर्शित किया जाता है तो बताया गया कि समान रूप से समुचित शिष्टाचार एवं सम्मान प्रदर्शित किया जाता है।

बैठक के अन्त में विशोषाधिकार समिति के अध्यक्ष विजय बहादुर पाठक ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि जनप्रतिनिधियों के साथ सम्मानपूर्वक व्यवहार रखे, उनकी शिकायतों का सर्वोच्च प्राथमिकता पर संज्ञान लेते हुये शासन के निदेर्शानुसार अनुपालन कराना सुनिश्चित करें। केन्द्र एवं प्रदेश सरकार की जो योजनायें संचालित है उसको सबका-साथ, सबका विकास, सबका विश्वास के साथ कार्य करें। अध्यक्ष महोदय ने जनपद में महाकुम्भ-2025 के आयोजन के सम्बंध में की जा रही तैयारियों के बारे में जानकारी ली। कहा कि जो भी परियोजनाएं है, उनको निर्धारित समयावधि में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा करायें। अध्यक्ष महोदय ने नदियों, तालाबों के किनारे-किनारे वृक्षारोपण कराये जाने के लिए कहा है। उन्होंने हर घर नल जल योजना की प्रगति के बारे में भी जानकारी ली। अध्यक्ष महोदय ने अधिकारियों को जनपद में सरकारी योजनाओं से सम्बंधित कार्यक्रमों/ शिलान्यास/ लोकार्पण या लाभार्थियों को योजनाओं से लाभान्वित कराये जाने वाले कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधियों को अवश्य आमंत्रित किए जाने के लिए कहा है। बैठक में जिलाधिकारी प्रयागराज एवं फतेहपुर ने आये हुये उ0प्र0 विधान परिषद के सदस्यों के प्रति आभार प्रकट किया और कहा कि जो भी दिशा निर्देश दिये गये है उसका शत प्रतिशत अनुपालन समस्त अधिकारियों द्वारा सुनिश्चित किया जायेगा। बैठक में पुलिस आयुक्त रमित शर्मा, जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री, जिलाधिकारी फतेहपुर श्रीमती श्रुति, मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार, पीडीए उपाध्यक्ष अरविंद सिंह चौहान, नगर आयुक्त चन्द्र मोहन गर्ग सहित अन्य सम्बंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# अवैध प्लाटिंग के खिलाफ चला पीडीए का बुलडोजर

### अतीक के शार्प शूटर आबिद के दामाद जैद समेत अन्य के खिलाफ प्रशासन ने लिया एक्शन

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** प्रयागराज विकास प्राधिकरण ने माफिया अतीक अहमद के सबसे शार्प शूटर आबिद प्रधान के दामाद जैद मोहम्मद सहित कई अन्य लोगों द्वारा की गई अवैध प्लाटिंग पर शुक्रवार को बुलडोजर चलाया। 45 बीघा जमीन से अधिक की अवैध प्लाटिंग के खिलाफ ये कार्रवाई की गई। पुरामुफ्ती थाना क्षेत्र में करीब 4 घंटे तक प्रशासन की कार्रवाई चली। प्रयागराज विकास प्राधिकरण के जोनल अधिकारी वीपी सिंह के नेतृत्व में जोन संख्या 1 उप जोन प्रयागराज क्षेत्र के अंतर्गत की गई अवैध प्लाटिंग के खिलाफ शुक्रवार को कार्यवाही हुई। जैद खालिद, संजय यादव गुड्डू व अन्य द्वारा रसूलपुर मरियाडीह उपरहार थाना धूमनगंज में करीब 45 बीघे में की गई अवैध प्लाटिंग को बुलडोजर चलाकर ध्वस्त कर दिया गया। इस कार्रवाई में जोनल अधिकारी के साथ-साथ अभियंता अशोक कुमार सिंह, सुपरवाइजर, थाना धूमनगंज की पुलिस मौजूद रही। इस दौरान किसी तरह का विरोध नहीं हुआ और बाउंड्री वॉल को गिरा दिया गया।

# विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान के लिए हुई बैठक

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री की अध्यक्षता में विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत जनपद स्तरीय अंतर्विभागीय समन्वय बैठक कलेक्ट्रेट स्थित संगम सभागार में हुई। जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री ने कहा कि ह्यसंचारी रोगों को हराने के लिए कार्यक्रम में लगी टीम एवं लोगों को प्रशिक्षित करने की जरुरत है। उन्होंने कहा कि बरसात एवं उसके बाद डेंगू, मलेरिया, जलजनित संक्रामक बीमारियों और अन्य संचारी रोगों का प्रसार तेजी से बढ़ने लगता हैं जिसे काबू में रखने के लिए एकजुट होकर रणनीति के साथ कार्य करें। विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान के लिए हुई बैठक। जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री की अध्यक्षता में विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत जनपद स्तरीय अंतर्विभागीय समन्वय बैठक कलेक्ट्रेट स्थित संगम सभागार में हुई। जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री ने कहा कि ह्यसंचारी रोगों को हराने के लिए कार्यक्रम में लगी टीम एवं लोगों को प्रशिक्षित करने की जरुरत है। उन्होंने कहा कि बरसात एवं उसके बाद डेंगू, मलेरिया, जलजनित संक्रामक बीमारियों और अन्य संचारी रोगों का प्रसार तेजी से बढ़ने लगता हैं जिसे काबू में रखने के लिए एकजुट होकर रणनीति के साथ कार्य करें।

**आपदा प्रबंधन पर भी हुई चर्चा :** बैठक में जिलाधिकारी ने बरसात में बाढ़ की स्थिति व आपदा प्रबंधन के लिए सम्बंधित विभागों की भी समीक्षा की। उन्होंने जल पुलिस को बाढ़ संभावित इलाको में पेट्रोलिंग, रसद विभाग को राशन की व्यवस्था, विजली विभाग को रोड लाइट की व्यवस्था, नगर निगम को साफ सफाई और पशु विभाग को मृत पशुओं को हटाने के इंतजामात करने को कहा। शिक्षा विभाग से बच्चो के माध्यम से संचारी रोगों के प्रति जागरूकता फैलाने को कहा । उन्होंने डेंगू कंट्रोल रूम को सक्रिय करने के लिए कहा और लोगों तक यह संदेश पहुंचाने पर जोर दिया कि बुखार का लक्षण दिखे तो एम्बुलेंस की मदद से सीधे अस्पताल पहुंचें।

## न्यूज झरोखा

### संचारी रोग नियंत्रण के लिए 671 टीमें एक्टिव, चिह्नित किए गए 60 हॉट स्पॉट, कुष्ठ रोग, फाइलेरिया व बुखार के मरीजों की बनाएंगे सूची

**प्रयागराज।** बारिश का मौसम आते ही स्वास्थ्य विभाग एक्टिव हो गया। प्रयागराज में 671 टीमें विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान के अंतर्गत कार्य कर रही हैं और 60 हॉट स्पॉट चिह्नित किये गए हैं। इन क्षेत्रो में नाले नालियों की साफ सफाई के साथ एंटीलार्वा का छिड़काव किया जा रहा है। 17 जुलाई से प्रस्तावितह्यदस्तक अभियान में 4464 टीम पूरे जनपद में कार्य करेंगी जिसके अंतर्गत बुखार के मरीजों की जांच की जाएगी । साथ ही टीबी, कुष्ठ, फाइलेरिया, कोविड और बुखार के रोगियों की सूची भी बनाई जाएगी। दस्तक के दौरान जिन मरीजों के अंदर डेंगू के लक्षण पाए जाते हैं, उन्हें चिकित्सीय सेवाएं दी जाएंगी तथा उस घर के आस पास नगर निगम या पंचायती राज विभाग के सहयोग से छिड़काव कराया जाएगा। लोगों को इस संबंध में जागरूक भी किया जाएगा।

### छतनाग घाट पर हो रही कटान रोकने में जुटा सिंचाई विभाग



**झूंसी।** कटान की वजह से माघ मेला क्षेत्र में बनी इंटरलॉकिंग सड़क कटने के बाद अब सिंचाई विभाग जाग गया है और कटान रोकने के लिए विभाग द्वारा बल्ली गाड़ कर बालू भरी बोरिया डाली जा रही है। लोग बोले की यही काम पहले हुआ होता तो सड़क टूटने से बच जाती। सरकार को लाखो का नुकसान भी ना होता।छतनाग घाट पर गंगा की धारा 1 महीने से परिवर्तित होकर किनारे पर आ गई है जिसकी वजह से एक किलोमीटर क्षेत्र में कटान शुरू हो गया है। लोगो की माने तो कटान की गति तेज है। जिसको लेकर लोग चिंतित थे। कटान की वजह से एसटीपी की पाइप लाइन क्षतिग्रस्त होकर टूट गई। पुरानी जीटी रोड से छतनाग मुक्तिधाम होते नागेश्वर मंदिर जाने वाली सड़क भी 500 मीटर दायरे में कट गई। मामले को आप के अखबार अखंड भारत ने कई बार प्रमुखता से प्रकाशित किया तब सिंचाई विभाग ने मामले का संज्ञान लिया और शुक्रवार से मरम्मत का कार्य शुरू कराया।

## नैनी का नया यमुना पुल आज से खोल दिया जाएगा, बेयरिंग बदलने के लिए किया गया था बंद, 22 जुलाई से 5 दिन के लिए दोबारा होगा क्लोज



**नैनी।** नैनी का नया यमुना पुल में यमुना नदी पर बने हैंगिंग ब्रिज को 8 जुलाई से खोल दिया जाएगा। कल से दोनों साइड से वाहनों का आवागमन होगा। इसके बाद 22 जुलाई से 5 दिनों के लिए पुल की दूसरी साइड को फिर से बंद किया जाएगा। इसके बाद पुल हो दोबारा खल दिया जाएगा। नए यमुना पुल की बयरिंग टूट गई थी। इसके अलावा ज्वाइंट एक्सपेंशन में भी खराबी आ गई थी। दोनों को बदलने के लिए यातायात विभाग ने पुल को एक साइड से 7 जून से बंद कर दिया गया था। अब 8 जून को 38 दिन बाद पूरी तरह यातायात शुरू होगा। अभी दूसरी साइड एक बेयरिंग बदलने का काम बाकी है। यह काम 22 जुलाई को शुरू किया जाएगा। इसके लिए 5 दिनों का समय लगने का अनुमान है एनएचए आई के अफसरों के मुताबिक आखिरी बेयरिंग बदलने के दौरान पुल पर भारी वाहनों का प्रवेश वर्जित रहेगा।

## डीपीएस प्रयागराज में मनाया गया वन महोत्सव



**नैनी।** नैनी दिल्ली पब्लिक स्कूल प्रयागराज के सुरम्य प्रांगण में गुरुवार को पर्यावरण संरक्षण को केंद्र बिंदु बनाते हुए वन महोत्सव समारोह का आयोजन किया गया। जिसमे डी० पी० एस० प्रयागराज के शिक्षक एवं विद्यार्थी के साथ-साथ वन विभाग के सदस्यों का भी योगदान रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ विशिष्ट अतिथि अखिलेश पाण्डेय, महावीर कौजलगी (डिविजनल फारेस्ट आफिसर ) आइशा सिंह (डिस्ट्रिक्ट प्रोजेक्ट ऑफिसर प्रयागराज के कर कमलों से दीपप्रज्वलन के साथ विद्यालय की अध्यक्षा सोनू सिंह, प्राचार्या डॉ. सुजाता सिंह, शिक्षकगण, विद्यार्थीगण एवं अतिथिगण की उपस्थिति में किया गया। इस शुभ अवसर पर प्रभातफेरी और वृक्षारोपण कार्यक्रम बहुत ही सराहनीय और प्रेरणादायक रहा। विद्यालय के बच्चों के बीच पौध वितरण किया गया जिसे लगाकर बच्चों ने पर्यावरण संरक्षण में अपना-अपना योगदान दिया। और इसके लिए शपथ ग्रहण करते हुए संकल्प लिया। विद्यालय की प्राचार्या ने सबका हार्दिक अभिनंदन करते हुए पर्यावरण संरक्षण का महत्व बताते हुए अपना- अपना योगदान देने को कहा। विशिष्टि अतिथि ने भी विद्यालय में आयोजित इस महोत्सव की सराहना की और बच्चों का उत्साह वर्धन करते हुए बताया कि वृक्ष हमें प्राणवायु देते हैं, अतः सबको इसमें अपना योगदान देना चाहिए। अपने चारों तरफ हरियाली लाना चाहिए।अंत में राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

## विद्युत टीम ने चलाया चेकिंग अभियान, की बड़ी कार्रवाई

**नैनी।** नैनी क्षेत्र में गुरुवार को विद्युत अधिकारियों की टीम द्वारा नैनी क्षेत्र के विभिन्न मोहल्ले में सघन चेकिंग अभियान चला कर बड़ी कार्रवाई की गई। गुरुवार को उपखंड अधिकारी नितिन बरनवाल के नेतृत्व में विद्युत अधिकारियों की टीम द्वारा क्षेत्र के अंबेडकर नगर, लेबर कॉलोनी, प्रयागपुरम मोहल्ले में जबरदस्त चेकिंग अभियान चलाया गया। जिसमें तकरीबन 100 लोगो के घरों में जांच करने पर कुल 17 लोगों के यहां कटिया लगाए जाने पर विद्युत अधिनियम की धारा 135 के तहत एंटी पावर थेप्ट थाने में एफ.आई.आर. दर्ज करवाया गया। वही साथ ही साथ करीब 7000 रीडिंग स्टोर के मामले भी सामने आए। टीम में नितिन बरनवाल उपखंड अधिकारी नैनी जेलरोड, मंगला प्रसाद अवर अभियंता, विपिन यादव अवर अभियंता, अभिषेक पांडेय अवर अभियंता समेत स्टाफगण मौजूद रहे।

## गैंगस्टर श्रीकांत त्यागी को इलाहाबाद हाईकोर्ट से बड़ा झटका

### हिस्ट्रीशीटर से बताया था जान का खतरा

**प्रयागराज।** नोएडा के गैंगस्टर श्रीकांत त्यागी को इलाहाबाद हाईकोर्ट से बड़ा झटका लगा है। हाईकोर्ट ने त्यागी की सुरक्षा की मांग को लेकर दाखिल याचिका को खारिज कर दिया है। कोर्ट ने सुनवाई के दौरान कहा जिस व्यक्ति ने हिंसा को चुना हो। उसे मानव जीवन मूल्य से कोई मतलब न हो। ऐसे व्यक्ति को सरकार से अपने लिए विशेष सुरक्षा की मांग का अधिकार नहीं है।हाईकोर्ट ने श्रीकांत त्यागी की सभी दलीलों को ठुकराते हुए याचिका को खारिज कर दिया। जानकारी के लिए बता दें कि श्रीकांत त्यागी ने एक हिस्ट्रीशीटर से अपनी जान का खतरा बताया था। जिसके बाद सुरक्षा की मांग को लेकर याचिका दाखिल की गई थी।

## इलाहाबाद हाईकोर्ट का फैसला: कहा- एक की मौत के बाद दूसरी विधवा पत्नी पारिवारिक पेंशन की हकदार नहीं

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा है कि मृतक कर्मचारी की पहली पत्नी की मौत के बाद दूसरी पत्नी को पारिवारिक पेंशन पाने का अधिकार नहीं है। यह आदेश जस्टिस अजित कुमार ने मृतक मुख्य आरक्षी की दूसरी पत्नी विमला देवी की याचिका को खारिज करते हुए दिया है।याची विमला देवी ने मृतक आरक्षी वीरेंद्र सिंह की पहली पत्नी की मौत के बाद पारिवारिक पेंशन उसे दिए जाने की मांग की थी। वीरेंद्र सिंह पुलिस विभाग में मुख्य आरक्षी के पद से सेवानिवृत्त हुए थे। वीरेंद्र सिंह ने पहली पत्नी के जीवन काल में ही दूसरी शादी की थी। उनके निधन के बाद उनकी पहली पत्नी रामबेटी को पारिवारिक पेंशन मिल रही थी। रामबेटी का निधन भी साल 2018 में हो गया था।इसलिए दूसरी पत्नी विमला देवी ने पारिवारिक पेंशन के लाभ के लिए कोर्ट में याचिका दाखिल की। कोर्ट ने कहा कि पहली पत्नी के जीवनकाल में ही कर्मचारी का किया दूसरा विवाह कानूनी अपराध है। इसलिए शून्य विवाह के आधार पर याची को पारिवारिक पेंशन का लाभ नहीं दिया जा सकता।कोर्ट ने विमला देवी की याचिका खारिज करते हुए कहा कि पहली पत्नी को ही मृतक कर्मचारी की कानूनी पत्नी माना जा सकता है। पहली पत्नी के जीवनकाल में दूसरा विवाह कानून में शून्य है। इसलिए दूसरी पत्नी मृतक कर्मचारी की आश्रित के रूप में सेवानिवृत्ति का लाभ पाने की अधिकारी नहीं है।

## मत्स्य विभाग द्वारा संचालित किया गया विभिन्न योजनाएं, विभागीय पोर्टल पर ऑनलाइन करे आवेदन

**प्रयागराज।** वित्तीय वर्ष 2023-24 में मत्स्य विभाग के अन्तर्गत प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना, निषादराज बोट सब्सिडी योजना और मत्स्य पालक कल्याण कोष हेतु विभिन्न मात्स्यिकी परियोजनाओं के लाभ से जनसामान्य को आच्छादित करने के लिए ऑनलाइन आवेदन प्राप्त करने हेतु विभागीय पोर्टल दिनांक- 30.05.2023 से दिनांक 30.06.2023 तक खोला गया था। निदेशक मत्स्य, उ0प्र0 लखनऊ महोदय द्वारा आवेदन करने की अन्तिम तिथि दिनांक 15.07.2023 तक बढ़ाई गयी है विभिन्न मात्स्यिकी परियोजनाओं का विवरण, इकाई लागत, आवेदन करने की प्रक्रिया, आवेदन के साथ संलग्न किये जाने वाले अभिलेख व विस्तृत विवरण एवं विज्ञापन विभागीय पोर्टल पर देखा जा सकता है। इसके अतिरिक्त मत्स्य विभाग के जनपदीय कार्यालय मत्स्य पालक विकास अभिकरण, विकास भवन प्रयागराज से किसी भी कार्य दिवस में विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

## विद्युत विभाग की लापरवाही से किशोरी की मौत, कोहराम

**होलागढ़।** विद्युत विभाग की लापरवाही से करंट की चपेट में आने से बालिका की मौत हो गई । घटना मामले को लेकर घर में कोहराम मच गया । ग्राम प्रधान द्वारा दबाव बना कर आनन-फानन में अंतिम संस्कार कर दिया गया। अब परिजन खुदवा कर पोस्टमार्टम करवाने की मांग कर रहे हैं। बताया जाता है कि होलागढ़ थाना क्षेत्र के सुल्तानपुर अकबर (पंडित का पूरा) निवासी मोतीलाल सरोज पुत्र जोखू लाल की पुत्री 10 वर्षीय पुत्री पुष्पा करंट की चपेट में आ गई । मरणासन्न अवस्था में निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया । जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया । घटना मामले को लेकर घर में कोहराम मच गया ।आरोप है कि ग्राम प्रधान मो. सलमदार पुत्र कैसर लाला बनाते हुए दबाव बनाते हुए अंतिम संस्कार के लिए कहा । जब परिजनों ने विरोध किया तो जान से मारने की धमकी देते हुए लाश का अंतिम संस्कार कुरेशरघाट पर करवा दिया गया । जबकि पीड़ित बार-बार पुत्री के शव को पोस्टमार्टम करवाने की बात कर रहा था । अब परिजनों की मांग है कि शव को खुदवा कर पोस्टमार्टम कराया जाए ताकि न्याय मिल सके। आरोप है कि विद्युत विभाग के जे ई अमित सेठ से कई बार खंभे से लपेटे व नंगे तारों को लेकर लिखित व मौखिक शिकायत की गई थी । उल्टा पीड़ित को जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए फर्जी विभागीय मुकदमे में फंसाने की धमकी दी गई । दबंग पप्पू मिश्रा उर्फ राकेश से हटाने का अनुरोध किया तो जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए शिकायत करने के लिए मना किया गया।

## घर से बैंक जाने को निकली युवती लापता

**प्रयागराज।** प्रयागराज की एक युवती बीते आठ मई से लापता है। परिवार के लोग अनहोनी की आशंका जताते हुए पुलिस थाने का चक्कर लगाते लगाते थक चुके हैं, लेकिन आज तक युवती का पता नहीं चल पाया है। जैसे जैसे समय बीत रहा है परिवार के लोगों का डर बढ़ता जा रहा है, लेकिन पुलिस कारवाई नहीं कर रही है।यमुनानगर के कौंधियारा थाना क्षेत्र में शांति नगर सिमरी गांव निवासी सुमन पटेल (23) पुत्री अशोक कुमार पटेल 8 मई को 11:00 बजे घर से बैंक जाने के लिए निकली थी। उसके बाद वापस नहीं लौटी। अचानक से उसका मोबाइल बंद हो गया। परिवार वालों ने खोजबीन शुरू की, लेकिन कुछ पता नहीं चला। 9 मई को पिता ने पुलिस चौकी और थाने में बेटी की गुमशुदगी की तहरीर दी। पुलिस ने परिजनों को आश्वासन देकर वापस कर दिया। 2 महीने बीतने के बाद भी सुमन का कुछ पता नहीं चला। माता-पिता अनहोनी की आशंका से परेशान हैं।उनका कहना है कि उन्होंने कमला नगर निवासी एक व्यक्ति का नाम भी पुलिस को बताया था। उन्हें शक है कि उनकी बेटी के साथ अनहोनी हो चुकी है, लेकिन पुलिस उनकी गुहार को गंभीरता से नहीं ले रही है। मां बाप का दावा है कि आज भी अगर पुलिस कमला नगर निवासी व्यक्ति को पकड़कर पूछताछ करे तो उनकी बेटी के बारे में सही जानकारी मिल सकती है, लेकिन पुलिस पूछताछ करने से कतरा रही है।

## विद्युत विभाग की लापरवाही से किशोरी की मौत मचा कोहराम, दबाव में किया गया अंतिम संस्कार, पुनः खुदवाकर पोस्टमॉर्टम की मांग

**होलागढ़।** विद्युत विभाग की लापरवाही से करंट की चपेट में आने से बालिका की मौत हो गई । घटना मामले को लेकर घर में कोहराम मच गया । ग्राम प्रधान द्वारा दबाव बना कर आनन-फानन में अंतिम संस्कार कर दिया गया । अब परिजन खुदवा कर पोस्टमार्टम करवाने की मांग कर रहे हैं । बताया जाता है कि होलागढ़ थाना क्षेत्र के सुल्तानपुर अकबर (पंडित का पूरा) निवासी मोतीलाल सरोज पुत्र जोखू लाल की पुत्री 10 वर्षीय पुत्री पुष्पा करंट की चपेट में आ गई । मरणासन्न अवस्था में निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया । जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया । घटना मामले को लेकर घर में कोहराम मच गया ।आरोप है कि ग्राम प्रधान मो. सलमदार पुत्र कैसर लाला बनाते हुए दबाव बनाते हुए अंतिम संस्कार के लिए कहा । जब परिजनों ने विरोध किया तो जान से मारने की धमकी देते हुए लाश का अंतिम संस्कार कुरेशरघाट पर करवा दिया गया । जबकि पीड़ित बार-बार पुत्री के शव को पोस्टमार्टम करवाने की बात कर रहा था । अब परिजनों की मांग है कि शव को खुदवा कर पोस्टमार्टम कराया जाए ताकि न्याय मिल सके । आरोप है कि विद्युत विभाग के जे ई अमित सेठ से कई बार खंभे से लपेटे व नंगे तारों को लेकर लिखित व मौखिक शिकायत की गई थी । उल्टा पीड़ित को जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए फर्जी विभागीय मुकदमे में फंसाने की धमकी दी गई । दबंग पप्पू मिश्रा उर्फ राकेश से हटाने का अनुरोध किया तो जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए शिकायत करने के लिए मना किया गया।

**कार्यालय ग्राम पंचायत सराय दादन, वि.ख. श्रृंगवेरपुर धाम, प्रयागराज**

पत्रांकः मेमो/निविदा/रा.वि.अ./के.वि.अ./वित्तीय वर्ष 2023-24 **अल्पकालिक निविदा** दिनांक 07.07.2023

सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत सराय दादन वि. ख. श्रृंगवेरपुर धाम जनपद-प्रयागराज में वित्तीय वर्ष 2023-24 में राज्यवित्त आयोग, केन्द्रीय वित्त आयोग एवं एस.एल.डब्ल्यू.एम. के अन्तर्गत कराये जाने वाले निम्नवत कार्यों हेतु सामग्री आपूर्ति की निविदा आमंत्रित की जाती है। जो अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय द्वारा दिनांक 07.07.2023 से दिनांक 20.07.2023 तक खुली रहेगी। इच्छुक फर्म फॉर्म शुल्क-500 जमा कर निविदा फार्म प्राप्त करें एवं सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी दरें सीलबन्द लिफाफे में उक्त तिथियों को कार्यालायावधि में जमा कर सकते है जो दिनांक 21.07.2023 को दिन के 12 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष ग्राम पंचायत कार्यालय में गठित समिति के द्वारा खोली जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | प्राक्कलन की धनराशि (लाख में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | आपूर्ति की जाने वाली सामग्री का विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1 | सैग्रीगेशन शेड (आर.आर.सी.) | 350000.00 | 06 माह | ईंट, ईट गिट्टी, सरिया, सीमेंट बालू, स्थानीय बालू, इंटरलांकिंग आर.आर.सी. गिट्टी, आर.आर. सी पिलर, फेशिंग जाली, आयरन दरवाजा, दरवाजा, आयरन खिड़की/खिड़की, आयरन एंगल, पी.वी.सी. पाइप, एल्बो, सेनेटरी फिटिंग, प्लम्बरिंग सामग्री, पेंटिंग सामग्री, इलेक्ट्रिक मैटेरियल इलेक्ट्रानिक मटैरियल ऑफिस एकुइपमेन्ट्स, प्लास्टिक बैंक, डस्टबिन एवं अन्य आवश्यक प्राक्कलन के अनुसार सामग्री |
| 2 | राम आधार के घर से विद्यासागर के घर तक इ.ला. कार्य | 214391.00 | 06 माह | |
| 3 | शोभनाथ के घर से हामिद के खेत तक पक्की नाली निर्माण | 150000.00 | 03 माह | |
| 4 | राधेश्याम के घर से काली माई के थान तक नाली निर्माण | 150000.00 | 03 माह | |
| 5 | ह्यूम पाइप | 100000.00 | 06 माह | |
| 6 | हैण्ड पम्प रिबोर | 100000.00 | 06 माह | |
| 7 | विद्यालया कायाकल्प | 150000.00 | 06 माह | |
| 8 | किशन के घर से सुबेचन्द्र के घर तक पक्की नाली निर्माण | 100000.00 | 03 माह | |
| 9 | दिनेश के मंदिर से राम कैलाश के घर तक इंटरलाकिंग कार्य | 155455.00 | 06 माह | |

शर्ते-1. उपरोक्त सामग्री आपूर्ति हेतु पंजीकृत फर्मों द्वारा वैध प्रमाण पत्र दिखाने एवं प्रमाणित प्रति संलग्न करने पर ही निविदा डाली जायेगी। 2. निविदा कार्य का मूल्य-500 रू. है, निविदा के साथ 100 रू0 का स्टाम्प पेपर संलग्न करना आवश्यक है। 3. निविदा स्वीकृति/अस्वीकृति करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।

सुधांशु पटेल (ग्राम पंचायत अधिकारी) ग्रा.पं. सराय दादन, श्रृंग्वेरपुरधाम, प्रयागराज

गेन्दा देवी (ग्राम प्रधान) ग्रा.पं. सराय दादन, श्रृंग्वेरपुरधाम, प्रयागराज

**कार्यालय ग्राम पंचायत बरईपुर रामनगर वि.ख. श्रृंगवेरपुर धाम, प्रयागराज**

पत्रांकः मेमो/निविदा/रा.वि.अ./के.वि.अ./वित्तीय वर्ष 2023-24 **अल्पकालिक निविदा** दिनांक 07.07.2023

सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत बरईपुर रामनगर वि. ख. श्रृंगवेरपुर धाम जनपद-प्रयागराज में वित्तीय वर्ष 2023-24 में राज्यवित्त आयोग, केन्द्रीय वित्त आयोग एवं एस.एल.डब्ल्यू. एम. के अन्तर्गत कराये जाने वाले निम्नवत कार्यों हेतु सामग्री आपूर्ति की निविदा आमंत्रित की जाती है। जो अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय द्वारा दिनांक 08.07.2023 से दिनांक 20.07.2023 तक खुली रहेगी। इच्छुक फर्म फॉर्म शुल्क-500 जमा कर निविदा फार्म प्राप्त करें एवं सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी दरें सीलबन्द लिफाफे में उक्त तिथियों को कार्यलायावधि में जमा कर सकते है जो दिनांक 22.07.2023 को दिन के 12 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष ग्राम पंचायत कार्यालय में गठित समिति के द्वारा खोली जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | प्राक्कलन की धनराशि (लाख में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | आपूर्ति की जाने वाली सामग्री का विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1 | सैग्रिगेशन शेड (आर.आर.सी.) | 401205.00 | 06 माह | ईंट, ईट गिट्टी, सरिया, सीमेंट बालू, स्थानीय बालू, इंटरलांकिंग आर.आर.सी. गिट्टी, आर.आर. सी पिलर, फेशिंग जाली, आयरन दरवाजा, दरवाजा, आयरन खिड़की/खिड़की, आयरन एंगल, पी.वी.सी. पाइप, एल्बो, सेनेटरी फिटिंग, प्लम्बरिंग सामग्री, पेंटिंग सामग्री, इलेक्ट्रिक मैटेरियल इलेक्ट्रानिक मटैरियल ऑफिस एकुइपमेन्ट्स, प्लास्टिक बैंक, डस्टबिन एवं अन्य आवश्यक प्राक्कलन के अनुसार सामग्री |
| 2 | कचरा वाहन (ई-रिक्शा) | 170000.00 | .... | |
| 3 | सुरेश के घर से रामलीला मैदान तक नाली निर्माण | 133622.00 | 03 माह | |
| 4 | युगल किशेर के घर से जवाहर के घर तक इ.ला. निर्माण | 184995.00 | 06 माह | |
| 5 | गेरऊ के घर से पुरानी इ.ला. तक इ.ला. निर्माण | 150000.00 | 03 माह | |
| 6 | राम कुमार के घर से सत्य नारायण के घर तक नाली निर्माण | 150000.00 | 03 माह | |
| 7 | हैण्ड पम्प रिबोर | 150000.00 | 12 माह | |
| 8 | गौशाला सौन्दर्यीकरण | 184995.00 | 06 माह | |
| 9 | सरकारी बोरिंग से प्यारे के घर तक नाली मरम्मत | 127490.00 | 03 माह | |
| 10 | विद्यालय कायाकल्प | 200000.00 | 06 माह | |
| 11 | गगन मिश्रा के घर से अंजली मिश्रा के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य | 200000.00 | 06 माह | |
| 12 | काली रोड से कब्रिस्तान तक इ.ला. निर्माण | 200000.00 | 06 माह | |
| 13 | सोनू के घर से घाट तक नाली मरम्मत | 100000.00 | 06 माह | |
| 14 | कमल मिश्रा के घर से लम्बरदार के नीचे तक नाली मरम्मत | 120000.00 | 06 माह | |

शर्ते-1. उपरोक्त सामग्री आपूर्ति हेतु पंजीकृत फर्मों द्वारा वैध प्रमाण पत्र दिखाने एवं प्रमाणित प्रति संलग्न करने पर ही निविदा डाली जायेगी। 2. निविदा कार्य का मूल्य-500 रू. है, निविदा के साथ 100 रू0 का स्टाम्प पेपर संलग्न करना आवश्यक है। 3. निविदा स्वीकृति/अस्वीकृति करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।

सुधांशु पटेल (ग्राम पंचायत अधिकारी) ग्रा.पं. बरईपुर रामनगर, श्रृंग्वेरपुरधाम, प्रयागराज

बिन्दु (ग्राम प्रधान) ग्रा.पं. बरईपुर रामनगर, श्रृंग्वेरपुरधाम, प्रयागराज

# आईजीआरएस पोर्टल पर डिफाल्टर श्रेणी की शिकायतों का कराएं निस्तारणः डीएम

## जिलाधिकारी ने परियोजनाओं एवं कार्यो की किया समीक्षा

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी प्रकाश चन्द्र श्रीवास्तव ने विकास भवन के सभागार में शासन की विकास प्राथमिकता वाले कार्यक्रमों एवं 50 लाख रुपए से अधिक की लागत के कार्यो की समीक्षा करते हुये निर्देश दिया कि सभी विभाग अपने कार्यो में आपसी सामंजस्य बनाकर तेजी लाये। जिलाधिकारी ने अधिकाारियों से कहा कि टीम भावना से काम करते हुये कार्यक्रमों को आगे बढ़ाये।



समीक्षा बैठक में बोलते जिलाधिकारी प्रंकाश चंद्र श्रीवास्तव।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि जनपद में शासन द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं एवं विकास कार्यक्रमों का क्रियान्वयन पूर्ण गुणवत्ता व समयसीमा के अन्तर्गत सुनिश्चित किया जाये इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता क्षम्य नहीं होगी। केन्द्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा जो भी योजनायें संचालित की जा रही है उसका लाभ पात्र व्यक्तियों को अवश्य दिया जाये, कोई भी पात्र लाभार्थी योजना से वंचित न रहे इसका विशेष ध्यान दें। उन्होने अधिकारियों को निर्देशित किया कि आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायते डिफाल्टर श्रेणी में कदापि न जाने पाये यदि किसी कारणवश शिकायत डिफाल्टर श्रेणी में चला जाता है तो उसको 02 दिनों के अन्दर निस्तारण कराना सुनिश्चित करें, अन्यथा की स्थिति में सम्बन्धित अधिकारियों के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी। जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि जो पत्रावली प्रस्तुत की जाती है उसमें पताका, शासनादेश और नोटिंग के साथ सुव्यवस्थित ढंग से प्रस्तुत करें जिससे पत्रावली पर आवश्यक कार्यवाही की जा सके। उन्होने कहा कि विभागीय प्रकरण जो हाईकोर्ट से सम्बन्धित हो उनके प्रकरणों का सही उत्तर दें इस पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण एवं मुख्यमंत्री आवास योजना की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने परियोजना निदेशक डीआरडीए को निर्देशित किया कि अपूर्ण आवासों को जल्द से जल्द पूर्ण करायें। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की समीक्षा में सीडीओ ने डीसी एनआरएलएम को निर्देशित किया कि समूहों के खातों को ज्यादा से ज्यादा खुलवाया जाये और उन्हें लाभान्वित करायें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ईशा प्रिया, परियोजना निदेशक डी0आर0डी0ए0 आर0सी0 शर्मा, जिला विकास अधिकारी ओम प्रकाश मिश्र, जिला पंचायत राज अधिकारी रविशंकर द्विवेदी, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी राजेश सिंह सहित जिला स्तरीय अधिकारियों व कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को सौंपी गई चाभी

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** प्रधानमंत्री आवास योजना ;ग्रामीणद्ध एवं मुख्यमंत्री आवास योजना ;ग्रामीणद्ध के अंतर्गत आज शुक्रवार को तुलसी सदन ;हादीहालद्ध में लाभार्थियों को उनके आवास की चाबी सौंपी गई। इस अवसर पर जिलाधिकारी प्रकाश चन्द्र श्रीवस्तवए सदर विधायक राजेन्द्र मौर्याए नगर पालिकाध्यक्ष हरि प्रताप सिंहए भाजपा जिलाधयक्ष हरिओम मिश्राए विश्वनाथगंज विधायक जीत लाल पटेलए सीडीओ ;ब्क्व्द्ध इशा प्रियाए नगर पालिका के अधिशाषी अधिकारी राम अचल कुरील समेत गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इस दौरान सदर विधायक राजेन्द्र मौर्य ने कहा कि केन्द्र सरकार की ये योजना लाभार्थियों के लिए वरदान है। नगर पालिका अध्यक्ष हरि प्रताप सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार की सभी योजनाओं का लाभ जरुरतमंदों को मिल रहा है।



लाभार्थी को प्रमाण पत्र देते विधायक व नपाध्यक्ष।

## निधन पर शोक संवेदना प्रकट करने पहुंचे पट्टी विधायक

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** शुक्रवार को पट्टी के विधायक राम सिंह पटेल पट्टी क्षेत्र के अर्जुनपुर उपाध्यायपुर गांव में पत्रकार मनीष चैधरी के घर पहुंचकर उनके दादा के निधन पर शोक संवेदना प्रकट किया। मनीष चैधरी एक प्रतिष्ठित दैनिक अखबार पत्रकार हैं। 82 वर्षीय उनके दादा राम आसरे चैधरी का हार्ट के ऑपरेशन के दौरान मुंबई शहर में अचानक निधन हो गया। उनके निधन पर पट्टी के विधायक राम सिंह पटेल ने उनके आवास पर पहुंचकर शोक संवेदना प्रकट किया इस दौरान उनके साथ प्रमोद पटेल, मुन्ना पटेल, राम बचन यादव, हजारी वर्मा, बीडीसी शेषमणि सरोज, दिनेश सरोज, गिरजेश, राजेश कुमार, आदि लोग मौजूद रहे।

# पांच परीक्षा केन्द्रों पर हुई बीटीसी तृतीय सेमेस्टर की परीक्षा

## गणित में 113, विज्ञान में 93 व सामाजिक अध्ययन में रहे 88 अनुपस्थित

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** डीएलएड (बीटीसी) प्रशिक्षण तृतीय सेमेस्टर की परीक्षा आज शहर के पांचों केन्द्रों पर हुई। पहली पाली में विज्ञान, दूसरी पाली में गणित तथा तीसरी पाली में सामाजिक अध्ययन की परीक्षाएं सम्पन्न हुई।

विज्ञान की परीक्षा में 2475 परीक्षार्थियों में 93, गणित में 3103 परीक्षार्थियों में 113 तथा सामाजिक अध्ययन में 2400 परीक्षार्थियों में 88 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इस तरह तीनों परीक्षा विषयों में कुल 294 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा केन्द्रों राजकीय इंटर कालेज, राजकीय बालिका इंटर कालेज, केपी हिन्दू इंटर कालेज, लोकमान्य तिलक इंटर कालेज व पीबी इंटर कालेज में सम्पन्न हुई जहां डायट प्राचार्य अषोक कुमार सिंह एवं जिला विद्यालय निरीक्षक सरदार सिंह ने अपने दल-बल के साथ निरीक्षण किया। सभी परीक्षा केन्द्रों पर सकुशल परीक्षा सम्पन्न हुई।



परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण करते डायट प्राचार्य।

## घर में घुसकर चोरी की घटना में अज्ञात पर दर्ज हुआ केस

**लालगंज, प्रतापगढ़।** घर में घुसकर हजारों की नकदी व जेवरात चुरा ले जाने की घटना में पुलिस ने गुरूवार की रात अज्ञात चोर के खिलाफ चोरी का मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के पूरे शिवबक्श भदारी कला गांव की शिवकुमारी वर्मा पत्नी अरविंद वर्मा के अनुसार पन्द्रह जून की रात अज्ञात चोर उसके घर मे घुस आये और आलमारी का ताला तोडकर उसमे रखी पचास हजार की नकदी व हजारों के जेवरात चुरा ले गये। जांच के बाद पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात चोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

## बाउंड्री वॉल के क्षतिपूर्ति के लिए लगाई गुहार

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** तहसील क्षेत्र के रामगंज स्थित मां इंद्रा देवी जूनियर हाई स्कूल के प्रबंधक ने उप जिलाधिकारी पट्टी को क्षतिपूर्ति के लिए गुहार लगाई है। प्रबंधक का कहना है कि स्कूल की सुरक्षा के लिए चारों तरफ से बाउंड्री कराई गई थी बीते 2 जुलाई को अधिक बरसात होने के कारण गिर गई जिससे काफी नुकसान हुआ प्रबंधक धर्म प्रकाश गुप्ता ने इस संबंध में उप जिलाधिकारी पट्टी बाउंड्री वाल के संबंध में क्षतिपूर्ति की मांग की है।

# अग्निकांडों पर प्रभारी नियंत्रण के लिये हर ब्लाक में होंगे सौ-सौ फायर वालेन्टियरः एसपी

## अग्निकाड के आपातकाल में बचाव के लिये 1092 बच्चों को दिया गया प्रशिक्षण

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** अग्नि सचेतक जागरुकता अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल द्वारा पुलिस लाइन स्थित फायर स्टेशन में अग्नि शमन एवं आपात सेवा के सम्बन्ध में प्रशिक्षित किये गये 1092 बच्चों को पशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

इन बच्चों द्वारा फायर ड्रिल/मॉक ड्रिल कराकर लोगों को जागरुक किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रषिक्षित बच्चों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ रही अग्नि दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण के लिये प्रत्येक ब्लाक में सौ-सौ फायर वालेन्टियर बनाये जाने की अपेक्षा की गई है, जिसके अनुपालन में 17 ब्लाकों के सापेक्ष 1700 फायर वालेन्टियर (अग्नि सचेतक) तैयार किये जा रहे है। विगत एक जुलाई से 7 जुलाई तक 236 बच्चे तथा अब तक 1092 बच्चों को प्रषिक्षित किया गया है। एसपी ने कहा कि इन प्रषिक्षित फायर वालेन्टियरों से अग्नि काण्ड की आपात स्थिति में लोगों को कारगर मदद मिलेगी। इस अवसर पर अग्नि शमन अधिकारी प्रभाकर पाण्डेय, सहायक उप निरीक्षक राधेश्याम दुबे, चालक अनिल कुमार राय, सतीश पाल, फायरमैन विजय बहादुर यादव, प्रवीण सिंह, अतुल पाण्डेय, अमित सिंह, महेन्द्र कुमार, उमेष यादव, आनंद खरवार, मणिसेन गौड़, ज्ञानचंद्र, सतविजय यादव एवं राधेष्याम द्वारा फायर से बचाव के विषय में अनेक उपयोगी जानकारी दी गई। अग्नि दुर्घटनाओं में फंसे लोगों को सुरक्षित बाहर निकालने का भी प्रदर्षन किया गया, जिसकी लोगों ने प्रषंसा की।



फायर स्टेशन में बच्चों को सम्मानित करते पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल।

# छापेमारी कर आबकारी टीम ने नष्ट कराये तीस लीटर शराब व लहन

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** आबकारी टीम ने ताबडतोड छापेमारी करके दो जगहों से भारी पैमाने पर अवैध देशी शराब व लहन की बरामदगी की है। लीलापुर थानान्र्तगत हण्डौर गांव में शुक्रवार सुबह करीब सात बजे आबकारी निरीक्षक प्रवीण यादव के नेतृत्व मे आबकारी टीम ने छापेमारी करके अवैध रूप से देशी शराब व लहन की बरामदगी किया। इसके बाद टीम ने केशवपुर में भी छापेमारी करके देशी शराब व लहन की बरामदगी की। आबकारी निरीक्षक प्रवीण यादव ने बताया कि छापेमारी के दौरान हण्डौर और केशवपुर से कुल तीस लीटर अवैध देशी शराब व दो सौ कुन्तल लहन की बरामदगी की गयी है। मौके पर बरामद शराब व लहन को नष्ट कराया गया। इस मामले में कुल तीन अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है।



हण्डौर में छापेमारी के दौरान शराव व लहन को नष्ट करती आबकारी टीम।

## किशोरी से छेडछाड में पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने किशोरी से छेडछाड की घटना को लेकर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के जगन्नाथपुर गांव की पुष्पा सिंह पत्नी दिलीप सिंह ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि तीन जुलाई की शाम पांच बजे गांव के रोहित सिंह पुत्र उमेश सिंह ने अश्लील हरकत करते हुए उसकी नाबालिग पुत्री के साथ छेडछाड की घटना को अंजाम दिया। मामले में जांच के बाद पुलिस ने गुरूवार की रात आरोपी रोहित के खिलाफ छेडछाड का मुकदमा दर्ज किया है।

## घर में घुसकर हजारों की नकदी व जेवरात उड़ा ले गये चोर

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** रानीगंज कैथौला पुलिस चैकी क्षेत्र के जेवई गांव में बीती रात घर मे घुसकर अज्ञात चोर हजारों की नकदी व जेवरात उड़ा लिये। लालगंज कोतवाली के अन्र्तगत जेवई गांव की सुमनी पत्नी सोहन लाल कोरी ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि बीते गुरूवार की रात घर के लोग अंदर कमरे मे सो रहे थे। इस दौरान अज्ञात चोर घर मे घुस आये। कमरे का ताला तोड डाला। अंदर रखे बाक्स का ताला तोडकर हजारों के जेवरात व सात हजार की नकदी तथा कीमती सामान उड़ा ले गये। सुबह परिवार के लोगों की नींद खुली तो घर मे बिखरा सामान देख आवाक रह गये। छानबीन में घर मे चोरी हो जाने की जानकारी हुई। रानीगंज कैथौला चैकी इंचार्ज योगेन्द्र सिंह का कहना है कि तहरीर मिली है, मामले की जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।



जेवई गांव के एक घर में हुई चोरी के बाद बिखरा सामान।

# होमगार्ड से इश्क फरमा रही विवाहिता, पति से नाता तोड़ा

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** पट्टी कोतवाली इलाके के अमुवाही गांव के रहने वाले एक युवक ने बताया कि उसकी शादी एक वर्ष पूर्व हुई थी। शादी के बाद से ही पत्नी किसी से बातें करती थी जिसका विरोध युवक ने कई बार किया लेकिन नहीं मानी हद तो तब हो गई जब वह अपने मायके गई और अपने प्रेमी के साथ फोटो खींचकर पति के पास भेजी तो पति हैरान रह गया। पति ने उक्त पत्नी के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली क्षेत्र के अमवाही गांव के रहने वाले एक युवक ने तहरीर देकर बताया कि उसकी शादी 1 वर्ष पूर्व हुई थी। शादी के बाद से ही पत्नी किसी और युवक से बात करने लगी जिसका विरोध युवक कई बार किया लेकिन वह बात करने से नहीं मानी और ससुराल से अपने के गई वहां से प्रेमी होमगार्ड के साथ चली गई। और अश्लील फोटो खींचकर अपने पति के पास भेजी फोटो देखकर वह परेशान हो गया।

शुक्रवार की दोपहर पति कोतवाली आया पत्नी के खिलाफ तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की फिल हाल इस मामले में पुलिस तहरीर के आधार पर जांच पड़ताल जुटी हुई है।

### युवती को भगा ले गया गांव का युवक

उधर 20 वर्षीय युवती को उसके गांव का एक युवक बहला-फुसलाकर भगा ले गया। पीड़ित महिला ने इस संबंध में पट्टी कोतवाली ने शिकायती पत्र दिया है। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के नादी गांव की रहने वाली महिला ने बताया कि बीते 4 जुलाई को उसके गांव का रहने वाला एक व्यक्ति जो फ्राड किस्म का है उसकी बेटी को बहला-फुसलाकर भगा ले गया उसकी माँ ने हत्या की आशंका जताते हुए पुलिस से जल्द से जल्द उसकी बेटी को वापस लाने की गुहार लगाई है। वहीं पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

## बाइक की टक्कर से वृद्धा की मौत, बाइक सवार भी हुआ लहलुहान

**लालगंज, प्रतापगढ़।** रानीगंज कैथौला पुलिस चैकी अन्र्तगत इण्डियन चैराहा के पास शुक्रवार की दोपहर बाइक की टक्कर से घायल वृद्धा की मौत हो गयी। घटना से परिवार मे कोहराम मचा है। लालगंज कोतवाली के अगई अहिरन का पुरवा गांव की सत्तर वर्षीया धनाऊ यादव पत्नी श्रीनाथ यादव शुक्रवार दोपहर घर से पैदल अपने खेत में काम करने जा रही थी। सडक पार करने के दौरान बाइक ने जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे वृद्धा गंभीर रूप से घायल हो गयी। इधर बाइक सवार तेज सिंह का पुरवा पारस नगर रघ्घूपुर निवासी बीस वर्षीय रंजीत सरोज भी दुर्घटना मे घायल हो गया। आसपास के लोगों ने घायलों को इलाज के लिए लालगंज ट्रामा सेण्टर भेजवाया। यहां चिकित्सकों ने घायल वृद्धा धनाऊ को मृत घोषित कर दिया। मृतका के एक पुत्र है। उसके पति व पुत्र दोनों घर पर रहकर मजदूरी करते हैं। घटना की जानकारी होने पर परिवार के लोगों मे कोहराम मचा है।

# सड़क दुर्घटना में महिला समेत एक अज्ञात युवक की हुई मौत

## लखनऊ-वाराणसी हाइवे व अगई के पास हुई दुर्घटना

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** सड़क दुर्घटना में एक महिला समेत एक अज्ञात युवक की मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव के शिनाख्त का प्रयास किया,लेकिन पहचान नहीं हो सकी।पंचनामा करके अज्ञात युवक का व महिला के शव को पीएम के लिए भेज दिया।

स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के लखनऊ-वाराणसी हाइवे पर स्थिति पूरे बोधी सिंह गांव के पास गुरुवार की रात एक अज्ञात वाहन ने ने एक युवक को टक्कर मार कर फरार हो गया।शुक्रवार की सुबह राहगीरों ने देखा की एक युवक सड़क के किनारे लहूलुहान पड़ा हुआ है।मामले जानकारी रानीगंज कैथौला पुलिस को दी।मौके पर पहुंची पुलिस ने शव की पहचान करने का प्रयास किया,लेकिन पहचान न होने पर पंचनामा करके शव को पीएम के लिए भेज दिया।उधर शुक्रवार को दोपहर बाद अहिरन का पुरवा, अगई निवासी धनाऊ (50) पत्नी श्रीनाथ यादव घर से खेत जा रही थी, जैसे ही वह इंडियन चैराहे पर पहुंची कि रानीगंज बाजार से तेज रफ्तार से आ रहे बाइक सवार रंजीत पुत्र गिरधारी निवासी रघुपुर, रायबरेली व अर्जुन पुत्र विश्राम निवासी तेज सिंह का पुरवा अगई ने जोरदार टक्कर मार दी।

चौराहे पर मौजूद ग्रामीणों ने बाइक सवारों को पकड़ लिया। वहीं सूचना मिलते ही घायल महिला के पहुंचे परिजन कही ले जाते की उसके पहले सांसे थम चुकी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा करके शव को पीएम के लिए भेज दिया, वही दोनो बाइक सवारों को पुलिस चैकी ले आई। घटना को लेकर परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने बताया की पीड़ित ने अभी तहरीर नहीं दी है। तहरीर मिलने के बाद कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## खाते से उडाये चौरासी हजार, पीड़ित महिला ने ऑनलाइन की शिकायत

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** खाते से पैसा निकालने गयी महिला को झांसा देकर उचक्कों ने उसका एटीएम कार्ड बदल लिया और खाते से चैरासी हजार रुपए उड़ा लिया। महिला ने अज्ञात के खिलाफ लालगंज कोतवाली में आनलाइन तहरीर दी है। लालगंज कोतवाली के उमापुर गांव की संगीता अपने पति प्रेम नाथ वर्मा के साथ हरियाणा में रहती है। वहीं स्टेट बैंक में उसके पति का बैंक खाता है। जून माह में वह यहां गांव आयी थी। पीड़िता के अनुसार बीती चैबीस जून को दोपहर डेढ़ बजे वह खाते से पैसा निकालने कस्बा स्थित बैंक आफ बडौदा के एटीएम पर पहुंची। आरोप है कि यहां पहले से मौजूद एक व्यक्ति ने झांसा देकर उसका एटीएम कार्ड बदल लिया और वहां से फरार हो गया। पीड़िता ने वापस हरियाणा पहुंचकर बैंक जाकर जब पासबुक प्रिंट कराया तो खाते से चैरासी हजार रुपए गायब देख आवाक रह गयी। घटना को लेकर पीडिता ने अज्ञात के खिलाफ ऑनलाइन शिकायत दर्ज करायी है। दरोगा राजेश कुमार का कहना है कि मामले की जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

# खण्ड शिक्षा अधिकारी ने विद्यालयों का किया निरीक्षण

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** विकास क्षेत्र कालाकाकर के प्राथमिक विद्यालय परियावां प्रथम मे गिरती शिक्षा ब्यवस्था व स्कूल मे स्टॉफ की कमी ० बच्चो की संख्या मे कमी को देखते हुए गुरुवार को कालाकांकर खण्ड शिक्षा अधिकारी सियाराम चैरसिया प्राथमिक विद्यालय सूबेदार का पुरवा परसई पहुँचे जहा कैलाश चन्द ओझा से जानकारी करने के बाद प्राथमिक विद्यालय परियावां दिवतीय पहुँचे जहा जानकारी करने के बाद वापस प्राथमिक विद्यालय परियावां प्रथम पहुँचे जहा खड़े खड़े हेड मास्टर बिष्णु प्रसाद मिश्र से शिक्षक के स्टॉफ के बारे मे जानकारी लिया। इसके बाद माध्यमिक विद्यालय परियावां पहुंचकर प्रभारी प्रधानाध्यापक योगेश चन्द श्रीवास्तव से स्टॉफ व बच्चो की संख्या मे जानकारी किया जहा लगभग आधा घंटा तक बैठे रहे उसके बाद वापस बी आर सी केन्द्र रामनगर कालाकांकर चले गये।

## बाबा बेलखरनाथ धाम में आयोजित हुआ विशाल भंडारा

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** पट्टी के आदर्श शिक्षक अजय कुमार जायसवाल ने क्षेत्र के बाबा बेलखरनाथ धाम में सावन के मेले में विशाल भंडारे का आयोजन किया जिसमें भंडारे में सैकड़ो लोगो ने प्रसाद ग्रहण किया। पट्टी नगर के आदर्श शिक्षक अजय कुमार जायसवाल क्षेत्र के धार्मिक स्थल बाबा बेलखरनाथ धाम में सावन के महीने में सपरिवार रुद्राभिषेक किया भगवान भोलेनाथ के दर्शन उपरांत विशाल भंडारे में क्षेत्र के सैकड़ों लोग भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया इस संबंध में जब अजय कुमार जायसवाल से बात की गई तो उन्होंने बताया कि सावन का पवित्र महीना भगवान भोलेनाथ को समर्पित है भक्तों के लिए प्रसाद के वितरण के लिए भंडारे का आयोजन किया गया था। इस दौरान डॉक्टर डी. एस. गुप्ता, रविंद्र जायसवाल आचार्य अनुज शुक्ला, प्रवीण मिश्रा, अमरेंद्र सिंह, धीरज जायसवाल, संजय पांडेय, दिनेश मौर्य, सहित कई लोग मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### संदिग्ध परिस्थितियों में बालिका ने की आत्महत्या

**कौशांबी।** मोहब्बतपुर पइंसा थाना क्षेत्र के रामसहाई पुर गांव में एक बालिका ने संदिग्ध परिस्थितियों में आत्महत्या कर लिया है मौके पर पहुंची पुलिस ने फंदे से बालिका को उतारकर इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया लेकिन चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया है बालिका की मौत के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है और पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के मुताबिक मोहब्बतपुर पइंसा थाना क्षेत्र के रामसहाई पुर गांव निवासी राधा देवी पुत्री विजय कुमार ने शुक्रवार की दोपहर में डायल 112 पुलिस को फोन किया जब तक पुलिस मौके पर पहुँची तब तक बालिका फांसी के फंदे से झूल गई मौके पर पहुंची पुलिस ने बालिका को फंदे से नीचे उतारा और उसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिराथू लेकर गए लेकिन वहां पहुचते ही चिकित्सकों ने बालिका के मौत की पुष्टि कर दी बालिका की मौत के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है और पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# 3 दिन से लापता व्यक्ति का कुएं में मिला ईट पत्थर से बंधा शव

## हत्या कर रस्सी से शव में ईंट बांधकर कुएं में फेंकने का बेटों ने लगाया आरोप

अखंड भारत संदेश



**अझुवा कौशाम्बी।** कड़ा धाम कोतवाली क्षेत्र के कमालपुर टिकरी गांव का एक व्यक्ति 3 दिनों से लापता था काफी खोजबीन के बाद गुरुवार की रात्रि में गांव के बाहर कुएं में शव रस्सी से बांधकर फेंक दिए जाने की जानकारी मिली कुएं में शव पड़े होने की जानकारी मिलने के बाद सैनी और कड़ा धाम कोतवाली पुलिस के बीच तलवारें खिंच गईं दोनों अपने क्षेत्र का मामला ना होने की बात कहकर जिम्मेदारी से मुकर रही थी पुलिस अधिकारियों के हस्तक्षेप के बाद कड़ा धाम कोतवाली पुलिस ने शुक्रवार की सुबह ग्रामीणों की मदद से कुएं से शव को बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है मृतक के बेटे ने हत्या किए जाने का आरोप लगाया है। जानकारी के मुताबिक कड़ा धाम कोतवाली क्षेत्र के कमालपुर टिकरी गांव निवासी ज्ञान सिंह पुत्र मुन्नालाल 3 दिन पहले लापता हो गए थे ज्ञान सिंह के गायब होने के बाद परिजन परेशान हो गए रिश्तेदारी परिचित और संभावित स्थानों पर ज्ञान सिंह की खोज की गई लेकिन ज्ञान सिंह का कहीं पता नहीं चला मामले की सूचना कड़ा धाम कोतवाली पुलिस को भी दी गई इसी बीच गुरुवार की रात्रि में जानकारी हुई की कमालपुर टिकरी और जफर पुर गांव के बीच कुएं के अंदर लाश पड़ी है परिजनों ने कुएं में लाश पड़ी होने की पुलिस को फिर जानकारी दी लेकिन कड़ाधाम कोतवाली पुलिस ने यह कहकर कुएं से लाश निकालने से इंकार कर दिया कि सैनी कोतवाली क्षेत्र के कुएं में लाश पड़ी है रात भर कुएं में लाश पड़ी रही लेकिन दोनों थाना क्षेत्र की पुलिस कुएं से लाश निकालने के बजाय अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ती रही मामला पुलिस अधिकारियों के संज्ञान में पहुंचा अधिकारियों के निर्देश के बाद कड़ा धाम कोतवाली पुलिस ने कुएं से शव को बाहर निकाला रस्सी से शव में ईंट बांधकर कुएं में फेंका गया था पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया है और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है ज्ञान सिंह की हत्या किसने की है यह पुलिसिया जांच का विषय है लेकिन जिस तरह से शव में रस्सी से ईंट बांधकर फेके गए हैं इससे स्वाभाविक है कि कुएं में गिरने से उसकी मौत नहीं हुई है हत्या कर के ज्ञान सिंह के शव को रस्सी से ईंट से बांधकर कुएं में फेंकने का आरोप ज्ञान सिंह के बेटे ने लगाया है हाईटेक युग में अपराधी भी अब हाईटेक हो गए हैं और अपराध करने के बाद अपराध को छिपाने का भरसक प्रयास करते हैं लेकिन कहीं ना कहीं साक्ष्य छूट जाता है हत्या करने के बाद उसे आत्महत्या और दुर्घटना बनाने की जैसे प्रथा कायम हो गई है।

# जल्लाद अध्यापक ने छात्रों के साथ हेड मास्टर की भी कर दी पिटाई

अखंड भारत संदेश

**जाहिल और जल्लाद अध्यापक के कारनामे से सरकारी स्कूल की शिक्षा व्यवस्था हुई चौपट**




**बेनीराम कटरा कौशाम्बी।** नेवादा बिकास खण्ड के बारियावा स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय के अध्यापक महेंद्र सिंह इन दिनों एक दम से मानसिक विकलांग दिखाई पड़ रहे हैं दिवालियापन के शिकार शिक्षक महेंद्र सिंह पूरे दिन छात्रों की पिटाई करते रहते हैं पढ़ाने के नाम पर वह शून्य हैं शिक्षक से लगातार पीटे जा रहे छात्रों ने शिक्षक के कारनामे अपने परिजनों से बताया जिसमें छात्र के परिजन विद्यालय पहुंचे और हेड मास्टर से पूरी दास्तान बताते हुए अध्यापक महेंद्र सिंह की पिटाई पर रोक लगाए जाने की मांग की जिस पर हेड मास्टर अशोक कुमार ने महेंद्र सिंह को बुलाया बातचीत के दौरान महेंद्र सिंह शिक्षक ने हेड मास्टर अशोक की पिटाई करना शुरू कर दिया जिससे स्कूल में हड़कंप मच गया मामले को लेकर हेड मास्टर अशोक कुमार ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को पत्र भेजकर जाहिल जल्लाद बने शिक्षक महेंद्र सिंह पर कार्यवाही की मांग की है। छात्रों के अभिभावकों ने बताया कि बच्चों को पढ़ाते समय जब बच्चे द्वारा किसी विषय में मास्टर से कुछ पूछा जाता है तो बच्चों को समझा कर उन्हें बताने के बजाय शिक्षक महेन्द्र झल्लाते हुए छात्रों को तेजी से डांटता है और मुक्का बनाकर छात्र के पेट में तेजी से मारते हैं जिसने छात्र दर्द के मारे पेट पकड़कर जमीन में बैठ जाते हैं इस शिक्षक की शिक्षा बकवास साबित हो रही है शिक्षक के अभद्रता की हद हो गई है छोटे-छोटे बच्चे और बच्चियों के सामने सरकारी स्कूल में पढ़ाई कराने के बजाय खुलेआम बच्चों को गाली गलोज करते हैं जिससे स्कूल का वातावरण दूषित हो रहा है। बच्चों के घर के गार्जियन अगर शिकायत करते हैं तो यह शिक्षक उनको भी गाली गलौज और लड़ाई करता है शुक्रवार के दिन छात्र प्रियांशु कक्षा 8 के परिजन पढ़ाई के विषय में बात कर रहे थे तभी महेंद्र सिंह ने हेड मास्टर अशोक को 8 से 10 मुक्का मार दिया जिससे हेडमास्टर अशोक अचंभित रह गए और स्कूल में हड़कंप मच गया हेड मास्टर अशोक का कहना है कि शिक्षक महेंद्र को उच्च प्राथमिक विद्यालय बरियावां से तत्काल हटाया जाए नहीं तो विद्यालय में कोई भी छात्र पढ़ना नहीं चाहेगा।

## बैंक खाते से रुपए निकल जाने पर मुकदमा दर्ज कर विवेचना कराए जाने का अदालत ने दिया निर्देश

**कौशांबी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के भारतीय स्टेट बैंक सिराथू की शाखा से खाताधारक हरी लाल निवासी अंबाई बुजुर्ग के बिना हस्ताक्षर के मनरेगा मजदूरी 2200 रुपए 19 सितंबर 2017 को निकल जाने के मामले में भले ही थाना पुलिस और पुलिस अधिकारियों से हरिलाल को न्याय नही मिला हो लेकिन अदालत के निर्देश पर हरिलाल को न्याय मिलने की उम्मीद जागी है अदालत ने थाना पुलिस को निर्देशित किया है कि वह मामले में मुकदमा दर्ज कर विवेचना करें। बताते चलें कि सिराथू तहसील क्षेत्र के अम्बाई बुजुर्ग निवासी हरिलाल को मनरेगा की ओर से उसके भारतीय स्टेट बैंक सिराथू के बैंक खाते में मनरेगा मजदूरी भेजी गई थी लेकिन मनरेगा मजदूर की मजदूरी उसे नहीं मिल सकी और 19 सितंबर 2017 को बिना खाता धारक के सहमत के बैंक से रुपए गायब हो गए जिस पर हरिलाल ने थाना पुलिस से लेकर बैंक अधिकारियों और पुलिस अधिकारियों की चौखट पर दर्जनों बार फरियाद की लेकिन बैंक मैनेजर की करतूत पर मुकदमा दर्ज करा कर पुलिस अफसरों ने जांच कराने की कोशिश नही की हालांकि जिले में आए दिन ग्राम प्रधानों के सहयोग से खाताधारक के फर्जी हस्ताक्षर कर बैंक से मनरेगा की मजदूरी निकल रही है यह कोई पहला मामला नहीं है मामले की गंभीरता को देखते हुए मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने मुकदमा दर्ज कर विवेचना करने का निर्देश थाना पुलिस को दिया है।

## खराब बिजली नहीं ठीक हुई तो ग्रामीण करेंगे आंदोलन

**कौशांबी।** जिले के विदाव गांव में 3 दिन से लाइट खराब होने की वजह से बिजली की किल्लत गांव के लोग झेल रहे है जिस तरह से भीषण गर्मी में ग्रामीणों में हाहाकार मचा हुआ है लेकिन बिजली अधिकारी गांव की बिजली ठीक करने को तैयार नहीं दिखाई पड़ रहे हैं कॉंग्रेस छात्र इकाई के जिलाध्यक्ष अमित द्विवेदी आजाद ने कहा कि यदि कौशांबी जिले में बिजली की आपूर्ति स्थिति में जल्द सुधार नहीं किया गया तो कांग्रेश जल्द बड़ा आंदोलन करेगी उन्होंने कहा कि कई बार बिजली विभाग के संबंधित अधिकारियों को अवगत कराया गया लेकिन अभी तक उसमें कोई कार्यवाही नहीं हुई अगर विदाव गाव की बिजली जल्द ठीक नहीं होती है तो एक बड़े आंदोलन के लिए ग्रामीण बाध्य होगा!

# डीएम सीएम के निर्देश के बाद भी शिव मंदिरों के आसपास नहीं हुई सफाई

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** सावन महीना शुरू होने के पहले शिव मंदिरों के आसपास साफ-सफाई करने चूना छिड़काव करने का निर्देश योगी सरकार ने प्रदेश के संपूर्ण जिलाधिकारी को दिया था लेकिन कौशांबी जिले में सावन के महीना शुरू होने के बाद भी शिव मंदिरों की साफ-सफाई चूना का छिड़काव नहीं हो सका है जिससे योगी सरकार के निर्देश के बाद लापरवाह अधिकारियों के कारनामों का अंदाजा लगाया जा सकता है मंझनपुर मुख्यालय के मुख्य चौराहा स्थित शिव मंदिर नेहरू नगर स्थित शिव मंदिर सेवकुपुर स्थित शिव मंदिर सहित तमाम ऐसे शिव मंदिर है जिसके आसपास गंदगी व्याप्त है और सावन के महीने में पूजा अर्चना करने वाले भक्तों को दिक्कतों से जूझना पड़ता है नगर पालिका नगर पंचायत ग्राम पंचायत के जिम्मेदार योगी सरकार के आदेश को मानने को कतई तैयार नहीं है और बड़े अधिकारी भी इन लापरवाह अधिकारियों को योगी सरकार के आदेश का पालन नहीं करा पा रहे हैं जिससे कानून व्यवस्था की उड़ती धज्जियां का अंदाजा लगाया जा सकता है सावन महीना के शुरू होने के बाद भी कौशांबी के तमाम शिवमंदिरों में साफ सफाई नहीं हुई शिव मंदिर के आसपास गंदगी के अंबार लगे हैं सरकार के निर्देश के बाद भी मंदिर के आस पास चूना का छिड़काव भी नही हुआ है खराब लाइट की व्यवस्था को भी दुरुस्त नहीं किया गया है आखिर योगी सरकार के निर्देश पर नगर पालिका नगर पंचायत और ग्राम पंचायत के अधिकारी इतनी लापरवाही क्यो कर रहे हैं योगी सरकार के आदेश को यह अधिकारी मानने को क्यों तैयार नहीं है यह तमाम सवाल कानून व्यवस्था पर खड़े हो रहे हैं।

# बलात्कार का मुकदमा लिखाने वाली महिला को सुलह के नाम पर मौत देने वाले तीन गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश




**तमाम साक्ष्यों को नजरअंदाज कर हत्या के इस मामले में आत्महत्या दर्ज कर थाना पुलिस ने अभियुक्तों को दिया लाभ**

**कौशाम्बी।** पिपरी थाना अंतर्गत निजामपुर पुरैनी गांव में 2 जुलाई को बलात्कार के मुकदमे में सुलह समझौते की बात कहकर महिला को अपने घर बुलाकर मौत के मामले में पिपरी पुलिस ने 3 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है हालांकि इस मामले में थाना पुलिस ने हत्या का मुकदमा नहीं दर्ज किया है बल्कि आत्महत्या को प्रेरित करने के लिए मुकदमा दर्ज कर तीन आरोपियों को जेल भेज दिया है मृतक महिला की बेटी को भी पुलिस ने बरामद कर लिया है। घटनाक्रम के मुताबिक पूरा मुफ्ती थाना क्षेत्र की रूबी देवी के बीमार पति मदन लाल का इलाज कराने महिला निजामपुर पुरैनी गांव में राजू पासी ओझा तांत्रिक के पास महिला जाती थी जहां बीमार पति के इलाज और झाड़-फूंक के बहाने महिला की बेटी को ओझा राजू पासी ने 19 जूम को अगवा कर लिया था बेटी के अगवा करने का महिला ने मुकदमा दर्ज कराया था मुकदमा दर्ज करने के बाद 12 दिनों तक पुलिस ने बेटी को बरामद नहीं किया बेटी को अगवा करने वालों को पुलिस गिरफ्तार नहीं कर सकी सुलह समझौते के लिए अभियुक्तों द्वारा 2 जुलाई को महिला को अपने घर में बुलाया था जहां महिला की जहर खाने से मौत हो गई पुलिस का कहना है कि अभियुक्तों ने महिला को जहर खिलाया है जबकि सुलह समझौता करने जाने वाली महिला के पास वहां जहर कहां से आएगा जन चर्चाओं की माने तो महिला को जहर खिलाकर हत्या की गई है जहर खिलाने के दौरान महिला का वाद विवाद भी हुआ था जिसकी ग्रामीण पुष्टि भी करते हैं । पुलिस विवेचना के क्रम में इलेक्ट्रानिक साक्ष्यों के आधार पर थाना पिपरी पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त राजू पासी सुलेन्द्र उर्फ सुरेन्द्र पासी पुत्रगण रामप्रसाद व गुडिया देवी पत्नी राजू निवासी निजामपुर पुरैनी थाना पिपरी को गिरफ्तार किया गया तथा मृतक महिला की बेटी पीडिता को बरामद कर लिया गया है मृतक महिला के भाई दिनेश कुमार द्वारा थाना पर राजू पासी आदि 05 अभियुक्तों पर मुकदमा पंजीकृत कराया गया है दो अभियुक्त कभी पुलिस की पकड़ से दूर हैं महिला को मौत देने वाले इस प्रकरण में आत्महत्या दर्ज कर अभियुक्तों को जेल भेजने वाली पिपरी पुलिस के कारनामों की उच्च स्तरीय जांच कराए जाने की जरूरत है।

# पीएम आवास योजना के 3664 लाभार्थियों को गृह प्रवेश चाभी का वितरण

अखंड भारत संदेश

**अध्यक्ष जिला पंचायत एवं डीएम ने पीएम आवास योजना के लाभार्थियों को गृह प्रवेश/आवास की चाभी सौपी, बेहतर डिजिटल लेन-देन करने वाले कुल 20 लाभार्थियों को प्रशस्ति-पत्र देकर किया गया सम्मानित**



**कौशाम्बी।** जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती कल्पना सोनकर एवं जिलाधिकारी सुजीत कुमार ने जनपद स्तर पर उदयन सभागार में आयोजित समारोह में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के लाभार्थियों को गृह प्रवेश/चाभी का वितरण तथा पी0एम0 स्वनिधि योजनान्तर्गत बेहतर डिजिटल लेन-देन करने वाले कुल 20 लाभार्थियों को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया। जनपद स्तर पर कुल 01 हजार 500 लाभार्थियों को आवास की चाभी का वितरण किया गया। इसी प्रकार जनपद के प्रत्येक विकास खण्ड में आयोजित प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के लाभार्थियों को गृह प्रवेश/चाभी वितरण समारोह में कुल 1200 लाभार्थियों (प्रत्येक विकास खण्ड में 150-150 लाभार्थियों) को आवास की चाभी का वितरण किया गया तथा ग्राम पंचायत स्तर पर आयोजित कार्यक्रम में कुल 964 लाभार्थियों को गृह प्रवेश/आवास की चाभी का वितरण किया गया। इस प्रकार कुल 3664 लाभार्थियां को आवास की चाभी का वितरण किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना सोनकर ने कहा कि केन्द्र व प्रदेश सरकार द्वारा अनेक जनकल्याणकारी योजनाऐं संचालित की जा रही है। केन्द्र व प्रदेश सरकार गरीबों के कल्याण के लिए कृत संकल्पित है। उन्होंने कहा कि निरन्तर प्रयास किया जा रहा है कि जनपद के सभी पात्र लोगों को आवास की सुविधा से लाभाविन्वत किया जाय जिलाधिकारी ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना प्रधानमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना है। प्रधानमंत्री की मंशा है कि प्रत्येक पात्र लोगों को आवास से लाभान्वित किया जाय। इस योजना के अन्तर्गत धनराशि सीधे लाभार्थी के खाते में हस्तान्तरित की जाती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण)के तर्ज पर प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) की सुरूआत की गयी। आवास महिला मुखिया के नाम पर दिया जाता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना से किसी कारण से वंचित रह गये लोगों को आवास की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए मख्यमंत्री आवास योजना की शुरूआत की गई। उन्होंने कहा कि जनपद कौशाम्बी में निरन्तर प्रयास किया जा रहा है कि सभी पात्र लोंगों को प्रधानमंत्री आवास योजना से लाभान्वित किया जाय। इसी प्रकार केन्द्र व प्रदेंश सरकार द्वारा संचालित अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं से सभी पात्र लोंगों को लाभान्वित करने का निरन्तर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने सभी लोगों से कहा कि योजनाओं के प्रति जागरूक होकर आसपास के लोगों को भी जागरूक करें तथा किसी योजना की जानकारी/समस्या के निस्तारण के लिए सम्बन्धित अधिकारी या उनसे सम्पर्क कर सकतें है इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी, अपर जिलाधिकारी जयचन्द्र पाण्डेय, जिला विकास अधिकारी विजय कुमार एवं परियोजना निदेशक/जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी अजीत प्रताप सिंह सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी एवं लाभार्थी उपस्थित रहें।

## आकाशीय बिजली की चपेट में आने से रिटायर्ड महिला एसआई की मौत

**कौशाम्बी।** जिले में रुक रुक हो रही बारिश के बीच आकाशीय बिजली भी अपना कहर बरपा रही है, आकाशीय बिजली की चपेट में आने से रिटायर्ड महिला एसआई की मौत हो गई,महिला की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है,सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और जांच में जुट गई। घटनाक्रम के मुताबिक सराय अकिल थाना क्षेत्र के बहुंगरा गांव की फुलवा देवी पत्नी छोटेलाल सेवानिवृत्त उपनिरीक्षक थी,गुरुवार की शाम बारिश के दौरान गिरी आकाशीय बिजली की चपेट में वह आ गई और उनकी मौत हो गई।महिला की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया।घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची सराय अकिल थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और जांच में जुटी हुई है।

## न्यूज झरोखा

### एसपी द्वारा पुलिस लाइन्स में परेड की ली सलामी



**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा पुलिस लाइन में शुक्रवार की परेड की सलामी ली गयी तथा परेड का निरीक्षण किया गया तदुपरान्त निरीक्षण के दौरान एसपी द्वारा परेड में उपस्थित समस्त पुलिसकर्मियों के टर्नआउट का अवलोकन कर बेहतर टर्नआउट मेंटेन करने हेतु निर्देशित किया गया बरसात होने के कारण परेड ग्राउंड के चारों तरफ बनी सड़क पर पुलिस कर्मियों को फिट रहने हेतु दौड़ लगवाई गई एवं टोलीवार ड्रिल कराई गई। पुलिस अधीक्षक द्वारा मेस में भोजन की गुणवत्ता को चेक किया गया तथा समस्त शाखाओं, डीसीआर कार्यालय, डायल-112, बैरक, जिम, कैंटीन,लाइब्रेरी तथा एमटी शाखा का निरीक्षण कर संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये इस दौरान क्षेत्राधिकारी लाईन एवं क्षेत्राधिकारी चायल भी मौजूद रहे।

### यातायात पुलिस ने की वाहन चेकिंग



**बेनीराम कटरा कौशाम्बी।** सराय अकिल थाना क्षेत्र के कूरा गांव के मस्जिद के सामने शुक्रवार को यातायात पुलिस टीआई जितेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा चेकिंग लगाई गई वाहन चेकिंग के दौरान हड़कंप मचा रहा यातायात पुलिस ने एक बाइक पर तीन लोगो के बैठने पर चालान किया हेलमेट ना लगाने पर तीन गाड़ी का चालान यातायात पुलिस ने किया चार पहिया वाहन में चालक द्वारा सीट बेल्ट न लगाने पर चालान किया गया दो बाइक में नंबर प्लेट नही लगे होने पर बाइक का चालान किया गया इसी जगह पर 20 दिन से चेकिंग यातायात पुलिस द्वारा लगाया जा रहा है यातायात टीआई ने कहा कि वाहन चालक नियमों का पालन करें और चालान से बचें।

### भवंस मेहता महाविद्यालय में प्राचार्य ने किया बृहद पौधारोपण



**भरवारी कौशांबी।** विद्यालय परिसर को हरा-भरा करने के उद्देश्य से भवन्स मेहता महाविद्यालय भरवारी के प्राचार्य प्रबोध श्रीवास्तव और उनके सहयोगियों ने 7 जुलाई को महा विद्यालय परिसर में वृहद पौधारोपण किया है एनसीसी के 75 में स्थापना दिवस के अवसर पर महा विद्यालय परिसर में किए गए पौधारोपण के दौरान कैप्टन अरुण कुमार सिंह भी अपने 80 एनसीसी कैडेट के साथ पौधारोपण में शामिल रहे इस मौके पर विद्यालय प्राचार्य प्रबोध श्रीवास्तव ने कहा कि वृक्ष ही जीवन है धरती को हरा-भरा करने से जहां मन को शांति मिलती है वही लकड़ियां मानव जीवन में बहुत उपयोगी हैं उन्होंने कहा कि वृक्ष हमे प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से लाभ देते हैं इसलिए प्रत्येक व्यक्ति पौधारोपण कर धरती को हरा-भरा करने में सहयोग करें पौधारोपण कार्यक्रम के अवसर पर महा विद्यालय के कई प्रोफेसर छात्र-छात्राएं सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### नेशनल इंटर कॉलेज में भी किया गया पौधारोपण




**भरवारी कौशांबी।** यूपी बटालियन एनसीसी टीम के सहयोग से 7 जुलाई को नेशनल इंटर कॉलेज भरवारी में वृहद पौधारोपण किया गया है। इस दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य कलीम अहमद विद्यालय प्रबंधक एनसीसी कैडेट्स सहित विद्यालय के शिक्षक छात्र छात्राएं आदि मौजूद रहे इस मौके पर विद्यालय के प्रबंधक रवि कुमार तिवारी ने कहा कि धरती को हरा-भरा करने में प्रत्येक व्यक्ति के सहयोग की जरूरत है उन्होंने कहा कि जब धरती हरी भरी होगी तो मानव जीवन खुशहाल होगा पेड़ पौधे हमें आक्सीजन के साथ लकड़ी देते हैं जो मानव जीवन में बहुत उपयोगी हैं उन्होंने प्रत्येक व्यक्ति से पौधारोपण कर धरती को हरा-भरा करने में सहयोग की अपील की है पौधारोपण के दौरान वरिष्ठ शिक्षक भुवनेश्वर एनसीसी एएनओ लेफ्टिनेंट पंकज कुमार एवं एनसीसी कैडेट्स इस दौरान उपस्थित रहे वन महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत नेशनल इंटर कॉलेज में अमरूद गुलाब आम आदि के पौधों को रोपित किया गया है।

### सिराथू और मंझनपुर एसडीएम का हुआ स्थानांतरण

**कौशाम्बी।** जिले के दो तहसील सिराथू मंझनपुर के उप जिला अधिकारी का स्थानांतरण देर रात शासन ने कर दिया है और नए उप जिला अधिकारी की तैनाती की है जानकारी के मुताबिक सिराथू एसडीएम मनीष कुमार यादव का ट्रांसफर हो गया है उनके स्थान पर सौम्य मिश्रा सिराथू उप जिलाधिकारी बनाई गई हैं इसी तरह मंझनपुर एसडीएम प्रखर उत्तम का भी ट्रांसफर शासन ने कर दिया है उनके स्थान पर आकाश सिंह एसडीएम मंझनपुर बनाए गए नए एसडीएम ने कार्यभार ग्रहण कर लिया है।

### एक दिन में बनाए गए 2749 गोल्डेन कार्ड

**कौशाम्बी।** आयुष्मान भारत योजना के अन्तर्गत 07 जुलाई को एक दिन में 2749 गोल्डेन कार्ड बनाये गये। जनपद कौशाम्बी एक दिन में सबसे अधिक गोल्डेन कार्ड बनाने में पूरे प्रदेश में तीसरे स्थान पर तथा मण्डल में पहले स्थान पर रहा। यह जानकारी आयुष्मान भारत योजना डॉ0 ओम त्रिपाठी ने देते हुए बताया कि जनपद कौशाम्बी में अब तक 326264 गोल्डेन कार्ड बनाये जा चुकें हैं।

### वन स्टाप शाप के लिए इच्छुक अभ्यर्थी 20 जुलाई तक करें आवेदन

**कौशाम्बी।** शासन द्वारा वन स्टाप शाप खोलने की स्वीकृति प्रदान की गई है। यह जानकारी उप कृषि निदेशक उदयभान गौतम ने देते हुए बताया कि जनपद के 08 विकास खण्डों में प्रशिक्षित कृषि उद्यमी स्वावलम्बन योजना वर्ष 2023-24 में कुल 22 एग्रीजंक्षन केन्द्र स्थापित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया हैं। इच्छुक अभ्यर्थी जो कृषि स्नातक/कृषि व्यवसाय प्रबन्धन स्नातक/स्नातक जो कृषि एवं सहबद्ध विषयों यथा-उद्यान, पशुपालन, वानिकी, दुग्ध, पशु चिकित्सा, मुर्गी पालन एवं किसी राज्य/केन्द्रीय विश्वविद्यालय या किसी अन्य विश्वविद्यालयों से डिग्रीधारी ही आवेदन कर सकतें हैं। उन्होंने बताया कि प्राप्त आवेदनों में विकास खण्डवार वरीयता सूची बनेगी एवं उसी आधार पर चयन समिति द्वारा अभ्यर्थियों का चयन किया जायेंगा। जिन अभ्यर्थियों द्वारा वर्ष 2022-23 में आवेदन किया गया है एवं उन्हें प्रतीक्षा सूची में रखा गया है, ऐसे अभ्यर्थियों को आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है, उन अभ्यर्थियों को सूची में शामिल करते हुए चयन की कार्यवाही की जायेंगी। इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन पत्र रजिस्टर्ड डॉक से दिनांक 20 जुलाई 2023 की सायं 05 बजे तक कृषि निदेशक कार्यालय मंझनपुर में जमा करें। अधिक जानकारी के लिए कार्यालय के सीयूजी नं0-7839882951/7839882350 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

### वर्षों बीते गायब दलित बालिका पुलिस नहीं लगा सकी सुराग

**कौशांबी।** मंझनपुर कोतवाली के शमशाबाद पुलिस चौकी अंतर्गत तैयबा पुर गांव से एक वर्ष पूर्व एक दलित किशोरी रहस्यमय परिस्थितियों में गायब हो गई गांव के एक युवक के विरुद्ध परिजनों ने मुकदमा दर्ज कराया युवक को अदालत से जमानत मिल गई मुकदमा दर्ज करने के बाद पुलिस मामले को भूल गयी एक वर्ष बीत जाने के बाद भी गायब दलित बालिका का सुराग मंझनपुर कोतवाली पुलिस नहीं लगा सकी है बताया जाता है कि बालिका के गायब होने के साथ एक युवक भी गायब है पुलिस युवक को भी नहीं खोज सकी है गायब युवक के परिजनों से भी पुलिस पूछताछ नहीं कर सकी है बालिका को खोजने के लिए परिजन परेशान है और बार-बार पुलिस अधिकारियों से बालिका को खोजने की फरियाद कर रहे हैं लेकिन उसके बाद भी गायब बालिका को खोजने के प्रति मंझनपुर कोतवाली पुलिस और शमशाबाद चौकी पुलिस कतई गंभीर नहीं दिखाई पड़ रही है। धीरे-धीरे एक वर्ष बीत जाने के बाद भी कुछ भी पुलिस को जानकारी नहीं है बालिका के पास मौजूद मोबाइल को सर्विलांस में लगा कर भी बालिका का सुराग लगाने में पुलिस गंभीर नहीं दिखाई पड़ रही है।

संपादकीय

# भाजपा को उम्मीद है यूसीसी ही पार करेगी उसकी नैया

**यूसीसी** की उत्पत्ति औपनिवेशिक भारत में हुई। ब्रिटिश सरकार ने 1835 में भारतीय कानून के संहिताकरण में एकरूपता की सिफारिश की थी। यूसीसी का इरादा विवाह, तलाक, संपत्ति के अधिकार, विरासत और रखरखाव सहित सभी व्यक्तिगत धार्मिक कानूनों को एकीकृत करने का है। क्या प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संघ परिवार के तीनों मुख्य एजेंडे को पूरा करने की कोशिश कर रहे हैं? उन्होंने अपने शासन के पिछले नौ वर्षों में अन्य दो मुद्दों- अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण और अनुच्छेद 370 को रद्द करना- को लागू किया। समान नागरिक संहिता लागू करना अभी भी विचाराधीन है। यक्ष प्रश्न यह है कि क्या भारत को ऐसे कानून की आवश्यकता है और क्या इसे आगे बढ़ाने का यही समय है? 1956 में हिंदू कानूनों के संहिताकरण के बावजूद, भारत में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) पर अभी तक सहमति नहीं बन पाई है। वर्तमान में कई धार्मिक समुदाय अपने स्वयं के विशिष्ट व्यक्तिगत कानूनों का पालन करते हैं। यूसीसी एक जटिल मुद्दा है। इस प्रश्न के कई कोण हैं, जैसे राजनीतिक, विधायी, धार्मिक, लैंगिक और संवैधानिक दृष्टिकोण। यूसीसी फ्रांस, यूनाइटेड किंगडम, संयुक्त राज्य अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया जैसे कई देशों में प्रचलित है। हालांकि, केन्या, पाकिस्तान, इटली, दक्षिण अफ्रीका, नाइजीरिया और ग्रीस जैसे कुछ देशों के पास यह नहीं है। विश्लेषकों का मानना है कि पिछले हफ्ते भोपाल में भाजपा कार्यकताओं को अपने संबोधन के दौरान मोदी द्वारा इस मुद्दे को फिर से उठाना कोई आकस्मिक टिप्पणी नहीं थी। उन्होंने हर शब्द को मापा था। गौरतलब है कि मध्यप्रदेश में चुनाव होने वाले हैं। यूसीसी की उत्पत्ति औपनिवेशिक भारत में हुई। ब्रिटिश सरकार ने 1835 में भारतीय कानून के संहिताकरण में एकरूपता की सिफारिश की थी। यूसीसी का इरादा विवाह, तलाक, संपत्ति के अधिकार, विरासत और रखरखाव सहित सभी व्यक्तिगत धार्मिक कानूनों को एकीकृत करने का है। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 44 में कहा गया है कि राज्य पूरे भारत में नागरिकों के लिए एक समान संहिता सुनिश्चित करने का प्रयास करेगा। राज्य नीति के सिद्धांतों में से एक में कहा गया है कि यूसीसी आवश्यक है। गोवा एकमात्र भारतीय राज्य है जो समान नागरिक संहिता का पालन करता है। सन् 1867 के पुर्तगाली कानून को भारत द्वारा गोवा को भारत में शामिल करने के बाद भी वैसा ही रहने दिया गया। संविधान सभा ने इस मुद्दे पर बहस की थी। भारत के पहले प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू ने यह दावा करते हुए समान नागरिक संहिता पर अपना निर्णय स्थगित कर दिया, 'मुझे नहीं लगता कि वर्तमान समय में, मेरे लिए इसे (यूसीसी) आगे बढ़ाने का प्रयास करने का समय आ गया है'। यदि हमारे संविधान निमार्ताओं ने इस मुद्दे पर निर्णय लिया होता तो आज समस्या मौजूद नहीं होती। भारत के विधि आयोग ने यूसीसी की नये सिरे से जांच शुरू की है और जनता से सुझाव मांगे हैं। यूसीसी कानूनी से अधिक राजनीतिक हो गया है। समर्थक और विरोधी दोनों तरफ बहस करते हैं। समर्थकों का मानना है कि, देर-सबेर, एक सामान्य कानून होना चाहिए जो सभी धार्मिक समुदायों पर लागू हो। भाजपा यूसीसी लाने में विश्वास रखती है। प्रधानमंत्री मोदी ने यूसीसी की पुरजोर वकालत करते हुए भोपाल में कहा कि संविधान में समान अधिकार का जिक्र है। 'अगर किसी घर में एक सदस्य के लिए एक कानून होगा और दूसरे के लिए दूसरा, तो क्या घर चल पायेगा? तो ऐसी दोहरी व्यवस्था से देश कैसे चल पायेगा?' प्रधानमंत्री ने पूछा। उन्होंने तर्क दिया कि समान नागरिक कानून पारित होने से कई मतभेदों और संघर्षों के बावजूद लाभ मिलेगा। यह सभी समुदायों के लिए लैंगिक समानता और सभी के लिए एक कानून प्रदान करेगा। मोदी ने मुसलमानों से आग्रह किया कि वे देखें कि विपक्ष ने उन्हें कैसे उकसाया और उनका शोषण किया

इसके अलावा, सुप्रीम कोर्ट ने 1985 में (यूसीसी) के महत्व पर प्रकाश डाला। शीर्ष अदालत ने कहा कि यह राष्ट्रीय एकता बनाये रखेगा। 1995 में, न्यायालय ने सभी नागरिकों को नियंत्रित करने वाले एक ही कानून की सिफारिश की। 2019 में मोदी सरकार ने शीर्ष अदालत के समक्ष यूसीसी के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने लैंगिक न्याय प्रदान करने वाले तीन तलाक को गैरकानूनी घोषित कर दिया था इसके विरोधी, कांग्रेस और अन्य धर्मनिरपेक्ष दलों के नेतृत्व में, यूसीसी का घोर विरोध करते हैं। मुस्लिम और अन्य अल्पसंख्यक इसके पक्ष में नहीं हैं, हालांकि कुछ इस्लामिक देशों ने सभी के लिए एक समान कानून अपनाया है। समान नागरिक संहिता के लिए मोदी के आह्वान ने विपक्षी दलों की तीखी आलोचना आकर्षित की है। उनका आरोप है कि मोदी बढ़ती कीमतों, बेरोजगारी और मणिपुर में हिंसा जैसे रोजी-रोटी के मुद्दों से ध्यान भटकाने की कोशिश कर रहे हैं। उनका कहना है कि इस विषय पर आम सहमति के बिना कोई यूसीसी नहीं हो सकता। विरोधियों का कहना है कि मुसलमान यूसीसी को अपनी धार्मिक स्वतंत्रता में हस्तक्षेप मानते हैं।

भारत जैसे धर्मनिरपेक्ष देश में, यूसीसी सभी के लिए एक कानून प्रदान करने के लिए महत्वपूर्ण है। पचहत्तर साल बीत चुके हैं और कई विशेषज्ञों का मानना है कि अब इस देश में इस पर गंभीरता से विचार करने का समय आ गया है, जहां 65 प्रतिशत युवा हैं। उत्तराखंड को पूर्व में सुप्रीम कोर्ट के आदेश से गठित एक आयोग से राज्य के लिए यूसीसी की सिफारिश करने वाली एक रिपोर्ट मिली है। शायद भाजपा का इरादा इसे दूसरे राज्यों में दोहराने का है।

# भारत की वैश्विक आतंकवाद पर करारी चोट !

**सुनील कुमार महला**



**आतंकवाद** आज संपूर्ण विश्व के लिए नासूर बन चुका है और आज विश्व के अनेक देश आतंकवाद से पीड़ित हैं। हाल ही में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की वर्चुअल(आभासी) बैठक में भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि एससीओ को आतंकवाद से लड़ने के लिए साथ आना चाहिए। उन्होंने यह भी बात कही है कि ऐसे देशों की भी निंदा करने से नहीं हिचकना चाहिए जो आतंकवाद व आतंकियों का समर्थन करते हैं। जानकारी देना चाहूंगा कि हाल ही में भारत ने 4 जुलाई 2023 यानी कि मंगलवार को शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के काउंसिल ऑफ हेड्स ऑफ स्टेट्स (सीएचएस) की 23 वीं बैठक की मेजबानी करते हुए भारत ने सीमा पार आतंकवाद से लड़ने की आवश्यकता पर जोर दिया जो कि हमारे पड़ोसी व आतंकवाद का घर कहलाने वाले पाकिस्तान को एक कड़ा संदेश था। वास्तव में भारत द्वारा यह पाकिस्तान समेत वैश्विक आतंकवाद पर करारी चोट है।

वास्तव में आज विश्व के सभी देश यह बात अच्छी तरह से जानते हैं कि पाकिस्तान आतंकवाद व आतंकियों की असली पनाहगाह है और चीन पाकिस्तान को सपोर्ट करता है। सच तो यह है कि चीन पाकिस्तान का सरपरस्त है। यहां यह भी जानकारी देना चाहूंगा कि इस आभासी या यूं कहें कि वर्चुअल बैठक में चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग, रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ सहित अन्य सदस्य देशों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। वास्तव में, यह एससीओ सम्मेलन उस वक्त आयोजित किया जा रहा है जब भारत के इसके दो पड़ोसी देशों पाकिस्तान और चीन के साथ रिश्ते तनावपूर्ण चल रहे हैं। वहीं, रूस अपनी वैगनर के अल्पकालिक विद्रोह से उभरने की कोशिश कर रहा है। पाठकों को बताता चलूं कि वैगनर रूस की निजी सेना है। यहां पाठकों को यह भी जानना जरूरी है कि वास्तव में एससीओ है क्या ? तो इसके बारे में जानकारी देना चाहूंगा कि एससीओ(शंघाई सहयोग संगठन) की स्थापना रूस, चीन, किर्गिज गणराज्य, कजाकिस्तान, ताजिकिस्तान और उज्बेकिस्तान के राष्ट्रपतियों द्वारा वर्ष 2001 में शंघाई में एक शिखर सम्मेलन के दौरान की गई थी और भारत को वर्ष 2005 में एससीओ का पर्यवेक्षक बनाया गया था। वर्ष 2017 में अस्ताना शिखर सम्मेलन में भारत एससीओ(शंघाई सहयोग संगठन) का पूर्ण सदस्य देश बन गया। भारत के साथ पाकिस्तान भी 2017 में इसका स्थायी सदस्य बना। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि भारत ने पिछले साल सितंबर में उज्बेकिस्तान के समरकंद शिखर सम्मेलन में एससीओ की अध्यक्षता ग्रहण की थी।आज एससीओ एक प्रभावशाली आर्थिक और सुरक्षा ब्लॉक है और पिछले कुछ वर्षों में यह सबसे बड़े अंतर-क्षेत्रीय अंतरराष्ट्रीय संगठनों में से एक के रूप में उभरा है। कहना गलत नहीं होगा कि शंघाई सहयोग संगठन, पिछले दो दशकों में सम्पूर्ण एशिया क्षेत्र में शांति, खुशहाली तथा विकास के लिए महत्वपूर्ण मंच के रूप में उभरा है। इतना ही नहीं शंघाई सहयोग संगठन के जितने भी देश हैं, उनमें दुनिया की लगभग चालीस प्रतिशत आबादी निवास करती है और दुनिया के व्यापार का लगभग एक चौथाई व्यापार इन्हीं देशों के बीच किया जाता है।

देखा जाए तो शंघाई सहयोग संगठन के सभी देश मिलकर न केवल व्यापार के क्षेत्र में बल्कि अन्य वैश्विक मुद्दों पर भी मिलकर काम कर सकते हैं और पश्चिमी देशों को अर्थव्यवस्था के मामले में टक्कर दे सकते हैं लेकिन चीन और पाकिस्तान का रवैया कुछ अलग थलग सा ही नजर आता है। वास्तव में चीन एक ऐसा देश है जिसकी नीति सदा सदा से विस्तारवादी रही है और इसी नीति के तहत वह पाकिस्तान को अपना मोहरा बनाए हुए है। यहां पाठकों को बता दूं कि चीन की दूसरे देशों के क्षेत्र पर कब्जा जमाने की नीति को विस्तारवादी नीति कहा जाता है। चीन दूसरे देशों को कर्ज उपलब्ध कराता है और बाद में कर्ज न चुकाने की एवज में दूसरे देशों की जमीन और उनके संसाधनों पर अपना कब्जा जमाता है। चीन कभी नहीं चाहता है कि कोई भी देश उसकी तुलना में किसी भी क्षेत्र में आगे बढ़े। वह भारत को बात बात पर आंख दिखाता रहा है और हिंदी चीनी भाई भाई का राग भी समय समय पर अलापता रहा है। सच तो यह है कि चीन की नीति दोगली है और वह अपने हितों को साधने के लिए पाकिस्तान को अप्रत्यक्ष प्रत्यक्ष रूप से कहीं न कहीं सपोर्ट करता है और पाकिस्तान को अपना मोहरा भी बनाता है। यहां तक कि चीन तो संयुक्त राष्ट्र संघ में अंतरराष्ट्रीय आतंकियों को सपोर्ट तक करता रहा है।

बहरहाल, यह अत्यंत काबिले तारीफ है कि भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आतंकवाद के लिए वित्तीय संसाधनों की उपलब्धता की समस्या से निपटने में भी आपसी सहयोग की जरूरत पर बल दिया है। आतंकवाद को क्षेत्रीय और वैश्विक शांति के लिए बडा खतरा बताते हुए उन्होंने कहा है कि इस चुनौती से निपटने के लिए वर्तमान में निर्णायक कार्रवाई की जरूरत है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि शंघाई सहयोग संगठन के देशों को आतंकवाद से मिलकर लड़ना होगा।उन्होंने यह भी कहा कि अफगानिस्तान की जमीन का उपयोग पडोसी देशों में अस्थिरता फैलाने या कट्टरपंथी विचारधाराओं को प्रोत्साहन देने के लिए नहीं होने देना चाहिए। भारत के प्रधानमंत्री ने कहा है कि संघर्ष, तनाव और वैश्विक महामारी से घिरे विश्व में खाद्य, ईंधन तथा उर्वरक संकट से निपटना सभी देशों के लिए महत्वपूर्ण चुनौती है। उन्होंने इस पर मिलकर विचार करने को कहा कि क्या एससीओ, संगठन के रूप में लोगों की आकांक्षाओं और अपेक्षाओं को पूरा करने में समर्थ है ?

आज आतंकवाद से न केवल भारत, पाकिस्तान जैसे देश प्रभावित हैं बल्कि अफगानिस्तान और रूस जैसे देश भी प्रभावित हैं। आतंकवाद न केवल विश्व शांति के लिए एक बड़ा खतरा है बल्कि यह विकास के लिए भी एक बड़ा खतरा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का शंघाई सहयोग संगठन के मंच से दुनिया को आतंकवाद के विरुद्ध सामूहिक लड़ाई लड़ने का संदेश यह दशार्ता है कि भारत किसी भी हाल और परिस्थितियों में आतंकवाद को बर्दाश्त नहीं करेगा। वास्तव में, आतंकवाद और आतंकियों का खात्मा करके ही कोई भी राष्ट्र प्रगति,उन्नयन, शांति, सौहार्द, आपसी भाईचारे और विकास की कल्पना को साकार कर सकता है।

**(आर्टिकल का उद्देश्य किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना नहीं है।)**

# दिन में तीन बार मैं अपने फैसला नहीं बदलता - चंद्रशेखर

**अंकुर सिंह**



**जी** हां बात कर रहे हैं बागी बलिया के लाल, अपने फैसलों और सिद्धांतों पर अडिग रहने वाले जननायक पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर जी की । हां, उन्हीं जननायक चंद्रशेखर की बात हो रही है जो अपने क्रांतिकारी विचारों से कभी समझौता करने को राजी नहीं हुए, जिन्होंने देश के इमरजेंसी दौरान इंदिरा जी के दो प्रस्तावों पहला सरकार के पक्ष में रहो और सरकार में मंत्री बन जाओ दूसरा या फिर सलाखों के पीछे जेल में रहो में, दूसरा प्रस्ताव जेल में रहना स्वीकार किया।

आगे मैं जिक्र करता हूं वो वाक्या जब अध्यक्ष जी (चंद्रशेखर) जी ने कहा कि जाकर राजीव से कह दीजिए कि चंद्रशेखर तीन बार दिन में अपने फैसले नहीं बदलता. घटना की शुरूआत होती है 1990 के आखिरी दौर में लालकृष्ण आडवाणी के रथयात्रा के दौरान उनकी गिरफ़्तारी पर भारतीय जनता पार्टी ने बीपी सिंह के सरकार से समर्थन वापस ले लिया और सरकार अल्पमत मैं आ गई।

तत्कालीन परिस्थिति अनुसार देश पुनः आम चुनाव का खर्च उठाने को तैयार नहीं था और राजीव गांधी भी नहीं चाहते थे पुनः चुनाव हो क्योंकि राजीव कांग्रेस संगठन को दुरुस्त करने में लगे थे।

खैर बकौल चंद्रशेखर ग्यारह बजे रात को चंद्रशेखर जी के पास रमेश भंडारी का फोन आया कि आप मेरे घर कॉफी पीने के लिए आइए, चंद्रशेखर जी को लगा बिना किसी तय कार्यक्रम के रात 11 बजे कॉफी का बुलावा, माजरा कुछ और ही है , खैर निश्चित समय पर अध्यक्ष जी पहुंचे वहां जाने पर देखा कि राजीव गांधी भी वही है और राजीव गांधी से भी सामान्य बातचीत हुई उस दिन सरकार बनाने का कोई जिक्र भी नहीं हुआ।

कुछ दिन बाद आर के धवन आए और अध्यक्ष जी से कहा कि आप से राजीव गांधी मिलना चाहते है. राजीव के निमंत्रण पर चंद्रशेखर जी उनसे मिलने पहुंचे .वहां राजीव ने अध्यक्ष जी से कहा कि क्या आप सरकार बनाना चाहेंगे?

इस पर चंद्रशेखर जी कहते है कि सरकार बनाने के लिए जरूरी संख्या बल नहीं है हमारे पास. राजीव ने फिर निमंत्रण दिया आप सरकार बनाए ,हम बाहर से आपको समर्थन देंगे. इसपर चंद्रशेखर जी ने कहा कि मैं चाहता हूं कि कांग्रेस के लोग भी सरकार में शामिल हो. यदि वरिष्ठ नेताओं को समस्या है तो नौजवान नेता ही सरकार में शामिल हो तो राजीव ने भरोसा दिलाया कि आप सरकार बना लीजिए ,कुछ माह में कांग्रेस के लोग भी सरकार में शामिल हो जाएंगे।

10 नवम्बर 1990 का वो दिन भी आया जब लोगों से घिरे रहने वाले चंद्रशेखर जी देश के प्रधानमंत्री बने. सच कहूं तो चंद्रशेखर को मिला प्रधानमंत्री का ताज कांटों से भरा ताज था क्योंकि जब जननायक ने शपथ ली, उस समय देश आर्थिक समस्याओं (तीन हफ्ते का विदेशी मुद्रा थी उस समय देश के पास) के साथ सांप्रदायिक दंगे हो रहे थे. देश मंडल आयोग के दंगे से जल रहा था, नौजवान युवक आत्महत्या कर रहे थे और पूरे देश में 70-75 जगहों पर कर्फ्यू लगा. आसान नहीं था सरकार चलाना फिर भी इस विषम परिस्थितियों में चंद्रशेखर जी ने देश की बागडोर संभाली ।

खैर देश की स्थिति धीरे-धीरे पटरी पर आना शुरू हो रहीं थी, अयोध्या मंदिर मस्जिद के मामले पर युवा तुर्क ने तेजी दिखाते हुए दोनों पक्षों में आपसी समझौता का भरपूर प्रयास किया, संयोग से ये बात अध्यक्ष जी ने शरद पवार को बता दी और पवार साहब ने ये राजीव गांधी को बताने में कोई देरी नहीं थी, राजीव गांधी नहीं चाहते थे कि मंदिर मस्जिद समझौता का श्रेय चंद्रशेखर जी को जाए, इन्हीं बीच रचे राजनीतिक षड्यंत्र के बीच राजीव गांधी के घर के सामने हरियाणा पुलिस के दो सिपाही सादे कपड़ों में पकड़े गए। उसके बाद भारतीय राजनीति में भूचाल सा आ गया, और इस मामले पर जब कांग्रेस द्वारा जब इस मामले को उछाला गया तो तत्कालीन प्रधानमंत्री चंद्रशेखर जी ने इस पूरे मामले की जांच कराने का प्रस्ताव रखा और कहा कि इसकी निगरानी स्वयं मैं करुंगा लेकिन कांग्रेस मानने को तैयार नहीं हुई, कांग्रेस ने इस मामले पर सांसद राष्ट्रपति पर प्रधानमंत्री के धन्यवाद ज्ञापन को बायकट करने की चेतावनी दी। चंद्रशेखर जी समझ गए कि ये कांग्रेस की मंशा क्या है और चंद्रशेखर जी का व्यक्तित्व सत्ता के लिए झुकने वालो जैसी नहीं थी, कांग्रेस अपना समर्थन वापस ले, इसके पहले 6 मार्च 1991 को जननायक ने अपने प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया।

कांग्रेस को इस बात का जरा भी भनक नहीं थी कि अध्यक्ष जी सत्ता को ऐसे ठुकरा देंगे क्योंकि राजीव गांधी भी नहीं चाहते थे कि मध्यावधि चुनाव हो क्योंकि राजीव भी कांग्रेस संगठन को चुस्त दुरुस्त करना चाहते थे । राजीव गांधी ने शरद पवार को बुला कर कहा कि क्या मैं चंद्रशेखर को इस्तीफा वापस लेने का जोर दूँ. राजीव के कहने पर पवार चंद्रशेखर जी के पास गए और कहा राजीव गांधी चाहते है कि सरकार चले और आप इस्तीफा वापस ले लीजिए, इतना सुनते ही चंद्रशेखर जी ने शरद पवार की तरफ देखते हुए कहां कि आप प्रधानमंत्री पद का मजाक ऐसे कैसे बना सकते है, क्या मैं राजीव की जासूसी करने को कहूंगा और हाँ, जाकर राजीव से कह देना कि चंद्रशेखर एक दिन में तीन बार अपने फैसले नहीं बदलता।

वहीं मैं आज की राजनीतिक देखता हूं यहां नेता हो चाहे कोई राजनीतिक दल , सरकार में बने रहने के लिए किसी भी हद तक चले जाते है, अपने सिद्धांतों की श्रद्धांजलि तक दे देते हैं जो कि लोकतंत्र पर बहुत बड़ा आघात है।

सच कहूं चंद्रशेखर जैसा सिद्धांतों वाला नेता भारतीय भारतीय राजनीति में मिलना आसान नहीं लग रहा. चंद्रशेखर जी पर कहीं ये लाइन बड़ी सटीक है-

**सियासत में सादगी का धरोहर हो जाना ।**
**आसान नहीं किसी को चंद्रशेखर हो जाना।।**

# कॉम्पिटिशन का कायदा - यूजर्स का फायदा

**किशन भावनानी गोंदिया**

**वैश्विक** स्तरपर भारत में निवेश को लाभदायकता की स्थिति का आकलन समझाने में भारत कामयाब रहा है जिससे निवेश की संभावनाएं बढ़ती जा रही है, कारण है कि आज दुनियां भर के देश भारत के साथ फ्री ट्रेड एग्रीमेंट करने को आतुर हैं और इस दिशा में तेजी से काम चलाने की ओर प्रक्रिया बढ़ रही है जिसका मूल कारण भारत में बढ़ती प्रौद्योगिकी डिजिटलाइजेशन के विस्तार से सैकड़ों स्टार्टअप को बल मिल रहा है उनमें भी कंपटीशन हो रहा है जिसका सीधा फायदा उपभोक्ताओं और सर्विस यूजर्स को हो रहा है।यही प्रक्रिया वैश्विक स्तरपर भी चल रही है। इसके अपडेट में हम मीडिया फेम मेटा के मालिक ने बुधवार देर रात नई माइक्रो प्लानिंग को लांच किया जो स्वाभाविक तौर पर ट्विटर को कंपटीशन देगा। बता दे जब से ट्विटर का मालिक बदला है तब से यूजर्स के लिए अनेक नए नियम प्रथाएं लाई गई थी जिससे यूजर्स के लिए समस्या पैदा हो रही थी, परंतु चूंकि अब थ्रेड्स आ गई है जिसमें 2 घंटे में 20 लाख और 4 घंटे में 50 लाख लोगों के जुड़ने की संख्या पहुंच गई जिसे अब तक 100 से अधिक देशों में लांच किया गया है। याने कॉम्पिटिशनसे सीधा फायदा यूजर्स को ही होगा भारत में भी इसी तरह की स्थितियों को बल दिया जाता है कि किसी भी प्रतिस्पर्धा को रोका नहीं जाए बल्कि नई नई कंपनियों को प्रोत्साहन दिया जाता रहे जिससे एकाधिकार समाप्त कर उपभोक्ताओं और प्रवेश यूजर को फायदा होता है जिसे बढ़ावा देने के लिए भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग की स्थापना की गई है, जो इस पर नजर रखती है। चूंकि आज ट्विटर और थ्रेड्स पर वैश्विक स्तरपर चर्चा चल रही है इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के आधार पर इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे,कांटे की टक्कर, यूजर्स का फायदा, ट्विटर बनाम थ्रेड्स। कंपटीशन से हर क्षेत्र के यूजर्स को फायदा,प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग को जनजागरण अभियान चलाना समय की मांग है।

साथियों बात अगर हम थ्रेड्स लांचिंग की करें तो, सोशल मीडिया फर्म मेटा के मालिक ने बुधवार रात नई माइक्रो ब्लागिंग साइट थ्रेड्स को लॉन्च किया। इसे ट्विटर का कॉम्पिटिटर माना जा रहा है। कुछ यूजर्स इसे ट्विटर किलर भी नाम दे रहे हैं। ट्विटर के दुनिया भर में 100 करोड़ से ज्यादा यूजर हैं। मेटा के सीईओ ने बताया कि सिर्फ दो घंटों में थ्रेड्स से 20 लाख लोग जुड़ गए। चार घंटे बाद इसकी संख्या बढ़कर 50 लाख के पार पहुंच गई। इसे अभी 100 देशों में लॉन्च किया गया है। यूरोपियन यूनियन में रेगुलेटरी चिंताओं की वजह से इसे लॉन्च नहीं किया गया है। ट्विटर की तरह ये भी टेक्स्ट-बेस्ड प्लेटफॉर्म है। इसपर 500 कैरेक्टर तक लंबे थ्रेड्स पोस्ट पब्लिश कर सकते हैं। इस पर लिंक, फोटो और वीडियो भी शेयर किए जा सकते हैं। वीडियो 5 मिनट तक लंबे हो सकते हैं। बुधवार रात करीब 11.30 बजे इसे लॉन्च किया गया है। कम्युनिटीज करंट और ट्रेंडिंग दोनों टॉपिक्स पर चर्चा कर सकेंगीइस नए ऐप के जरिए कम्युनिटीज करंट और ट्रेंडिंग दोनों टॉपिक्स पर चर्चा करने के लिए एक साथ आ सकते हैं। इसके जरिए हम अपने फेवरेट क्रिएटर्स के साथ भी कनेक्ट हो सकते हैं।

अपने आइडिया और ओपिनियन को शेयर कर आप अपनी एक लॉयल फॉलोइंग भी बिल्ड कर सकते हैं। ये ऐप हमारी फाइनेंशियल इंफो, कॉन्टेक्ट इंफो जैसा डेटा कलेक्ट करता है। इंस्टाग्राम के हेड ने कहा कि सीईओ के अंडर ट्विटर की अस्थिरता और अप्रत्याशितता ने मेटा को ट्विटर के साथ कॉम्पिटिशन करने का मौका दिया। थ्रेड्स अकाउंट डिलीट करने के लिए इंस्टाग्राम अकाउंट डिलीट करना होगा।मेटा के इस नए प्लेटफॉर्म थ्रेड्स के इस्तेमाल के लिए कोई वेबसाइट नहीं है। अभी इसे केवल ऐप के जरिए एक्सेस किया जा सकता है।

# सरकारी स्कूलों से बेरुखी क्यों

**अंबुज कुमार**

**बिहार** सरकार पदाधिकारी, कर्मचारी,किरानी,चपरासी,डाटा एंट्री ऑपरेटर,आवास सहायक आदि से विद्यालयों की जांच करा रही है। शायद अधिकांश को विषय की समझ एवं शिक्षण कौशल का अभाव होगा। हालांकि हकीकत है कि सरकारी विद्यालयों में छात्रों की उपस्थिति अत्यंत दयनीय है। इसकी पड़ताल नहीं हो रही है। सरकार हकीकत का सामना भी नहीं कर रही है।जितने लोग जांच में शामिल हैं, उनके कोई भी बच्चे सरकारी विद्यालयों में नहीं पढ़ते हैं। आखिर इसका कारण क्या है? आइए इसे समझते हैं। पूंजीवादी संस्कृति विकसित होने के साथ ही बड़े पदाधिकारी, राजनेता और अमीर व्यवसायियों ने अपने बच्चों को अंग्रेजी माध्यम में शिक्षा देने के लिए कॉन्वेंट स्कूलों में नामांकन कराया। अंग्रेजी शिक्षा के माध्यम से उनके बच्चे बहुत आगे बढ़ गए। ज्ञान, विज्ञान,तकनीकी,चिकित्सा, अभियंत्रण,प्रबंधन आदि क्षेत्रों में अंग्रेजी का ही वर्चस्व स्थापित है। यही बात समय बीतने पर अब समाज के निम्न तबकों में भी समझ में आ गई है। वे भी अपने बच्चों को अंग्रेजी माध्यम में शिक्षा देने के लिए निश्चय करने लगे। इसका परिणाम हुआ कि छोटे गांव या कस्बों में भी इंग्लिश मीडियम स्कूलों की भरमार हो गई जहां कम आमदनी वाले लोग भी अपने बच्चों का नामांकन कराने लगे।

बिहार के शिक्षा व्यवस्था की हकीकत है कि यहां मैट्रिक परीक्षा में अंग्रेजी विषय अनिवार्य भी नहीं है। इसमें फेल पास से रिजल्ट पर कोई असर नहीं होता है। इसलिए कोई भी अभिभावक सरकारी विद्यालय में बच्चों को पढ़ाना नहीं चाहता। समय के अनुसार जब सभी जगह अंग्रेजी का प्रभुत्व बढ़ रहा है और अमीर लोग अंग्रेजी माध्यम में बच्चों को पढ़ा रहे हैं, तो साधारण गरीब बच्चों को हिंदी मीडियम में पढ़ाने के लिए बाध्य क्यों कर रहे हैं? यहां वही बच्चे आते हैं,जिनके घर में शिक्षा की रौशनी नहीं फैली है। हालांकि ऐसे घर अब घटते जा रहे हैं। इसमें एक वर्ग ऐसा है,जिसको बच्चे की शिक्षा से कोई मतलब नहीं है। इसी में सुधार की गुंजाइश है। बहरहाल बिहार सरकार को मैट्रिक परीक्षा में अंग्रेजी विषय अनिवार्य करने की जरूरत है। शुरूआत में भले ही एक दो साल असफलता मिलेगी,लेकिन कालांतर में स्थिति बेहतर हो जायेगी। अंग्रेजी शिक्षा के अभाव में राज्य के साधारण गरीब बच्चे वैश्विक स्तर पर अपनी उपस्थिति दर्ज नहीं करा रहे हैं। समय के साथ चले बिना हम सरकारी विद्यालय की तरफ लोगों को आकर्षित नहीं कर सकते हैं।।

## वकालत की धौस: देखी नहीं ऐसी कहीं, अंतत: नोटिस अशोक के घर में की चस्पा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिला मुख्यालय के स्कूल संचालक/अधिवक्ता की ऐसी धौंस कभी किसी ने देखी नहीं होगी। उसने जिला प्रशासन समेत नियम-कानूनों को भी अपनी दौलत के आगे चेरी समझ रखा है। इसके चलते कई बार चित्रकूट क्षेत्र विशेष विकास प्राधिकरण के अधिकारी उसके घर नोटिस देने गये, लेकिन वह कभी नहीं मिला। मजबूरी में अधिकारियों को कर्वी लेखपाल महेन्द्र सिंह के साथ घर जाकर नोटिस चस्पा करना पडा।

शुक्रवार को जिला मुख्यालय के एक स्कूल संचालक/अधिवक्ता की धौंस देखने को मिली। उसने जिला प्रशासन को नाको चने चबवा लिए हैं। अपनी मनमानी व धौंस के चलते नियम-कायदे-कानून उसकी दौलत के सामने चेरी हैं। कई बार चित्रकूट क्षेत्र विशेष विकास प्राधिकरण के जेई आनन्द प्रकाश द्विवेदी उसके घर नोटिस देने गये। वह हर बार नोटिस को लेने से टालमटोल करते रहे। यहां तक कि उसने कई बार जाने के बाद भी अधिकारियों को कोई तवज्जो नहीं दी।

अंततः मजबूर होकर जेई आनन्द प्रकाश द्विवेदी ने सदर लेखपाल महेन्द्र सिंह के साथ अशोक गुप्ता के घर जाकर नोटिस चस्पा किया। नोटिस में कहा है कि शासन ने 12 जुलाई को अशोक गुप्ता के खोह स्थित स्कूल की बाबत सुनवाई की तिथि नियत की है। ऐसे में वह खुद मौजूद रहकर प्राधिकरण के अधिकारियों के समक्ष सुनवाई में हिस्सा लें। ऐसा न करने पर एकतरफा कार्यवाही कर दी जायेगी। यही नोटिस देने को अधिकारीगण बार-बार उसके घर जा रहे थे, लेकिन वह नोटिस नहीं ले रहे थे।

## नौ सितम्बर को लगेगी राष्ट्रीय लोक अदालत

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** अपर जिला जज/सचिव पूर्णकालिक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने बताया कि उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के अनुसार राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के निर्देश पर नौ सितंबर को राष्ट्रीय लोक अदालत लगेगी।

## पुलिस ने दो को किया गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में प्रभारी निरीक्षक राजापुर भास्कर मिश्रा की अगुवाई में र पुलिस ने एक वांछित व एक वारंटी को दबोचा है।

शुक्रवार को दरोगा कन्हैया बक्श सिंह की टीम ने वांछित सोनू उर्फ आरिफ कुरैशी पुत्र मो शाहिद कुरैशी निवासी आमीननगर थाना मैलामी जिला लखीमपुरखीरी को गिरफ्तार किया। टीम में दरोगा कन्हैया बक्श सिंह, सिपाही उज्जवल पाण्डेय शामिल रहे।

वरिष्ठ दरोगा रामवीर सिंह की टीम ने वारंटी नत्थु निषाद पुत्र कृपाल निषाद निवासी बरुवा कस्बा राजापुर को गिरफ्तार किया है। टीम में वरिष्ठ दरोगा रामवीर सिंह, सिपाही उमेन्द्र त्रिपाठी, विजय कुमार पटेल शामिल रहे।

## भारी वाहनों के शहर में प्रवेश का समय बदला

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** यातायात प्रभारी मनोज कुमार ने पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर श्रावण मास में लोगों को हादसे से बचाने व कांवड़ियों की सुरक्षा को शहर क्षेत्र में भारी वाहनों की नोइंट्री के समय में बदलाव किया है।

शुक्रवार को यातायात प्रभारी मनोज कुमार ने बताया कि श्रावण मास के प्रत्येक सोमवार को शहर क्षेत्र में भारी वाहनों का प्रवेश प्रातः 3:30 से रात्रि 21:30 तक प्रतिबन्धित रहेगा। श्रावण मास के अन्य दिनों में शहर क्षेत्र में भारी वाहनों का प्रवेश प्रातः 5:30 से रात्रि 21:30 तक प्रतिबन्धित रहेगा। मार्गवार शहर क्षेत्र में भारी वाहनों के प्रवेश को लोढ़वारा मोड बैरियर 21:30 बजे, सोनेपुर रोड बैरियर 22 बजे, प्रयागराज रोड बैरियर व मानिकपुर रोड बैरियर 22:30 बजे, तुलसी डिग्री कॉलेज बैरियर 23 बजे किया गया है।

उन्होंने कहा कि श्रावण मास के बाद उच्चाधिकारियों के निदेर्शानुसार नोइंट्री के समय में बदलाव की सूचना दी जायेगी।

## रूखमा बुजुर्ग में विकास कार्यों के नाम पर हो रही धांधली, ग्रामीणों ने की जांच की मांग

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** मानिकपुर ब्लाक के रूखमा बुजुर्ग गांव में मनरेगा योजना भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ रही है। तालाब खुदाई के नाम पर बिना कार्य कराए भुगतान हो रहे हैं। तालाब खुदाई, नाला सफाई व खुदाई, मेडबंदी, समतलीकरण तथा चकबंध निर्माण में बडे पैमाने पर धांधली की जा रही है।

शुक्रवार को मानिकपुर ब्लाक के रुखमा बुजुर्ग गांव में भ्रष्टाचार की खबर मिली। गांव में कहीं पर भी कार्य नहीं हुए। बिना कार्यों के धनराशि निकाली गई है। जेसीबी मशीन से कार्य कराये जा रहे हैं। प्रधान प्रतिनिधि खुद रोजगार सेवक का कार्य देख रहा है। फर्जी मस्टररोल भरकर भुगतान करा रहा है। अन्य प्रदेशों में कमाने गए लोगों व गांव में बिना कार्य करने वाले श्रमिकों के नाम का मस्टर रोल भरकर भुगतान करवा रहा है। मनरेगा से कराए पक्के निर्माण कार्यों में स्थानीय सामग्री का उपयोग कर फर्जी बिल बाउचर के सहारे भुगतान करा रहा है।

हैंडपंप रीबोर के नाम पर बड़ा खेल हो रहा है। प्रधान ने निजी जमीनों पर बोर करवाया है। सरकारी निदेर्शों का खुला उल्लंघन कर हैण्डपम्प रीबोर के नाम पर नए हैंडपंप लगवा रहा है। अपने घर के सामने निजी जमीन पर बारात घर का निर्माण करवा रहा है। प्रधान अवैध कमाई के चलते लाखों की लागत से मकान निर्माण करा रहा है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से रूखमा बुजुर्ग गांव में हुए विकास कार्यों की जांच की मांग की है।

## नहर से मिला किशोर का शव, परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

**अयोध्या। शारदा सहायक** नहर में पूराकलंदर थाना क्षेत्र के गाँव नारे स्थित ठोकर पर गुरुवार की दूसरी पहर एक किशोर का शव मिला है। मृतक की शिनाख्त इसी थाना क्षेत्र के गांव कदैला निवासी 16 वर्षीय सूरज साहू पुत्र परागदीन के रूप में हुई है। वह दो दिन पूर्व अपने घर से कैंट थाना क्षेत्र निवासी बहन के घर जाने के लिए निकला था। शव से पैंट और टी शर्ट गायब मिला है, जिसको लेकर परिवार ने हत्या की आशंका जताई है।

थाना क्षेत्र के ग्राम कदैला निवासी बबलू साहू का कहना है कि उनका चचेरा भाई 16 वर्षीय सूरज साहू पुत्र पराग दीन मंगलवार 4 जुलाई को जींस पैंट व टीशर्ट पहनकर साइकिल से अपनी बहन के घर कैंट थाना क्षेत्र के मऊ शिवाला के निकट स्थित गांव शाहबदी के लिए निकला था, लेकिन अपनी बहन के घर नहीं पहुंचा। इसकी जानकारी होने के बाद परिवारीजनों ने लापता सूरज की तलाश शुरू की तो उसकी साइकिल रायबरेली हाइवे के निकट शारदा सहायक बड़ी नहर के बगल खड़ी मिली, लेकिन सूरज का कोई सुराग नहीं मिला। नात-रिश्तेदारों के यहां जानकारी करने के बावजूद कोई सुराग न मिलने पर परिवार की ओर से मामले की लिखित सूचना पुलिस को दी गई। गुरुवार को दूसरी पहर किशोर का शव ग्राम नारे के पास नहर की ठोकर से फंसा मिला।

# आईसीडीएस व पीएम पोषण योजना का खाद्यान्न लॉगिन से मिलेगा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनंद को आईसीडीएस योजना एवं पीएम पोषण योजना के खाद्यान्न परिवहन व्यवस्था से उठान करने बाबत बैठक में जिला खाद्य विपणन अधिकारी ने बताया कि सप्लाई चेन मैनेजमेंट के तहत ये कार्य जिला कार्यक्रम अधिकारी की लॉगिन तथा पीएम पोषण का कार्य बीएसए की लॉगिन से किया जाएगा। शुक्रवार को जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कैम्प कार्यालय में हुई बैठक में कोटेदार के आवंटन की फीडिंग के बाद डीपीओ/बीएसए डिजिटल हस्ताक्षर से ब्लाक गोदामवार लॉक करेंगे। आईसीडीएस मुख्यालय लॉगिन एवं मध्यान्ह भोजन प्राधिकरण मुख्यालय लॉगिन से अन्तिम रूप से त्रैमासिक आवंटन लॉक करते ही उचित दर दुकानवार का ई-चालान खुद जनरेट हो जाएगा। खाद्य एवं रसद विभाग की वेबसाइट के पब्लिक डोमेन पर डाउनलोड को उपलब्ध रहेगा। चालान सृजित होने के बाद डीएसओ लॉगिन से सिंगल स्टेज परिवहन व्यवस्था के तहत योजनाओं के खाद्यान्न उठान को सिंगल स्टेज परिवहन ठेकेदारों को उपलब्ध कराए वाहनों की क्षमतानुसार कोटेदारों के ग्रुप में आ जाएगा। आईसीडीएस योजना के तहत जिला खाद्य विपणन अधिकारी लॉगिन पर रिलीज आर्डर सुरक्षित कर लॉक कर देंगे। भारतीय



खाद्य निगम से प्राप्त रिलीज आर्डर को पोर्टल पर प्राप्त करेंगे। पीएम पोषण योजना को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी लॉगिन पर जिले के कुल रिलीज ऑर्डर इन्डेन्ट इंट्रीकर सुरक्षित कर लॉक करेंगे। जिसे जिला खाद्य विपणन अधिकारी लॉगिन पर भारतीय खाद्य निगम से प्राप्त रिलीज ऑर्डर को पोर्टल पर प्राप्त करेंगे। रिलीज आर्डर मिलते ही डिस्पैचर लॉगिन से योजनाओं का ग्रुपवार खाद्यान्न डिस्पैच किया जाएगा। भारतीय खाद्य निगम से खाद्यान्न की पूरी मात्रा वाहनों में रखवाने की जिम्मेदारी डिस्पैच प्रभारी व डीएसओ की होगी। बैठक में खाद्य विपणन अधिकारी अविनाश झा, डीपीओ मनोज कुमार, डीएसओ संजय मिश्रा, पूर्ति निरीक्षक दिलीप कुमार, बीडीओ आदि मौजूद रहे।

# शिक्षकों की गरिमा-बच्चों से करा रहा मजदूरी: अखिलेश पाण्डेय

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** उप्र प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अखिलेश पांडेय ने बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारियों पर शासनादेशों का उल्लंघन करते हुए शिक्षकों की गरिमा से खिलवाड़ करने तथा स्कूली बच्चों से बाल मजदूरी कराने का आरोप लगाया है।

शुक्रवार को जिलाध्यक्ष ने बताया कि उप्र शासन ने बच्चों के लिए



निःशुल्क पुस्तकें उपलब्ध कराने को कक्षावार, विषयवार बंडल बनाकर विद्यालय तक पहुंचाने के निर्देश विभाग को दिये हैं।

इसके लिए पर्याप्त बजट भी दिया है। चित्रकूट ब्लॉक में विद्यालय मे अध्ययनरत 14 वर्ष से कम उम्र के छात्रों से बाल मजदूरी करवाई जा रही है। बच्चों और शिक्षकों से किताबों को बोरे मे भरवाया जा रहा है। शिक्षक उस बोरे को अपने कंधे मे रखकर ढो रहे हैं।

जिलाध्यक्ष ने कहा कि जिले का शिक्षा विभाग शासनादेश का उल्लंघन करने के साथ शिक्षकों की गरिमा को तारतार कर रहा है। बाल अधिकारों के साथ भी खिलवाड कर रहा है। शिक्षक नेता ने शासन-प्रशासन से मामले को गंभीरता से लेते हुए दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है।

# केन्द्रीय विद्यालय के बच्चे देश-प्रदेश में करें नाम रोशन: डीएम

## डीएम ने केंद्रीय विद्यालय के नवनिर्मित कक्षा-कक्षों का किया लोकार्पण

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** केंद्रीय विद्यालय के संचालन को गैप्स योजना के तहत दो नवनिर्मित कक्षा-कक्षों का लोकार्पण जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने किया।

शुक्रवार को केंद्रीय विद्यालय की कलर पार्टी/स्काउट टीम व प्राचार्य विनोद कुमार के जिलाधिकारी का स्वागत किया। नवनिर्मित कक्षाओं के संचालन को जिलाधिकारी ने एक छात्रा से फीता कटवाकर कक्षा-कक्षों को पठन-पाठन को शुरू किया। सीवी रमन साइंस क्लब के छात्र सचिव प्रस्तुति पावनी को जिलाधिकारी ने शील्ड देकर सम्मनित किया। आईआईटी कानपुर मे होने वाली विज्ञान एवं गणित प्रदर्शनी मे कक्षा 12वीं के छात्र अखंड केशरवानी को भी



जिलाधिकारी ने शुभकामनायें दी। अन्य सफल छात्रों प्रसून नारायण तिवारी, प्रियांशी सिंह समेत केंद्रीय विद्यालय के 12वीं के छात्र रागीश पटेल को सकूरा के तहत जापान जाने पर शुभकामनाएं दीं।

उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि केन्द्रीय विद्यालय के भवन निर्माण को पुरवा तरौंहा में जमीन मंजूरी की घोषणा हुई है। छात्र-छात्राओं को आगे बढ़ने को प्रेरित किया। देश-प्रदेश में नाम रोशन करें। छात्र-छात्राओं ने स्वागत गीत पेश किया। संचालन पीएन तिवारी ने किया। कार्यक्रम में केंद्रीय विद्यालय की ओर से जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी को स्मृति चिन्ह भेंट किए। मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर, प्रभारी जिला विद्यालय निरीक्षक एवं जीआईसी के प्रधानाचार्य विजय कुमार, जीजीआईसी प्रधानाचार्य पुष्पा वर्मा, सीआईसी प्रधानाचार्य डॉ रणवीर सिंह चैहान, लोक निर्माण विभाग प्रांतीय निर्माण खंड के सहायक अभियंता, कनिष्ठ अभियंता अशोक साहू, राजेश मौर्या, फिरोज नुसरत, अवधेश पाल, विनय पांडेय, मुकेश तोमर, अमित कुमार सिंह, मनीष त्रिपाठी, पारुल देवी, आलोक श्रीवास्तव, अंशुमान सिंह, बद्रीश शुक्ला, सीपी द्विवेदी समेत आदि मौजूद रहे।

# तीन दम्पतियों के विवाद को पुलिस ने सुलझाया

## खुशी-खुशी तीनों दम्पति गये घर

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर सामाजिक रिश्ते को बचाने को जारी प्रयास में पुलिस कार्यालय स्थित परिवार परामर्श केन्द्र ने तीन दम्पत्ति जोड़ों में सुलह कराकर परिवार को टूटने से बचाया।

शुक्रवार को कोतवाली कर्वी की मछली मंडी की श्रीमती सग्गो देवी पत्नी पवन केवट ने पति पवन केवट के शराब पीकर मारपीट करने व मऊ थाने के खोपा गांव की श्रीमती सविता देवी पत्नी दीपक सिंह ने पति पर घरेलु कलह करने तथा



मानिकपुर थाने के कटहापुरवा गांव की श्रीमती पार्वती देवी पत्नी आलोक पयासी ने पति आलोक के शराब पीकर मारपीट करने की बाबत पुलिस अधीक्षक को पत्र सौंपा था। पुलिस अधीक्षक ने पत्रों के निस्तारण को प्रभारी परिवार परामर्श केन्द्र को भेजा था।

प्रभारी परिवार परामर्श केन्द्र निरीक्षक श्रीमती रीता सिंह ने शिकायतकताओं की शिकायतों को विस्तार से सुन-समझकर दूसरे पक्षों को पुलिस कार्यालय बुलाया। दोनो पक्षों को भविष्य में विवाद न करने तथा पारिवारिक कर्तव्यों का पालन करने के प्रति समझाया। आपसी सुलह से तीनों दम्पत्ति जोड़ों को प्रभारी परिवार परामर्श केन्द्र ने तालमेल से रहने एवं पारिवारिक दायित्वों का पालन करने की सलाह दी।

टीम में प्रभारी परिवार परामर्श केन्द्र निरीक्षक श्रीमती रीता सिंह, महिला सिपाही सुरुचि चैधरी, रक्षा यादव, शिवांगनी श्रीवास्तव शामिल रहीं।

# परेड की सलामी लेकर एसपी ने लगाया आम का पौधा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला ने पुलिस लाइन में परेड की सलामी लेकर परेड का निरीक्षण किया। निरीक्षण दौरान परेड की गुणवत्ता देखी। सुधार को दिशा-निर्देश दिये। शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक ने परिवहन शाखा का निरीक्षण कर पीआरवी वाहनों में उपलब्ध उपकरणों की जांच की। पुलिस कर्मियों से उनके उपयोग की बाबत पूंछा। उन्होंने मेस का निरीक्षण कर भोजन की गुणवत्ता में सुधार के निर्देश दिये। पुलिस लाइन के आवासीय परिसर का भ्रमण कर साफ-सफाई को प्रतिसार निरीक्षक को निर्देश दिये।



सीपीसी कैन्टीन का निरीक्षण कर सामान की समय-समय पर खरीददारी को बताया।उन्होंने अपने कर कमलों से पुलिस लाइन परिसर में आम का पौधा रोपित किया। इस दौरान क्षेत्राधिकारी लाइन, प्रतिसार निरीक्षक आदि ने भी पुलिस लाइन में वृक्षारोपण किया। इस मौके पर क्षेत्राधिकारी लाइन शीतला प्रसाद पाण्डेय, प्रतिसार निरीक्षक शिव नारायण, उनि एपी रामदीन आदि मौजूद रहे।

## ऑडिटोरियम का कार्य 25 तक करें पूरा: डीएम, डीएम-सीडीओ ने ऑडिटोरियम व आजीविका प्रशिक्षण केन्द्र निर्माण देखा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द व सीडीओ अमृतपाल कौर ने ऑडिटोरियम एवं आजीविका प्रशिक्षण केंद्र निर्माण का निरीक्षण कर फॉल सीलिंग, खिड़की दरवाजा, विद्युत फिटिंग, पैनलिंग, आफ्टा, साउंड सिस्टम, स्पीकर, फ्लोरिंग, लाइटिंग आदि कार्यों को देखा।

शुक्रवार को जिलाधिकारी ने परियोजना प्रबंधक राजकीय निर्माण निगम को निर्देश दिए कि 25 जुलाई तक प्रत्येक दशा में कार्य पूरा करायें। परियोजना निदेशक डीआरडीए से कहा कि अधिशासी अभियंता विद्युत से संपर्क कर विद्युत व्यवस्था करायें। इंटरलॉकिंग रोड बाउंड्रीवाल, मुख्य गेट आदि का भी कार्य समय से पूरा करायें।

जिलाधिकारी व सीडीओ ने आजीविका प्रशिक्षण केन्द्र निर्माण देखकर परियोजना प्रबंधक को सख्त निर्देश दिए कि उनके पहले के निरीक्षण दौरान दिए निर्देश के बाद भी मुख्य मार्ग का निर्माण नहीं कराया गया। ये स्थिति ठीक नहीं है, तत्काल सड़क का निर्माण करायें। उन्होंने फ्लोरिंग मुख्य गेट के भी कार्य देखे। बाउंड्रीवाल के अधूरे कार्य को तत्काल पूरा करायें। पुरानी सामग्री को यहां से हटायें। दोनों कार्यों को शासन से निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा करायें। इसमें कोई लापरवाही नहीं होनी चाहिए। निरीक्षण में परियोजना निदेशक ऋषिमुनि उपाध्याय, परियोजना प्रबंधक राजकीय निर्माण निगम रामफल आदि मौजूद रहे।

## दिव्यांग पुरस्कार को 30 तक करें आवेदन

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी प्रतिभा पाल ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति वित्तीय वर्ष 2023-24 में विश्व दिव्यांग दिवस तीन दिसम्बर के मौके पर दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग दिव्यांगता के क्षेत्र में कार्य करने वाले लोगों/संस्थाओं को विभिन्न श्रेणी के राज्य स्तरीय पुरस्कार देगी। निदेशालय दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग ने पुरस्कार को आवेदन देने की तिथि 30 जुलाई निर्धारित की है।

शुक्रवार को उन्होंने बताया कि राज्य स्तरीय पुरस्कार नियमावली के तहत पुरस्कार को श्रेणियों में बांटा गया है। दक्ष दिव्यांग कर्मचारी/स्वनियोजित दिव्यांगजन को राज्य स्तरीय पुरस्कार, दिव्यांगजन को सर्वश्रेष्ठ व्यक्ति प्लेसमेंट अधिकारी या एजेन्सी को सेवा योजकों को राज्य स्तरीय पुरस्कार, दिव्यांगजनों को कार्यरत सर्वश्रेष्ठ व्यक्ति तथा सर्वश्रेष्ठ संस्था को राज्य स्तरीय पुरस्कार, प्रेरणा श्रोत को राज्य स्तरीय पुरस्कार, दिव्यांगजन के जीवन सुधारने को सर्वश्रेष्ठ नवीन अनुसंधान या उत्पाद विकास को राज्य स्तरीय पुरस्कार दिया जायेगा।

## दिव्यांग शादी पर मिलेंगे रुपये

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी प्रतिभा पाल ने बताया कि दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग से संचालित दिव्यांग शादी-विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार अनुदान योजना के तहत युवक-युवती में से युवक के दिव्यांग होने पर 15 हजार रुपए व युवती के दिव्यांग होने पर 20 हजार रुपए अथवा दोनों के दिव्यांग होने पर 35 हजार रुपए मिलेंगे।

शुक्रवार को उन्होंने बताया कि योजना के तहत शादी की दिनांक को युवक की आयु 21 वर्ष से कम न हो एवं 45 वर्ष से अधिक न हो। युवती की आयु 18 वर्ष से कम एवं 45 वर्ष से अधिक न हो। इस योजना के तहत चालू वित्तीय वर्ष एवं विगत वित्तीय वर्ष में सम्पादित विवाह के आवेदन ही मान्य होंगे। आवेदक अपना आय प्रमाण पत्र पति/पत्नी में से कोई भी आयकर दाता न हो। पति व पत्नी का संयुक्त खाता, पति व पत्नी का आधारकार्ड की छायाप्रति एवं पति व पत्नी की संयुक्त फोटो एवं शादी का कार्ड समेत आवेदन आनलाइन कराकर अपलोड करें। हार्डकापी उनके कार्यालय में एक सप्ताह के अन्दर जमा करें।

## दहेज हत्या में तीन को हुई 10-10 वर्ष की सजा, सात-सात हजार रुपये का हुआ जुमार्ना

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** मिशन शक्ति अभियान के तहत न्यायालय में लम्बित वाद में पैरवी कर अपराधियों को सजा दिलाने को पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निदेर्शों के अनुपालन में कर्वी कोतवाल गुलाब त्रिपाठी व पैरोकार अमरेन्द्र प्रताप सिंह की पैरवी से तीन आरोपियों को दस-दस वर्ष की सजा व सात-सात हजार रुपये का जुमार्ना हुआ।

शुक्रवार को सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी गोपाल दास की प्रभावी बहस के नतीजतन न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश/फास्ट ट्रैक कोर्ट संजय कुमार ने कोतवाली कर्वी में दर्ज दहेज हत्या के आरोपी रविशंकर पुत्र रामआसरे, अनिल कुमार उर्फ पप्पू पुत्र बच्चा व तेरसिया पत्नी बच्चा निवासी खरौंध कोतवाली कर्वी को 10-10 वर्ष की सजा व सात-सात हजार रुपये के जुमार्ना से दंडित किया।

उल्लेखनीय है कि वादी शिवमूर्ती पुत्र शिवमोचन निवासी बाबूपुरवा थाना कमासिन जिला बांदा ने कोतवाली कर्वी में तहरीर दी थी कि पुत्री पूजा को ससुरालीजन दहेज को प्रताड़ित करते थे। दहेज की मांग पूरी न होने पर सास तेरसिया, पति अनिल कुमार उर्फ पप्पू व चाचा ससुर रविशंकर ने हत्या कर दी है। सूचना पर पुलिस ने दहेज हत्या का मामला दर्जकर सभी को आरोपी बनाया था। तत्कालीन क्षेत्राधिकारी नगर रजनीश कुमार यादव ने आरोपियों के खिलाफ 24 नवम्बर 2019 व चार फरवरी 2020 को आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया था।

## पाकिस्तान में 4.3 और इंडोनेशिया में 5.6 तीव्रता का भूकंप

**इस्लामाबाद/जकार्ता।** पाकिस्तान और इंडोनेशिया में आज (शुक्रवार) भूकंप के झटके महसूस किए गए। दोनों देशों में इसकी तीव्रता अलग-अलग रही। पाकिस्तान में सुबह पांच बजकर 11



मिनट पर आए भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 4.3 और इंडोनेशिया में 5.6 रही। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी के अनुसार, पाकिस्तान में इसकी गहराई 170 किलोमीटर बताई गई। भूकंप का केंद्र अक्षांश 31.22 और देशांतर 70.21 पर रहा। इससे अभी तक किसी तरह के क्षति की सूचना नहीं है। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी के अनुसार इंडोनेशिया के पूर्वी प्रांत मालुकु में भूकंप स्थानीय समयानुसार 00-13 बजे आया। इसका केंद्र तनिंबर द्वीप जिले से 207 किलोमीटर उत्तर पश्चिम में और समुद्र तल से 131 किलोमीटर की गहराई में स्थित था।

## 'बिम्सटेक को बनाएं सीमा-मुक्त व्यापक पर्यटन क्षेत्र', श्रीलंका के राष्ट्रपति विक्रमसिंघे का सुझाव

**कोलंबो।** श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे ने बंगाल की खाड़ी स्थित देशों के मंच बिम्सटेक को पर्यटन के लिहाज से एक सीमा-मुक्त क्षेत्र बनाने का सुझाव दिया है। बता दें, बिम्सटेक में भारत, श्रीलंका, बांग्लादेश, म्यांमा, थाईलैंड, नेपाल और भूटान शामिल हैं विक्रमसिंघे भारतीय ट्रैवल एजेंट संघ (टीएएआई) के 67वें वार्षिक सम्मेलन के उद्घाटन समारोह में शामिल हुए थे। इस मौके पर उन्होंने कहा कि बंगाल की खाड़ी स्थित सात देशों के बहु-क्षेत्रीय तकनीकी एवं आर्थिक सहयोग मंच बिम्सटेक को पर्यटन का एक सीमा-मुक्त क्षेत्र बना दिया जाना चाहिए। चार दिवसीय टीएएआई सम्मेलन का विषय 'सीमाओं को पार करना, जीवन को बदलना' है।

उन्होंने कहा कि श्रीलंका को दिवालियापन का सामना करना पड़ा और अब जब हम इससे बाहर निकल रहे हैं, तो ऋण पुनर्गठन प्रक्रिया हो रही है। उन्होंने कहा कि हमें अभी भी याद रखना होगा कि व्यापार संतुलन हमारे पक्ष में नहीं है। इसलिए, हमें आने वाले समय में व्यापार का सकारात्मक संतुलन सुनिश्चित करना होगा। धन जुटाने का एक तरीका जो ऋण पैदा करने वाला नहीं है, वह पर्यटन है। इसलिए इसका भरपूर इस्तेमाल किया जाएगा। विक्रमसिंघे ने श्रीलंका को 2022 के संकट से तेजी से उबरने में मदद करने के लिए उनकी सरकार द्वारा बनाई गई सात गोल्फ कोर्स और अधिक रिसॉर्ट्स सहित कई परियोजनाओं के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा कि पर्यटन क्षेत्र की योजनाओं को समायोजित करने के लिए कुछ कानूनों में बदलाव किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आने वाले 10 वर्षों में आपके पास एक नया उद्योग होगा। इसके लिए हमें अपनी संपर्क सुविधाओं को भी तैयार करना होगा। विक्रमसिंघे ने कहा कि मेरा सुझाव है कि समूचे बिम्सटेक को ही क्यों नहीं एक व्यापक पर्यटन क्षेत्र बना दिया जाए।

## जयशंकर ने चीन पर बोला हमला, कहा- भारत 'अधिग्रहीत अर्थव्यवस्था' नहीं; अफ्रीका को लेकर कही यह बात

**तंजानिया।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने चीन पर परोक्ष रूप से हमला करते हुए कहा कि कुछ अन्य देशों के विपरीत भारत 'एक अधिग्रहीत अर्थव्यवस्था' नहीं है और यह संसाधन संपन्न अफ्रीकी महाद्वीप में 'संकीर्ण आर्थिक गतिविधियां' नहीं चला रहा है। जंजीबार का दौरा करने के बाद यहां पहुंचे जयशंकर ने तंजानिया के दार-एस-सलाम शहर में भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए यह टिप्पणी की। जयशंकर ने ट्वीट किया, दार एस सलाम में भारतीय समुदाय के सदस्यों के साथ रोचक बातचीत हुई। मिशन आईटी (इंडिया और तंजानिया) के महत्व पर जोर दिया। मजबूत भारत-अफ्रीका संबंध, विशेष रूप से पूर्वी अफ्रीका के साथ हमारे गहरे संबंधों पर जोर दिया गया; भारत और तंजानिया का संबंध हृदय भावना की एकजुटता और हितों की पारस्परिकता है। उन्होंने ट्वीट किया, यह माना जाता है कि भारतीय समुदाय इस रिश्ते की अभिव्यक्ति, योगदानकर्ता और शक्ति हैं।

## भारतीय मूल के थर्मन शनमुगरत्नम लड़ेंगे सिंगापुर के राष्ट्रपति का चुनाव, छोड़ा मंत्री पद

**सिंगापुर।** सिंगापुर की राजनीति के दिग्गज माने जाने वाले भारतीय मूल के थर्मन शनमुगरत्नम् इस वर्ष होने वाला राष्ट्रपति का चुनाव लड़ेंगे। इसके लिए उन्होंने मंत्री पद छोड़ने के साथ सभी राजनीतिक व आधिकारिक पदों से इस्तीफा दे दिया है। सिंगापुर में हर छह साल में होने वाला राष्ट्रपति चुनाव इस साल वर्तमान राष्ट्रपति हलीमा याकूब का कार्यकाल खत्म होने से पहले होना है। उनका कार्यकाल 13 सितंबर को खत्म हो रहा है। सिंगापुर में राष्ट्रपति पद के लिए कड़े नियम और शर्तें हैं। राष्ट्रपति चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवार को सिंगापुर का नागरिक होना आवश्यक है। उसकी उम्र 45 से ज्यादा होनी चाहिए और वह सिंगापुर में कम से कम 10 साल से रह रहा हो। नामांकन के दौरान वह किसी भी पार्टी से जुड़ा न हो और उसने सार्वजनिक और निजी



सेवा में कम से कम 20 साल तक काम किया हो। राष्ट्रपति का चुनाव लड़ने के लिए भारतीय मूल के 66 वर्षीय थर्मन शनमुगरत्नम ने पीपुल्स एक्शन पार्टी सहित मंत्रिमंडल से भी इस्तीफा दे दिया। थर्मन ने साल 2001 में राजनीति में कदम रखा था। इस दौरान उन्होंने कैबिनेट में कई पद भी संभाले। वह देश के उप-प्रधानमंत्री, शिक्षा मंत्री और वित्त मंत्री भी रह चुके हैं। इसके अलावा वे सिंगापुर के मौद्रिक प्राधिकरण और वास्तविक केंद्रीय बैंक के अध्यक्ष और सॉवरेन वेल्थ फंड जीआईसी के उपाध्यक्ष का पद भी संभाल चुके हैं। थर्मन आर्थिक विकास बोर्ड की अंतर्राष्ट्रीय सलाहकार परिषद के अध्यक्ष भी रहे।

पिछले दो दशकों से अधिक समय तक देश की जनता के लिए काम करने के बाद अब वह सभी राजनीतिक और आधिकारिक पदों से इस्तीफा देकर राष्ट्रपति चुनाव लड़ने जा रहे हैं। उनकी आखिरी संसदीय बैठक पर सदन की नेता इंद्राणी राजा ने कहा कि हम थर्मन और उनके प्रभावशाली भाषणों को बहुत याद करेंगे। उनका सबसे बड़ा तोहफा जटिल आर्थिक सिद्धांतों को सरल बनाना है। हम उनकी बुद्धिमता और हास्य को भी बहुत याद करेंगे। यहां ज्यादातर लोग उन्हें एक दोस्त और संसद के सदस्य के तौर पर याद करेंगे।

## विपक्षी यूएमएल ने प्रधानमंत्री प्रचंड के इस्तीफे की मांग करते हुए संसद सत्र बाधित किया

**काठमांडू।** विपक्षी सीपीएन (यूएमएल) ने प्रधानमंत्री पुष्प कमल दाहाल 'प्रचंड' के इस्तीफे की मांग करते हुए शुक्रवार को नेपाली संसद में नेशनल असेंबली की बैठक को बाधित किया। यूएमएल ने बुधवार से संसद नहीं चलने दी है। नेशनल असेंबली के अध्यक्ष गणेश प्रसाद तिमिल्सिना ने आज यूएमएल सांसद बिमला घिमिरे को बोलने के लिए समय दिया, लेकिन यूएमएल ने बैठक को आगे नहीं बढ़ने दिया। उन्होंने यह रुख अपनाया है कि जब तक प्रधानमंत्री प्रचंड इस्तीफा नहीं दे देते, बैठक आगे नहीं बढ़ेगी। प्रचंड ने यह रुख अपना लिया है कि वह किसी भी हालत में इस्तीफा नहीं देंगे। उन्होंने यूएमएल के कदम को पानी का बुलबुला बताया। इससे पहले सोमवार को लेखक किरणदीप सिंधु की पुस्तक 'रोड्स टू द वैली द लिगेसी ऑफ सरदार प्रीतम सिंह इन नेपाल' के विमोचन के मौके पर प्रचंड ने खुद को प्रधानमंत्री बनाने में सिंह की भूमिका के बारे में बताया था। उन्होंने कहा कि प्रीतम सिंह खुद को प्रधानमंत्री बनाने के लिए कभी दिल्ली जाते हैं, तो कभी नेपाल की प्रमुख पार्टियों के नेताओं से चर्चा करते हैं। प्रचंड के सचिवालय ने इस बयान का खंडन किया है। सत्तारूढ़ गठबंधन ने प्रचंड के लिए अपना समर्थन बरकरार रखने का फैसला किया है।



## तंजानिया में बोले भारतीय विदेश मंत्री- भारत नहीं चला रहा संकीर्ण आर्थिक गतिविधियां

**डोडोमा।** भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर तंजानिया दौरे पर पहुंचे हैं। वहां उन्होंने कहा है कि कुछ अन्य देशों के विपरीत भारत एक अधिग्रहीत अर्थव्यवस्था नहीं है और संसाधन संपन्न अफ्रीकी महाद्वीप में संकीर्ण आर्थिक गतिविधियां नहीं चला रहा है। भारतीय विदेश मंत्री ने मिशन आईटी (इंडिया और तंजानिया) के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि यह मिशन इस देश की कुछ सबसे महत्वपूर्ण प्राथमिकताओं को संबोधित करता है। भारत यहां अन्य देशों की तरह संकीर्ण आर्थिक उद्देश्यों के लिए मौजूद नहीं है। भारत के लिए यह एक व्यापक और गहरी साझेदारी है। उन्होंने कहा कि आज दुनिया भारत को एक योगदानकर्ता के रूप में देखती है। दुनिया भारत, भारतीय कंपनियों, भारतीय प्रौद्योगिकियों, भारतीय क्षमताओं को उनके लिए बेहतर जीवन बनाने में मदद करने वाले के रूप में देखती है। एस जयशंकर ने तंजानिया के दार-एस-सलाम शहर में भारतीय समुदाय को भी संबोधित किया। भारतीय समुदाय से मुलाकात के बाद उन्होंने ट्वीट कर कहा कि दार एस सलाम में भारतीय समुदाय के सदस्यों के साथ रोचक बातचीत हुई। मजबूत भारत-अफ्रीका संबंध, विशेष रूप



से पूर्वी अफ्रीका के साथ हमारे गहरे संबंधों पर जोर दिया गया। भारत और तंजानिया का संबंध हृदय भावना की एकजुटता और हितों की पारस्परिकता है। यह माना जाता है कि भारतीय समुदाय इस रिश्ते की अभिव्यक्ति, योगदानकर्ता और शक्ति हैं। उन्होंने बताया कि कैसे भारत और तंजानिया की दोस्ती तंजानिया के औसत जीवन में बदलाव ला रही है। हमारी जल परियोजनाओं से सालाना 750 स्लॉट के साथ 80 लाख लोगों को लाभ होगा। भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि तंजानिया प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण में भारत का सबसे बड़ा अफ्रीकी साझेदार है। भारतीय समुदाय ऐतिहासिक रूप से आपसी रिश्ते की ताकत का स्रोत रहा है। जैसे-जैसे हमारे संबंधों का विस्तार होगा, वैसे-वैसे उनकी भूमिका भी बढ़ेगी। आज हम अफ्रीका को विकसित होते देखना चाहते हैं। हम अफ्रीकी अर्थव्यवस्थाओं को विकसित होते देखना चाहते हैं। आज अफ्रीका के प्रति हमारा दृष्टिकोण अफ्रीका के साथ अधिक व्यापार करना, अफ्रीका में निवेश करना, अफ्रीका के साथ काम करना, अफ्रीका में क्षमताएं बनाना है, ताकि अफ्रीका का भी उत्थान हो जैसे भारत जैसे देश एशिया में बढ़ रहे हैं।

## दक्षिण अफ्रीका में बंद खदान से जहरीली गैस का रिसाव, 17 लोगों की हुई मौत

**जोहानिसबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका में एक बंद खदान में जहरीली गैस का रिसाव होने से 17 लोगों की मौत हो गई है। यह हादसा उस समय हुआ जब ये लोग खदान से अवैध तरीके से सोना निकाल रहे थे। मरने वालों में एक साल का बच्चा भी है। इस हादसे में घायल 10 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि घटना बुधवार शाम जोहानिसबर्ग के पूर्व में बोक्सबर्ग शहर के पास हुई। खदान से निकाली गई मिट्टी से सोना निकालने के लिए अत्यधिक जहरीली नाइट्रेट ऑक्साइड गैस के उपयोग करने के कारण यह हादसा हुआ।

गौतेंग प्रांत के प्रमुख पन्याजा लेसुफी ने मीडिया को बताया कि मृतकों में एक साल का बच्चा भी है। उन्होंने 17 लोगों के मरने की पुष्टि की। उन्होंने कहा कि माना जा रहा है कि अन्य लोग बंद पड़ी इस खदान में काम करने वाले अवैध खनिक हैं। 10 लोग अभी अस्पताल में भर्ती हैं। दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा ने मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। राष्ट्रपति कार्यालय द्वारा जारी एक



बयान में कहा गया है कि भविष्य में इस तरह की आपदाओं से बचने के लिए जांचकर्ताओं से इस घटना की तह तक जाने का आग्रह किया। लेसुफी बुधवार रात को ही घटना स्थल पर पहुंच गए थे और उन्होंने घटना की जांच के लिए फॉरेंसिक विशेषज्ञों को तैनात कर दिया है। लेसुफी ने प्रांत की परित्यक्त खदानों में काम कर रहे अवैध खनिकों के खिलाफ त्वरित कार्रवाई का वादा किया।

चश्मदीद मंडला मारुंडा ने बताया कि जब उसने लोगों को एक-एक करके नीचे गिरते देखा तो वह भागने लगा। उन्होंने कहा कि गैस की गंध सड़े हुए अंडे जैसी थी। गौतेंग की स्वास्थ्य मंत्री नोमंतु नकोमो-रालेहोको ने स्थानीय मीडिया को बताया कि अस्पताल में भर्ती लोगों की हालत में सुधार हो रहा है। वार्ड एक में दो महीने की बच्ची है, अब उसकी हालत ठीक है।

## अमेरिकी सांसदों की भारतीय मिशन की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग

**वाशिंगटन।** अमेरिका के दो सांसदों ने सैन फ्रांसिस्को में भारतीय वाणिज्य दूतावास पर दूसरे हमले के बाद विदेश मंत्रालय से भारतीय राजनयिकों और राजनयिक मिशनों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है। उन्होंने गुरुवार को मंत्रालय से जिम्मेदार लोगों को पकड़ने के लिए कानून प्रवर्तन एजेंसियों के साथ काम करने का भी आह्वान किया। अमेरिकी कांग्रेस के सदस्य रो खन्ना और माइकल वाल्ट्ज ने कहा, इंडिया कॉकस के सह अध्यक्ष के रूप में हम सैन फ्रांसिस्को में भारतीय वाणिज्य दूतावास में आगजनी और बर्बरता के प्रयास और राजदूत संधू सहित भारतीय राजनयिकों के खिलाफ हिंसक बयानबाजी और सोशल मीडिया पर प्रसारित पोस्टरों की कड़ी निंदा करते हैं। डेमोक्रेट सांसद खन्ना और रिपब्लिकन सांसद वाल्ट्ज खालिस्तान के लिए लड़ने का दावा करने वाले एक समूह द्वारा भारतीय राजदूत तरनजीत सिंह संधू को व्यक्तिगत धमकियों का जिक्र किया। खन्ना और वाल्ट्ज ने कहा, हम प्रत्येक अमेरिकी के लिए स्वतंत्र भाषण और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अधिकार का समर्थन करते हैं, लेकिन यह संपत्ति को नुकसान पहुंचाने या हिंसा भड़काने का लाइसेंस नहीं है।उन्होंने कहा कि राजनयिक सुविधाओं के खिलाफ हिंसा एक आपराधिक अपराध है और इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। हम विदेश मंत्रालय से भारतीय वाणिज्य दूतावास में हुए नुकसान की जांच में कानून प्रवर्तन के साथ समन्वय करने और इसमें शामिल लोगों को जवाबदेह ठहराने का आग्रह करते हैं।

## ल्वीव में रूसी मिसाइल हमले में पांच लोगों की मौत, कई घायल

**ल्वीव।** पश्चिमी यूक्रेन के ल्वीव शहर की एक इमारत पर रूसी क्रूज मिसाइलों के हमले में कम से कम पांच लोग मारे गए। अधिकारियों ने कहा कि पिछले साल से यूक्रेन पर आक्रमण के बाद से यह ल्वीव के नागरिक इलाकों पर रूस का सबसे भीषण हमला था।

रात के समय हुए हमले में एक आवासीय इमारत की छत और ऊपरी दो मंजिलें नष्ट हो गई, जिससे 36 लोग घायल हो गए।

सहायता प्रदान की गई। ल्वीव के मेयर आंद्री सदोवयी ने कहा कि



हमले वाली जगह पर करीब 60 घर और 50 कारें क्षतिग्रस्त हो गई हैं। उन्होंने दो दिनों के आधिकारिक शोक की घोषणा की है। यूक्रेन में अमेरिकी राजदूत ब्रिगेट ब्रिंक ने हमले को दोषपूर्ण करार दिया। उन्होंने ट्वीट किया कि रूस द्वारा नागरिकों पर बार-बार किए जा रहे हमले बहुत भयावह हैं। यूक्रेन की वायु सेना ने बताया कि उसने रूस द्वारा काला सागर से ल्वीव क्षेत्र और ल्वीव शहर की ओर दागी गई 10 क्रूज मिसाइलों में से सात को नाकाम कर दिया। क्रेमलिन की सेना ने युद्ध के दौरान बार-बार नागरिक क्षेत्रों पर हमला किया है, हालांकि रूसी अधिकारियों ने इससे इनकार करते हुए कहा कि वे केवल सैन्य महत्व के ठिकाने चुनते हैं। सदोवयी ने नागरिकों से एक वीडियो संदेश में कहा कि पिछले साल आक्रमण की शुरुआत के बाद से ल्वीव के नागरिक बुनियादी ढांचे पर यह सबसे बड़ा हमला था।

देश के पूर्वी हिस्से से हजारों लोग सुरक्षा के वास्ते ल्वीव में शरण लिए हुए हैं। गृह मंत्रालय ने कहा कि 64 लोगों को अपना घर छोड़ना पड़ा है। घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि दुश्मन को इसका निश्चित रूप से जवाब मिलेगा। कड़ा जवाब मिलेगा। बाद में वह नई पश्चिम-समर्थक सरकार के निमंत्रण पर बृहस्पतिवार को बुल्गारिया की आधिकारिक यात्रा पर रवाना हुए। इस यात्रा के एजेंडे में हथियार आपूर्ति के बारे में बातचीत भी शामिल है।

जेलेंस्की ने हमले से जुड़े ड्रोन कैमरे के फुटेज भी पोस्ट किए, जिसमें क्षतिग्रस्त इमारत की तस्वीरें नजर आ रही हैं। तस्वीरों में नजर आ रहा है कि इमारत के तीसरे और चौथे तल हमले में तबाह हो गए हैं।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

## आधुनिक युग में बार्टर सिस्टम से कारोबार की पाकिस्तान की योजना मुंह के बल गिरी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान सरकार कर्ज की नई किस्त देने के लिए अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) को मनाने में कामयाब रही, लेकिन देश को आर्थिक संकट से निकालने की उसकी एक दूसरी रणनीति मुंह के बल गिर पड़ी है। महीने भर पहले पाकिस्तान सरकार ने अफगानिस्तान, ईरान और रूस के साथ वस्तुओं की अदला-बदली (बार्टर सिस्टम के जरिए) कारोबार करने का प्रावधान किया था। यह निर्णय विदेशी मुद्रा भंडार में तेजी से आ रही गिरावट को रोकने के लिए लिया गया था। लेकिन यह रणनीति आगे नहीं बढ़ पाई है। पाकिस्तान सरकार के वाणिज्य मंत्रालय ने 57 ऐसी वस्तुओं की सूची पिछले महीने जारी की थी, जिनमें एक के बदले दूसरी चीज का आदान-प्रदान कर तीन देशों के साथ व्यापार किया जा सकता है। इन वस्तों में कच्चा तेल और प्राकृतिक गैस शामिल



हैं। पाकिस्तान सरकार ने इसके लिए बिजनेस-टू-बिजनेस बार्टर ट्रेड मेकेनिज्म 2023 नाम से आदेश जारी किया था। अब महीने भर जानकारों का कहना है कि यह सिस्टम कारोबारियों का ध्यान तक नहीं खिंच पाया है। यह भी खबर है कि अफगानिस्तान की तालिबान सरकार ने इस सिस्टम के तहत कारोबार करने में कोई रुचि नहीं दिखाई है। विशेषज्ञों के मुताबिक प्राचीन और मध्य काल में बार्टर सिस्टम ही प्रचलित था। लेकिन आधुनिक दौर में इस माध्यम से कारोबार लगभग ना के बराबर रह गया है। पाकिस्तान के प्रांत खैबर पख्तूनवा के व्यापारियों की संस्था सरहद चैंबर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारी शाहिद हुसैन ने वेबसाइट निक्कईएशिया.कॉम को बताया- 'सीमाई इलाकों में रहने वाले कई व्यापारी पहले ही अफगानिस्तान से चीजें मंगवाते हैं और उनके बदले पाकिस्तान में निर्मित होने वाली वस्तुएं उन्हें देते हैं। लेकिन ऐसे कारोबार की मात्रा बहुत थोड़ी है।' वाणिज्य मंत्रालय के एक अधिकारी ने अपना नाम गुप्त रखने की शर्त पर निक्कईएशिया को बताया कि पाकिस्तान सरकार ने यह कदम विदेशी मुद्रा भंडार में लगातार आ रही गिरावट से पैदा हुई हताशा में उठाया। जिस समय ये निर्णय लिया गया, पाकिस्तान के विदेशी मुद्रा भंडार में महज तीन बिलियन डॉलर रह गए थे। अधिकारी ने कहा- 'इसके पीछे मुख्य उद्देश्य अफगानिस्तान और ईरान से व्यापार बढ़ाना था।'

विश्लेषकों के मुताबिक अफगानिस्तान खुद गहरे वित्तीय संकट में है। इस कारण निर्यात से विदेशी मुद्रा हासिल करने के लिए वह भी बेसब्र है। ऐसे में पाकिस्तान की जरूरत को पूरा करने के लिए बार्टर सिस्टम अपनाने में उसकी कोई दिलचस्पी नहीं है। अफगानिस्तान के लिए तमाम विदेशी सहायता पर अमेरिका ने प्रतिबंध लगा रखा है।

वैसे ऊपरी तौर पर तीनों देश पाकिस्तान के साथ बार्टर सिस्टम के तहत कारोबार करने पर सहमति जता चुके हैं। इस्लामाबाद स्थित थिंक टैंक सस्टेनेबल डेवलपमेंट पॉलिसी इंस्टीट्यूट के प्रमुख आबिद कयूम सुलेरी ने बताया- 'तीनों देश इसके लिए सहमत हैं, क्योंकि उनके सामने भी बैंकिंग सिस्टम संबंधी अपनी समस्याएं हैं।'

## इमरान के विश्वासपात्र रहे अवन चौधरी ने PTI को भंग करने की मांग की, पाक सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर

**ल्वीव।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के एक पूर्व विश्वासपात्र ने सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर कर नौ मई को हुई अभूतपूर्व हिंसा में उनकी कथित भूमिका का हवाला देते हुए पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी को भंग करने की मांग की है। अवन चौधरी अब नवगठित इस्तेहकाम-ए-पाकिस्तान पार्टी (आईपीपी) का हिस्सा हैं। गुरुवार को दायर संवैधानिक याचिका में खान, पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के चेयरमैन के साथ-साथ पीटीआई अध्यक्ष परवेज इलाही को प्रतिवादी के रूप में नामित किया गया है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ, रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ के साथ ही कानून और आंतरिक मंत्रालय सहित अन्य को भी याचिका में प्रतिवादी बनाया गया है।चौधरी ने तर्क दिया कि पीटीआई चेयरमैन देश के संस्थानों, न्यायपालिका, सैन्य और नागरिक प्रतिष्ठानों पर हमलों में शामिल थे।